ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● चैत्र शुक्ल पक्ष 11 ● विक्रम संवत 2080 ● शनिवार, 01 अप्रैल 2023 ● वर्ष-24 ● अंक-59 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50

एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में टाइपकास्ट होने की बात...

पेज 12 पर



## गरीबी किसी की पढ़ाई में ना बने बाधा : सीएम

### मुख्यमंत्री के आदेश के बाद पढ़ाई के लिए मदद पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश के बाद बोकारो के गोमिया स्थित बड़की पुन्नू निवासी अंकित कुमार को मैट्रिक के बाद की पढ़ाई के लिए मदद पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही उसके परिजनों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से भी आच्छादित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री को बोकारो उपायुक्त ने बताया कि अंकित कुमार एवं उसके परिजनों से संपर्क कर लिया गया है। अंकित के उज्ज्वल भविष्य को लेकर जिला प्रशासन सजग है। सभी कल्याणकारी योजनाओं से अंकित के परिजनों को अच्छादित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**क्या है मामला**

**दरअसल,** मुख्यमंत्री को जानकारी मिली थी कि बोकारो निवासी अंकित कुमार ने मैट्रिक परीक्षा 2022 में करीब 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने की वजह से वह आगे की पढ़ाई करने में असमर्थ है। अंकित के पिता शारीरिक रूप से कमजोर हैं और मजदूरी करने वाली मां का वाहन दुर्घटना में हाथ -पैर टूट गया है, जिससे पूरे परिवार को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रह है। उपरोक्त मामले कि जानकारी के बाद मुख्यमंत्री ने उपायुक्त बोकारो को मामले की जांच कर अंकित की पढ़ाई के लिए हरसंभव सरकारी सहायता पहुंचाने एवं अंकित के परिवार को जरूरी सभी योजनाओं से जोड़ते हुए भी सूचित करने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पढ़ाई में गरीबी बाधा न बने, इसके लिए सरकार हर स्तर पर कई योजनाएं लेकर आई है।



*मां दुर्गा की विदाई के साथ ही चैती दुर्गा पूजा शुक्रवार को सम्पन्न हो गया। भक्तों ने विधि-विधान से मां दुर्गा को अंतिम विदाई दी। इस दौरान विसर्जन जुलूस में बड़ी संख्याओं में महिला ने भी हिस्सा लिया।*

## NEWS इन ब्रीफ

### अब आईजी रैंक के अधिकारी भी हो सकेंगे एसीबी प्रमुख

**रांची।** झारखंड में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) में प्रमुख के पद पर अब आईजी रैंक के अधिकारी की तैनाती हो सकेगी। राज्य सरकार के 2016 के संकल्प के अनुसार एसीबी में डीजी या एडीजी रैंक के अधिकारी ही प्रमुख हो सकते थे, लेकिन राज्य सरकार के मंत्रिमंडल व निगरानी विभाग के प्रधान सचिव वंदना दाडेल ने नया संकल्प जारी किया है, जिसके मुताबिक एसीबी में अगर डीजी या एडीजी रैंक के अफसर पदस्थापित नहीं होंगे तब आईजी रैंक के अधिकारी ही एसीबी प्रमुख होंगे।

### आज भी कुछ स्थानों पर बारिश के आसार


**रांची।** राज्य में पिछले 24 घंटे के दौरान कुछ स्थानों पर हल्के दर्जे की बारिश हुई है जबकि एक-दो जगहों पर ओलावृष्टि भी देखी गयी। आज भी कुछ स्थानों पर हल्के से माध्यम दर्जे की बारिश के आसार हैं। कुछ जगहों पर तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकतीं हैं। साथ ही वज्रपात की भी आशंका है। इसे लेकर मौसम विज्ञान केंद्र ने येलो अलर्ट जारी किया है। कल से आसमान के मुख्यतः साफ रहने और मौसम के शुष्क बने रहने का पूर्वानुमान है। तापमान में भी कुछ इजाफा हो सकता है।

### दोगुनी रफ्तार से बढ़ा कोरोना

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण दोगुना रफ्तार से बढ़ रहा है। बीते एक सप्ताह के दौरान रोजाना संक्रमित मिलने वाले रोगियों की संख्या अब दोगुना तक पहुंच गई है। देश में शुक्रवार के कोरोना के 3,095 संक्रमितों की पहचान की गई। यह लगातार दूसरा दिन है, जब एक दिन में सामने आए नए मामलों का आंकड़ा तीन हजार के पार पहुंचा है। बीते 24 घंटे में देश में कोरोना की वजह से पांच लोगों की मौत भी हुई है।

### अप्रैल महीने में 11 दिन बंद रहेंगे बैंक

**रांची।** झारखंड में अप्रैल महीने में बैंक 11 दिन बंद रहेंगे। इसमें रविवार और शनिवार की छुट्टी के साथ सार्वजनिक छुट्टी भी शामिल है। एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक 11 दिन बैंक बंद रहेंगे। बैंक अवकाश कैलेंडर के आधार पर एक अप्रैल को ईयरली क्लोजिंग बैंक अकाउंट होता है। चार अप्रैल को महावीर जयंती को लेकर सार्वजनिक छुट्टी के अलावा महीने में कई और छुट्टी है, जिसकी वजह से बैंक बंद रहेंगे।




## 2801 करोड़ पारित

### आरएमसी की बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए बजट

**वर्ष 2023-24 में रांची नगर निगम में विभिन्न मदों से 284.53 करोड़ आय का रखा गया है लक्ष्य**

**शहरी विकास के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत 1662.72 करोड़ रुपये प्राप्त होने का लक्ष्य**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची नगर निगम परिषद की बैठक में शुक्रवार को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 2801 करोड़ रुपये का बजट पारित किया गया। मेयर डॉ. आशा लकड़ा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में रांची नगर निगम में विभिन्न मदों से 284.53 करोड़ रुपये आय का लक्ष्य रखा गया है। कर से 108.23 करोड़, निगम संपत्ति से किराया, शुल्क एवं उपयोगिता कर से 106.56 करोड़, बिक्री एवं किराया से 3.06 करोड़, राजस्व अनुदान एवं अंशदान से 50.75 करोड़, बैंक एवं इन्वेस्टमेंट से ब्याज 4.63 करोड़, निबंधन शुल्क या इसके क्षतिपूर्ति के लिए सरकारी सहायता से 6.06 करोड़ व अन्य मद से प्राप्तियों का लक्ष्य 4.63 करोड़ रुपये रखा गया है।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में शहरी विकास के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत केंद्र व राज्य सरकार से कुल 1662.72 करोड़ रुपये प्राप्त होने व इसके विरुद्ध 1660.21 करोड़ खर्च करने का लक्ष्य रखा गया है। मेयर ने बताया कि राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत शहरी गरीबों के विकास व उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र प्रायोजित योजना के तहत व्यक्तिगत ऋण, समूह ऋण, कौशल विकास, प्रशिक्षण कार्यक्रम व शहरी गरीबों को संगठित करने के लिए सामुदायिक संरचना का निर्माण करना है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस योजना के लिए बजट में 92.61 करोड़ का प्रावधान किया गया है। साथ ही निगम के आय में वृद्धि के लिए बांड के माध्यम से 200 करोड़ रुपये प्राप्त करने का उद्देश्य है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में शहरी गरीबों के विकास के लिए नगर निगम के अपने स्रोतों से अनुमानित आय का 25 प्रतिशत राशि अर्थात 57.29 करोड़ रुपये खर्च किया जाना है। इस राशि से जिन मोहल्लों में विकास कार्य होगा, उसके लिए समेकित योजना तैयार की जाएगी। रांची नगर निगम का प्रयास होगा कि उन मोहल्लों में इलेक्ट्रिक पोलों पर एलईडी लैंप लगाए जाएं। नाली, पथ, शिक्षा व्यवस्था, जलापूर्ति, सामुदायिक भवन व सार्वजनिक शौचालय का निर्माण हो।

इसके अलावा बजट में नाली निर्माण के लिए 74.11 करोड़, पथ निर्माण के लिए 149.67 करोड़ व 15वें वित्त आयोग से ली जाने वाली योजनाओं के लिए 110 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। 15वें वित्त आयोग से 110 करोड़ रुपये प्राप्त होने की संभावना है। इस राशि से ठोस अपशिष्ट के प्रबंधन व शहरी जलापूर्ति के लिए विभिन्न योजनाएं ली जाएंगी। साथ ही फॉगिंग मशीन क्रय करने के लिए बजट में 2.59 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### वाणिज्य कर विभाग ने 2022-23 में निर्धारित लक्ष्य से अधिक वसूली की : डॉ. रामेश्वर उरांव

**18,500 करोड़ के विरुद्ध 2500 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा कि वाणिज्य कर विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में अपने निर्धारित लक्ष्य 18,500 करोड़ के विरुद्ध 2500 करोड़ रुपये अधिक की वसूली कर ली है। वे शुक्रवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वाणिज्य कर विभाग ने निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध लगभग 114 प्रतिशत की प्राप्ति है। जीएसटी कर प्रणाली के लागू होने के पश्चात मात्र पांच वर्षों तक ही केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकारों को कंपनसेशन का भुगतान किया जाना था जो अवधि चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम त्रैमास में ही समाप्त हो गया। एक जुलाई 2022 से केंद्र सरकार की ओर से राज्य सरकारों को कंपनसेशन का भुगतान बंद कर दिया गया है, फिर भी वाणिज्य कर विभाग में यह उपलब्धि हासिल की है। उल्लेखनीय है कि विगत वित्तीय वर्ष में केंद्र सरकार के कंपनसेशन की राशि को अलग करने के बाद वित्तीय वर्ष 2020-21 में प्राप्त 15741 करोड़ की तुलना में चालू वित्त वर्ष में 18941 करोड़ हुई है, जो लगभग 3200 करोड़ रुपये अधिक की प्राप्ति हुई है। वाणिज्य कर विभाग द्वारा विगत वर्ष 2021-22 में प्राप्त राजस्व संग्रहण की तुलना में। वित्त मंत्री ने कहा कि वाणिज्य कर विभाग की ओर से कंपनसेशन की कमी को पूरा करने के लिए कुछ नया कदम उठाया गया, जिसके प्रतिफल के रूप में राजस्व संग्रहण में अत्यधिक वृद्धि हुई।

## सरकारी कार्यालयों में आज से लगेगी बायोमेट्रिक हाजिरी

**रांची।** झारखंड सचिवालय सहित सभी सरकारी कार्यालयों तीन साल के बाद फिर से शनिवार को बायोमेट्रिक हाजिरी शुरू होगी। कार्मिक विभाग ने इसको लेकर सभी को पत्र लिख कर निर्देश दिया है। रोना के कारण 11 मार्च, 2020 से एहतियातन बायोमेट्रिक प्रणाली में ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था को अस्थाई तौर पर अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया गया था। इस अवधि में सभी सरकारी कर्मियों की ओर से पूर्व की व्यवस्था के तहत उपस्थिति पंजी में मैनुअल उपस्थिति दर्ज किया जाना अनिवार्य किया गया है। 10 फरवरी को स्वास्थ्य विभाग ने राज में कोविड-19 का संक्रमण नगण्य होने के संबंधित रिपोर्ट देने के बाद बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली में ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने की निर्धारित प्रक्रिया प्रारंभ करने का मंतव्य दिया है। सरकार ने सम्यक विचार करने के बाद आधार आधारित बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली एक अप्रैल से फिर से प्रारंभ करने का फैसला लिया है।

## नक्सलियों ने चाईबासा में लूटा विस्फोटकों का जखीरा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के पश्चिम सिंहभूम (चाईबासा) जिले में विस्फोटक पदार्थों की बड़ी लूट हुई है। भाकपा माओवादी संगठन के नक्सलियों ने माइनिंग कार्य के लिए विस्फोटकों की सप्लाई करने वाली कंपनी के मैगजीन पर बीती रात धावा बोलकर इस घटना को अंजाम दिया। बताया गया कि एक सौ से भी ज्यादा हथियारबंद नक्सलियों ने देर रात बड़ाजामदा थाना के परमबालजोड़ी गांव के पास जंगल में स्थित डीके घोष कंपनी के मैगजीन पर हमला किया।

यहां सुरक्षा में तैनात प्राइवेट गार्डस को हथियारों का भय दिखाकर कब्जे में ले लिया और इसके बाद वहां रखे गए पांच हजार से अधिक डेटोनेटर, सैकड़ों इलेक्ट्रिकल डेटोनेटर और सैकड़ों मीटर कोडेक्स वायर लूट लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद नक्सलियों ने सड़क पर कई पर्चे छोड़ रखे हैं। पर्चे में लिखा है- सावधान, तुरंत यहीं रुक जाएं, आगे रोड पर बारूदी सुरंग लगा हुआ है, कोई भी ग्रामीण आगे नहीं बढ़ें, वापस यहीं से चले जाएं। इन पर्चों से इलाके में दहशत है। जिन सड़कों में पर्चे हैं, वहां आवागमन ठप है।

गुरुवार को पुलिस बलों की तैनाती रामनवमी की शोभायात्राओं में सुरक्षा व्यवस्था के लिए की गई थी। नक्सलियों ने इसका फायदा उठाते हुए विस्फोटकों की लूट की घटना को अंजाम दिया।

**नक्सलियों की गिरफ्तारी के छापेमारी शुरू**

**नक्सलियों** ने बड़ाजामदा ओपी थाना क्षेत्र के परमबाल जोड़ी गांव के जंगल जाने वाले रास्ते पर एक लाल रंग का कपड़ा लपेट कर एक बॉक्स सड़क पर छोड़ दिया है। जिस स्थान से लूट हुई है, वहां विस्फोटकों के खाली कार्टून बड़ी संख्या में बिखरे पड़े हैं। चाईबासा के एसपी आशुतोष शेखर ने विस्फोटकों की लूट की घटना की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई है। नक्सलियों की गिरफ्तारी और विस्फोटकों की बरामदगी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी भी शुरू की गई है।

**लापरवाही ○ रांची पुलिस का कारनामा**

## हत्या के आरोपी को छोड़ हमनाम को भेजा जेल

**नगड़ी पुलिस पर निर्दोष सूरज कुमार सोनी को जेल भेजने का आरोप**

**सीआईडी के संज्ञान में आने के बाद जांच के आदेश**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में हत्या के मुख्य आरोपी को छोड़ उसी नाम के दूसरे युवक को जेल भेजने का मामला सामने आया है। आरोपी है कि युवक ने मुख्य आरोपी को जेल भेजने के बजाय सूरज कुमार सोनी नाम के दूसरे युवक को जेल भेज दिया। सूरज बीते 17 माह से रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद है। सूरज की रिहाई के लिए उसकी मां मीरा देवी ने सीआईडी मुख्यालय जाकर डीजी अनुराग गुप्ता से मुलाकात की। जिसके बाद सीआईडी मुख्यालय से इस मामले में जांच के आदेश जारी किए गए हैं। एसपी संध्या रानी मेहता को निर्देश दिया गया है कि पूरे मामले को देखें, साथ ही इस मामले में रांची क्राइम ब्रांच टीम को जांच का आदेश दिया गया है।

**कोर्ट में भी पक्ष में आए तथ्य :** मीरा देवी ने सीआईडी को दिए आवेदन में बताया है कि घटना की सूचन यानि मृतक के भाई, मौजूदा प्रत्यक्षदर्शी, आयोजनकर्ता समेत छह लोगों की गवाही कोर्ट में हो चुकी है, जिसमें से प्रत्येक ने कोर्ट को बताया है कि ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

**क्या है मामला**

**जानकारी** के मुताबिक, 9 सितम्बर 2021 को नगड़ी में बिरसा महतो के यहां तीज पूजा का कार्यक्रम था। कार्यक्रम में विमल व सूरज कुमार सोनी उर्फ कल्लू के बीच विवाद हो गया था। तब सूरज अपने दोस्त प्रिंस सोनी के साथ मिलकर विमल को ऑटो में बैठाकर कहीं ले गया। अगले दिन विमल महतो का शव लावारिश अवस्था में पिस्का रेलवे स्टेशन के समीप बरामद किया गया। मृतक के भाई बरजू महतो के बयान पर पुलिस ने तब सूरज व प्रिंस के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। लेकिन नगड़ी पुलिस ने 12 सितम्बर 2021 को प्राथमिक अभियुक्त सूरज कुमार सोनी को गिरफ्तार करने के बजाय पिस्का के गोसाईंटोला में रहने वाले सूरज कुमार सोनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

**शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई**

**सूरज** कुमार सोनी की मां मीरा देवी का आरोप है कि पूरे मामले में उन्होंने तत्कालीन एसएसपी सुरेंद्र कुमार झा से लेकर डीजीपी तक शिकायत की, लेकिन किसी ने इस मामले में कार्रवाई नहीं की। वर्तमान में मामला अदालत में विचाराधीन है।

**कसा शिकंजा** पंकज मिश्रा के कुनबे पर ईडी की कार्रवाई

## दाहु और सुनील की संपत्ति होगी कुर्क

**मोबाइल पर पंकज मिश्रा से बात करवाने वाले चंदन यादव व सूरज पंडित के खिलाफ वारंट**




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में एक हजार करोड़ के अवैध खनन के मास्टरमाइंड पंकज मिश्रा के सहयोगियों पर ईडी का शिकंजा पूरी तरह कस गया है। शुक्रवार को ईडी ने पंकज मिश्रा के दाहिना हाथ माने वाले जाने हिस्ट्रीशीटर दाहू यादव और उसके भाई की सुनील यादव की संपत्ति कुर्क करने के लिए कुर्की वारंट जारी किया है।

एक दर्जन से अधिक समन के बाद भी दोनों आरोपी ईडी के समक्ष हाजिर नहीं हुए थे, तब पूर्व में उनके खिलाफ वारंट व इश्तेहार की कार्रवाई की गई थी। गिरफ्तारी नहीं होने पर ईडी ने कोर्ट से कुर्की वारंट लिया है। साहिबगंज पुलिस को कुर्की वारंट का तामिला कराना होगा। दाहू यादव आखिरी बार 18 जुलाई को ईडी के समक्ष उपस्थित हुआ था, लेकिन पंकज मिश्रा की गिरफ्तारी के बाद एजेंसी जब उसे आमने-सामने बैठाकर पूछताछ करना चाहती थी, तब वह फरार हो गया। शुरूआती दिनों में उसने परिजनों की बीमारी का बहाना बनाकर वक्त की ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### चिटफंड घोटाले के चार केस सीबीआई को ट्रांसफर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में चिटफंड घोटाले के चार नए केस सीबीआई के इकोनॉमिक आफेंस विंग (ईओडब्लू) में दर्ज किए गए हैं। राज्य में 20 हजार करोड़ से अधिक के चिटफंड घोटाले में सीबीआई ने अबतक तकरीबन 130 केस दर्ज किए हैं। राज्य पुलिस के द्वारा रांची में अनुसंधानरत दो, साहिबगंज व धनबाद के एक एक केस का अनुसंधान सीबीआई ने शुरू कर दिया है। झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर राज्य में दर्ज सारे चिटफंड केस की जांच सीबीआई से करानी है, ऐसे में राज्य पुलिस की अनुशंसा पर सारे केस सीबीआई को ट्रांसफर किए गए हैं।

**कौन-कौन सा केस हुआ टेकओवर**

- साहिबगंज केस नंबर 250/15 साहिबगंज के टाउन थाना में 19 अगस्त को दर्ज किया गया था।
- धनबाद के बैंक मोड़ थाना का केस नंबर 143/16 को सीबीआई ने टेकओवर किया है।
- रांची के डोरंडा थाने के केस 263/15 को सीबीआई ने टेकओवर किया है।
- रांची के लालपुर थाना में दर्ज केस 127/17 को सीबीआई ने टेकओवर किया है।

## गुजरात : हाईकोर्ट ने रद्द किया पीएम मोदी की डिग्री दिखाने का आदेश

**केजरीवाल पर 25 हजार का जुर्माना**

**एजेंसी। अहमदाबाद**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री पर सवाल उठाने वाले दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को तगड़ा झटका लगा है। सीएम केजरीवाल ने पीएम मोदी की एमए की डिग्री सार्वजनिक करने की मांग की थी। इसे गुजरात हाई कोर्ट ने तुच्छ और भ्रामक याचिका करार देते हुए आप संयोजक पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। वहीं, गुजरात हाईकोर्ट के आदेश के बाद सीएम केजरीवाल की प्रतिक्रिया आई है। केजरीवाल ने ट्वीट करते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की और कहाः क्या देश को यह जानने का भी अधिकार नहीं है कि उनके पीएम कितना पढ़े-लिखे हैं? कोर्ट में इन्होंने डिग्री दिखाए जाने का जबरदस्त विरोध किया। क्यों? और उनकी डिग्री देखने की मांग करने वालों पर जुर्माना लगा दिया जायेगा? ये क्या हो रहा है? अनपढ़ या कम पढ़े लिखे पीएम देश के लिए बेहद खतरनाक हैं।

गुजरात हाईकोर्ट ने केंद्रीय सूचना आयोग के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें गुजरात यूनिवर्सिटी को दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को पीएम मोदी की डिग्री के बारे में जानकारी देने का निर्देश दिया गया था। गुजरात हाईकोर्ट का फैसला ऐसे समय आया, जब दिल्ली के सीएम एक बार फिर पीएम मोदी की योग्यता पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है। हाल ही में पीएम मोदी को लेकर केजरीवाल ने बयान दिया था कि वह केवल 12वीं पास हैं।

# सीबीएसई से प्लस टू तक की मिली मान्यता




**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो के बिनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली, (सीबीएसई) से प्लास टू तक की तीनो संकाय साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स की मान्यता मिल गई है। यह जानकारी विद्यालय के निदेशक कैलाश कुमार ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने कहा की यह बेड़ो क्षेत्र के लिए गर्व की बात है अब बच्चों की बारहवीं तक की पढ़ाई स्कूल में ही होगी अब उन्हें पढ़ाई के लिए के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। स्कूल में प्लास टू के तीनो संकाय साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स में नामांकन और उनकी सभी कक्षाएं पूर्ण रूप से संचालित होगी। साथ ही साथ छात्रों को आईआईटी, जेईई, एनईईटी, की पूर्ण तैयारी अनुभवी शिक्षकों के द्वारा कराई जाएगी। उन्होंने बतलाया की डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल की स्थापना 2016 में ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक एवं बेहतर शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से खोला गया था। विगत सात वर्षों में स्कूल ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर रही है। और क्षेत्र में एक अलग पहचान बना ली है। स्कूल में अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब, बड़ी और पांच हजार से अधिक पुस्तकों की लाइब्रेरी,फिजिक्स लैब, केमेस्ट्री लैब, बायोलॉजी लैब, कंपोजित लैब, मैथ लैब, स्मार्ट कलास, खेलकूद की सभी सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा की इतने कम समय में ही स्कूल इस ऊंचाई तक पहुंच गया है यह शिक्षा के प्रति दृढ़ संकल्प और शिक्षकों की कड़ी मेहनत अभिभावकों एवं बच्चों के विश्वास और सहयोग के कारण ही हो पाया है। सीबीएसई की मान्यता प्राप्त करने में बहुत सी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा लेकिन स्कूल सभी बाधाओं को पार करते हुए सीबीएसई की सभी मानदंड को पूरा किया और अंततः स्कूल को प्लस टू तक की मान्यता मिल गई। आगे और भी नईं ऊंचाइयों को छूना है निरंतर आगे बढ़ते रहना है और स्कूल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी वो सभी सुविधाएँ देना है जो बड़े सहरों के बच्चों को मिलती है ताकि वे भी जमाने के साथ कन्धा से कन्धा मिलकर चल सकें नई ऊंचाइयों तक पहुंचें । और वे देश और दुनिया में अपने क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन कर सकें। मौके पर स्कूल के संस्थापक विष्णु महतो, सचिव श्रवण महतो, प्रधानाध्यापक कौशिक गोस्वामी, शिक्षक रवि सिंह, हेमंत कुमार, नितेश कुमार, प्रियंका सिंह, आरती कुमारी, अनीता कुमारी, सावित्री देवी, ज्योति धीर, संदीप सिंह, निर्मला लकड़ा, सविता कुमारी, शिवानी कुमारी सोमा सरकार, तारा देवी, परिस्का, सीमा, अंजू एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अभिभावक मौजूद थे।

# तीन दिवसीय रामायण पाठ का कलश विजर्सन के साथ समाप्त



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
सिल्ली प्रखंड अंतर्गत पिसका पंचायत के निमुआ (राजा गोड़ा) में तीन दिवसीय रामायण पाठ का समापन कलश विसर्जन के साथ संपन्न हुआ। कलश विसर्जन में महिलाएं तथा पुरुष और बच्चे जय जयकारा लगाते हुए कलश विसर्जन के लिए नदी तक पहुंचे। कलश विसर्जन के बाद प्रसाद का वितरण तथा भंडारा में खिचड़ी महाभोग का भी वितरण किया गया जिसमें सभी ग्राम वासियों ने खिचड़ी का आनंद उठाया। इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन ठाकुर दास महतो एवं कलावती देवी ने किया। पंडित गोपाल शास्त्री के द्वारा पूजा एवं हवन करवाया गया। संजना कुमारी, दशरथ महतो तथा परशुराम महतो के द्वारा रामायण पाठ तथा प्रवचन दिया गया। प्रवचन कताओं ने कहां की रामायण पाठ को सुनने से सारे पाप धुल जाते हैं तथा मोक्ष प्राप्ति भी होती है। इस पूरे कार्यक्रम में व्यवस्थापक के रूप में सुभाष महतो का काफी सराहनीय योगदान रहा। इस मौके पर दुर्गा महतो, विदुर महतो, डॉ संजीत महतो, धीरेंद्र महतो, धर्मनाथ महतो समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# रामनवमी सौहार्द का संदेश देता है : राजेश



**नवीन मेल संवाददाता। नामकुम**
नामकुम में श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति नामकुम बाजार द्वारा बाजार मैदान में अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह व अखड़ा अध्यक्ष अनिल वर्मा के नेतृत्व में झण्डा मिलन समारोह, अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता सह झांकि प्रदर्शन का अयोजन किया गया। समारोह में आसपास के विभिन्न जगहों से सोलह आखाडा व झांकियां शमिल हुई। इस झांकियां विशेष कर महिलाएं भगवा रंग वस्त्र में पहुंची थी। वहीं छोटे-छोटे बच्चे व युवा राम, सीता लक्ष्मण, हनुमान और वानर सेनाए भूत बैताल आदि की झांकियो के साथ शामिल हुए। वहीं दूसरी ओर विभिन्न अखाड़ों में महिलाओं के लड़कियों में अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शन कर आर्कषण का केद्र रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि में खिजरी विधायक राजेश कच्छप, विशिष्ठ अतिथि में रामधनी सिंह, माता सीता लकड़ा, निदेशक अभिजित कर, पूर्व डीजी आईपीएस बीबी प्रधान, पूर्व अपर समाहर्ता बद्रीनाथ चैबे, वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह, कर्नल शशि भूषण, जिप सदस्य विपिन टोप्पो, रामअवतार केरकेट्टा, थाना प्रभारी सुनील तिवारी, ओपी प्रभारी सुखदेव साहा, विविन टोप्पो, अनिता तिर्की शामिल हुए। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि रामनवमी हमें मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के जीवन से प्रेरणा लेकर आपसी प्रेम और सौहार्द को बढ़ाने का संदेश देता है। मिलजुल कर शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की बात कही।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि श्री महावीर मंडल नामकुम बाजार विगत 45 वर्षों का इतिहास रहा है, उक्त मैदान में विगत वर्षो से धूमधाम के साथ रामनवमी पर मनाते आ रही है। इस पर को नामकुम के विभिन्न गांव से झांकियां व अखाड़ा निकालते आ रही है। जिसमें सदाबहारचौक से निरंजन नाथ शहदेव, बरगवां से शंकर पांडे,सिदरौल से शंकर सिंह,करमटोली से महावीर नायक, कुम्हार टोली से भूषण महतो,तेतरी से बबलू सिंह,बढ़ाम से अलियन टोप्पो,जोरार से ज्ञानी मुंडा, रंजीत व संतोष के नेतृत्व में निकालते आ रही है।

# बनो बनाओ मंच ने शरबत चना का किया वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। नामकुम**
नामकुम सदा बजार चैक स्थित बनो और बनाओ मंच कि ओर से ओर से शोभायात्रा में शामिल लोगों को चना गुड़ और शरबत वितरण किया गया। मौके पर मंच का संचालन संस्थापक रमाधार सिंह ने किया। अखिलेश यादव, अशोक यादव, जिप सदस्य रामअवतार केरकेट्टा, मनोज ठाकुर, रंजीत पात्रा, श्रीकांत सिंह, राम किशुन सिंह महतो, शैलेन्द्र ठाकुर, मसद प्रसाद, बिहार साहु, अरूण यादव, अरूण राम व नितेश चेलानी सहित अन्य लोग शामिल थे।

# जमशेदपुर में मिला कोरोना संक्रमित मरीज, लोगों में हड़कंप

पूर्वी सिंहभूम। जिले के मानगो इलाके का रहने वाला 30 वर्षीय युवक कोरोना संक्रमित पाया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि पुराने संक्रमितों को ज्यादा संयमित रहने की जरूरत है। क्योंकि, ज्यादातर मामलों में पुराने मरीजों में वही पुराने लक्षण सामने आ रहे हैं, जिससे खतरा बढ़ रहा है। बढ़ते मामले को देखते हुए ज्यादा सतर्कता बरतने की अपील की गयी है। इस नये आंकड़े के साथ ही जिले में कोरोना संक्रमण के मरीजों की संख्या 12 पहुंच गयी है। इन सभी का इलाज टाटा मोटर्स अस्पताल में ही चल रहा है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।**
rdsdgumla123@gmail.com

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 669 दिनांक 27.03.2023 द्वारा ई0–टेंडरिंग अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– RDD/SD/GUMLA/47/2022-23 जिसका पी०आर०(PR)सं०–293749 Rural Development (2022-23)_D है, में भूलवश वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि 12.04.2016 अंकित हो गया था, जिसके स्थान पर 12.04.2023 पढ़ा जाय। शेष नियम यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
गुमला।

PR 294110 (Rural Development) 22-23 (D)



**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग**
**मुख्य अभियंता का कार्यालय**
**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची**

पत्रांक–  दिनांक–

**आमंत्रित निविदा रद्द संबंधी सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला के निविदा आमंत्रण संख्या– **224/2022-23/RWD/GUMLA,** दिनांक– **06.01.2023**, **PR NO.-286889** द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या– **RWD/GUMLA/11/2022-23** की निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
PR 294006 Rural Work Department (22-23)_D ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल



**कार्यालय जिला अभियंता जिला परिषद, गुमला**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या 45/2022–23**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :–दिनांक 08/04/2023 एवं 10/04/2023(अपराह्न 2.00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 11/04/2023. को (अपराह्न 1.00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 11/04/2023 को अपराह्न 2.00 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. कार्यालय जिला परिषद, गुमला। 2. सहायक अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, गुमला।
7. कार्य का विस्तृत विवरणी मदवार :– DMFT मद

**कार्य की विवरणी**

| क0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | विज्ञान केन्द्र के बगल में अवस्थित केन्द्रीय पुस्तकालय की भूमि पर बालिका पुस्तकालय भवन का प्रथम तल्ला का निर्माण कार्य। | गुमला | 5657926.00 | 10000.00 | 113200.00 | 6 माह |

1 भवन निर्माण विभाग झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी के अधीन गुमला जिले के निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेंगे
2 निविदा की अन्य शर्त्ते कार्यालय जिला परिषद ,गुमला के सूचना पट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।
3 परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अकिंत राशि के अनुसार आवेदन के साथ **बैंक ड्राफ्ट** के रूप में सचिव, जिला परिषद, गुमला के पदनाम से होगा एवं अदायगी पर (जो लौटाया नहीं जायेगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के **बैंक से बैंक ड्राफ्ट ही बना हुआ ही मान्य होगा** एंव **बैंक ड्राफ्ट की वैधता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।**
4. प्राक्कलन की राशि घट या बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि घट या बढ़ सकती है।
5. जिन संवेदकों के द्वारा पुर्व में लिए गये कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है वैसे संवेदकों को परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री के साथ 2% अग्रधन की राशि का देना आवश्यक होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
7. निविदा मे 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर प्राक्कलित राशि के अतिरिक्त अग्रधन राशि का डाकघर पासबुक या बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। जो निम्न है
   (1) 10 से 20 प्रतिशत कम दर तक की राशि पर परिमाण विपत्र का 20% तथा
   (2) 20 प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि पर परिमाण विपत्र का 30% अतिरिक्त जमानत की राशि देय होगा।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, गुमला।
PR 294129 (Rural Development) 22-23 (D)


# मानहानि मुकदमे में विधायक सरयू राय ने दर्ज कराया अपना बयान



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने चाईबासा व्यवहार न्यायालय में सिदगोड़ा निवासी भूपेन्द्र सिंह और टेल्को, ग्वाला बस्ती निवासी राकेश सिंह के विरूद्ध दर्ज किए गये मानहानी के मुकदमे में शुक्रवार को अपना बयान न्यायिक दंडाधिकारी ऋषि कुमार के समक्ष कलमबद्ध कराया। विधायक सरयू राय का बयान अधिवक्ता अनिंदा मिश्रा और सौरभ सिन्हा की मौजुदगी में दर्ज किया गया। ज्ञातव्य है कि भूपेन्द्र सिंह एवं राकेश सिंह द्वारा अपने फेसबुक अकाउंट से पोस्ट कर विधायक की ईमानदारी पर सवाल उठाते हुए दावा किया था कि राय ने 2015-19 के दौरान झारखंड सरकार में खाद्य आपूर्ति विभाग के मंत्री रहते भ्रष्टाचार कर उससे अर्जित धन से आलीशान मकान बनवाया है। इससे क्षुब्ध होकर राय ने राकेश सिंह और भूपेन्द्र सिंह को अपने अधिवक्ता के माध्यम से नोटिस जारी करते हुए या तो अपनी बात को साबित करने या सात दिनों में फेसबुक से पोस्ट हटाकर लिखित रूप से माफी मांगने का समय दिया था। परंतु भूपेन्द्र सिंह एवं राकेश सिंह के द्वारा न तो फेसबुक से पोस्ट हटाया गया और न ही कोई लिखित माफी मांगी गयी। उन दोनों ने समाचार पत्रों के माध्यम से अनाप-शनाप बयान जारी किया गया था जिसके उपरांत राय ने न्यायालय में अपनी शिकायत दाखिल की थी जो जनप्रतिनिधियों हेतु विशेष न्यायालय ऋषि कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी, चाईबासा के न्यायालय में हस्तांतरित कर दिया गया था।


**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग**
**मुख्य अभियंता का कार्यालय**
**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची**

पत्रांक–  दिनांक–

**आमंत्रित निविदा रद्द संबंधी सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला के निविदा आमंत्रण संख्या– **125/2022-23/RWD/GUMLA,** दिनांक– **28.11.2022**, **PR NO.-283723** द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या– **RWD/GUMLA/05/2022-23** की निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
PR 294002 Rural Work Department (22-23)_D ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल



**कार्यालय जिला अभियंता जिला परिषद, गुमला**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या 46/2022–23**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 11/04/2023 एवं 12/04/2023(अपराह्न 2.00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 13/04/2023. को (अपराह्न 1.00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 13/04/2023 को अपराह्न 2.00 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. कार्यालय जिला परिषद, गुमला। 2. सहायक अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, गुमला।
7. कार्य का विस्तृत विवरणी मदवार :– DMFT/SCA मद

**कार्य की विवरणी**

| क0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Construction of Boundary Wall Laying Paver Block At-District Girls Library Campus Gumla | गुमला | 2223000.00 | 5000.00 | 44500.00 | 3 माह |
| 2 | Construction of Pathway and Laying Paver Block, At-Mahatma Gandhi Park Campus, Block-Gumla, District-Gumla | गुमला | 2329500.00 | 5000.00 | 46600.00 | 3 माह |

1 भवन निर्माण विभाग झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी के अधीन गुमला जिले के निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेंगे
2 निविदा की अन्य शर्त्ते कार्यालय जिला परिषद ,गुमला के सूचना पट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।
3 परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अकिंत राशि के अनुसार आवेदन के साथ **बैंक ड्राफ्ट** के रूप में सचिव, जिला परिषद, गुमला के पदनाम से होगा एवं अदायगी पर (जो लौटाया नहीं जायेगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के **बैंक से बैंक ड्राफ्ट ही बना हुआ ही मान्य होगा** एंव **बैंक ड्राफ्ट की वैधता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।**
4. प्राक्कलन की राशि घट या बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि घट या बढ़ सकती है।
5. जिन संवेदकों के द्वारा पुर्व में लिए गये कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है वैसे संवेदकों को परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री के साथ 2% अग्रधन की राशि का देना आवश्यक होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
7. निविदा मे 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर प्राक्कलित राशि के अतिरिक्त अग्रधन राशि का डाकघर पासबुक या बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। जो निम्न है
   (1) 10 से 20 प्रतिशत कम दर तक की राशि पर परिमाण विपत्र का 20% तथा
   (2) 20 प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि पर परिमाण विपत्र का 30% अतिरिक्त जमानत की राशि देय होगा।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, गुमला
PR 294133 Rural Development(22-23)#D


## जिला परिवहन कार्यालय, रांची की बड़ी उपलब्धि

# 32 वाहनों से वसूला गया 2 लाख 55 हजार का जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जिला परिवहन कार्यालय, रांची ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस वित्तीय वर्ष में जिला परिवहन कार्यालय द्वारा शत प्रतिशत से भी ज्यादा वार्षिक राजस्व संग्रहण किया गया है। जिला परिवहन कार्यालय, रांची ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में 111.28% राजस्व संग्रहण किया है। परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित वार्षिक लक्ष्य 30163.23 लाख रुपये के विरुद्ध 33567.00 लाख रुपए की राजस्व ग्रहण किया गया है, जो निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा है। पिछले वित्तीय वर्ष 2021-22 में परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित वार्षिक लक्ष्य 27500 लाख रुपये था। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 में पिछले वित्तीय वर्ष 2021-22 की तुलना में जहां राजस्व संग्रहण का प्रतिशत ज्यादा रहा, वहीं वार्षिक लक्ष्य भी 27500 लाख रुपये से बढ़ाकर 30163.23 लाख रुपये किया गया था।


**ऊर्जा विभाग**
**झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता**
**विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2, धुर्वा, राँची।**

**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/110/2022-23 दिनांक– 28/03/2023

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | राँची स्थित मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, राँची में 500 के0वी0ए0 ट्रॉसफार्मर के साथ एच0टी0 एवं एल0टी0 केबल, फिडर पैनल, क्यूबिकल पैनल इत्यादि के अधिष्ठापन का कार्य। | 51,66,304=00 | 10,000=00 | 1,04,000=00 | 42 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 20.04.2023 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 21.04.2023 के 10.30 बजे अपराह्न से 27.04.2023 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 28.04.2023 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल, राँची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

नोट :– निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।
PR 293847 (Energy) 22-23 (D)

### अन्धापनमुक्त झारखंड के लिए 2 अप्रैल को भगवान महावीर आई हॉस्पिटल का शुभारम्भ

# गरीबों का मुफ्त में होगा आंखों का इलाज




## महावीर जयन्ती पर राज्यवासियों को मिलेगी मुफ़्त आई हॉस्पिटल की सौगात

## गरीब मरीजों के इलाज में भी संस्था करती है आर्थिक मदद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखण्ड में इलाज के अभाव में लोग अंधेपन का शिकार हो जाते हैं। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए जैन समाज ने आँख के निशुल्क इलाज एवं ऑपरेशन की योजना को मूर्त रूप दिया है भगवान महावीर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के द्वारा महावीर जयन्ती की पूर्व संध्या पर 02 अप्रैल को बरियातू रोड स्थित महावीर भवन में एक उच्च स्तरीय भगवान महावीर आई हॉस्पिटल का शुभारम्भ किया जायेगो यहां गरीब मरीजों का मुफ्त इलाज, ऑपरेशन, दवाई एवं भोजन एवं ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। भगवान महावीर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के अध्यक्ष पूरनमल जैन सेठी ने संवाददाताओं को बताया कि संस्था 18 साल से निःशुल्क आई कैंप एवं मोतियाविन्द का ऑपरेशन करा रही है। भगवान महावीर आई केयर विंग द्वारा 25 दिसंबर 2020 से मोबाईल वैन सेवा शुरू की गई। अबतक 399 कैम्प के माध्यम से 26047 मरीजों के आँख की जाँच की गई। 430 मरीजों का मोतियाविंद, 30 मरीजों का ग्लोकोमा एवं 20 रेटिना का निशुल्क ऑपरेशन कराया गया है। इस कार्य में झारखण्ड अंधापन नियंत्रण विभाग का सहयोग सराहनीय रहा है। उन्होंने बताया कि मई 2014 में 240 बेड का भगवान महावीर मेडिका सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का शुभारंभ हुआ। संस्था मेडिका में गरीब मरीजों के इलाज में सहयोग के लिए अपने सदस्यों एवं दानदाताओं को प्रत्येक वर्ष 65 लाख रुपए का कूपन निर्गत करती है। जैन साधू-साध्वियों एवं सम्मेद शिखरजी में आये तीर्थयात्रियों का इलाज का खर्च संस्था वहन करती है। मेडिका में गरीब मरीजों को डायलिसिस के बिल में पचास प्रतिशत आर्थिक सहयोग करती है। इस प्रकार संस्था के द्वारा गरीब मरीजों के इलाज के लिए जुलाई 2014 से मार्च 2022 तक लगभग 9,99,11,033 /- राशि की मदद की जा चुकी है तो वहीं सेवा सदन में भर्ती गरीब प्रसूति महिला के इलाज में हुए खर्च पर प्रति वर्ष छह लाख रुपए का अनुदान देती है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि राँची में एक उच्च स्तरीय आवासीय विद्यालय खोलने की योजना है। इसके लिए जमीन भी खरीद ली गई है। हमारा लक्ष्य बच्चों को संस्कार के साथ मॉडर्न एजुकेशन उपलब्ध कराना है। प्राइवेट पैटर्न के इस स्कूल में गरीब बच्चों को भी निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध करने की योजना है।

### भविष्य के लिए व्यवसाय की रीइमेजिंग पर कार्यशाला आज

**रांची।** भारत को जी 20 की अध्यक्षता मिलने का लाभ जमशेदपुर के युवाओं को भी मिलने जा रहा है। युवाओं की अगुवाई करनेवाला ग्रुप वाई 20 (यूथ 20) है। वाई 20 के तहत इन सेशंस के आयोजन का दायित्व सीआईआई के युवा संगठन यंग इंडियंस को सौंपा गया है। झारखंड में इसका दायित्व यंग इंडियंस की जमशेदपुर शाखा को सौंपा गया है। यह आयोजन केंद्रीय युवा एवं खेल मामलों के मंत्रालय, सीआईआई तथा यंग इंडियंस के संयुक्त तत्वावधान में एक अप्रैल को होने जा रहा है। इस कार्यशाला का थीम भविष्य के लिए व्यवसाय की रीइमेजिंग है। कार्यक्रम सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक चलेगा। इस कार्यशाला में वक्ता के रूप में राजीव शुक्ला (मॉडरेटर) एमडी, हिमालय इंटरप्राइजेज, विशाल अग्रवाल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा भारतीय, निदेशक - सीटीसी इंडिया, विशाल वत्स (हेड एचआरबीपी कॉर्पोरेट फंक्शंस - (हर्बिनो के संस्थापक और सीईओ) और प्रतीक जवानपुरिया ने अपने विचारों को रखेंगे।

## अदालत की खबरें

### कोर्ट में सांसद दुबे की याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में शुक्रवार को देवघर स्थित एम्स में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट जारी करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले में देवघर एम्स के निदेशक को प्रतिवादी बनाया है। कोर्ट ने उनसे पूछा है कि देवघर, एम्स में आवश्यक बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उनको किन-किन चीजों की आवश्यकता पड़ेगी, इसकी जानकारी दें। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई तीन मई निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय एवं केंद्र सरकार की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने पैरवी की।

### विधायक ढुल्लू महतो की हुई गवाही

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिसअनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में शुक्रवार को बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के निर्वाचन को चुनौती देने वाली जलेश्वर महतो की चुनाव याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में विधायक ढुल्लू महतो की गवाही हुई। जलेश्वर महतो की ओर से गवाह संख्या एक शत्रुघ्न महतो को फिर से गवाही करने के लिए आवेदन दिया गया। इस पर ढुल्लू महतो की ओर से जवाब के लिए समय मांगा गया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 28 अप्रैल निर्धारित की है। ढुल्लू महतो की ओर से गवाही में बताया गया कि विधानसभा चुनाव के दौरान बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में मतदान और मतगणना विधि सम्मत हुआ था। बूथ संख्या 266 का ईवीएम खराब था, चुनाव आयोग के अधिकारियों के दिशा निर्देश के आलोक में उस ईवीएम की काउंटिंग नहीं हुई थी। ढुल्लू महतो की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, अजय शाह, विभास कुमार सिन्हा ने पैरवी की। जलेश्वर महतो की ओर से अधिवक्ता अरविंद कुमार लाल ने पैरवी की।

### ममता देवी और राजीव की सुनवाई पांच को

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस नवनीत कुमार की कोर्ट में शुक्रवार को गोला गोलीकांड के एक मामले में पिछले साल रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी और राजीव जायसवाल को मिली पांच साल की सजा को चुनौती देने वाली क्रिमिनल अपील की सुनवाई हुई। साथ ही दोनों सजायाफ्ता की ओर से अदालत से लगाई गई जमानत की गुहार पर भी सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने ममता देवी एवं राजीव जायसवाल के अधिवक्ता का पक्ष सुनने के बाद राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई पांच अप्रैल को होगी। सरकार की ओर से अधिवक्ता मनोज कुमार एवं भोलानाथ ओझा ने पैरवी की। ममता देवी की ओर से अधिवक्ता एके साहनी और राजीव जायसवाल की ओर से अधिवक्ता एके कश्यप ने पैरवी की।

### नया कोर्ट भवन 30 तक हस्तांतरित हो जाएगा

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में शुक्रवार को धुर्वा स्थित निमाणाधीन झारखंड हाई कोर्ट के भवन एवं उसमें वकीलों के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं को लेकर एडवोकेट एसोसिएशन की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि नया भवन हाई कोर्ट को 30 अप्रैल को हस्तांतरित कर दिया जाएगा। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई चार मई निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान भवन निर्माण सचिव कोर्ट में सशरीर उपस्थित थे। सरकार की ओर से कोर्ट को अंडरटेकिंग देकर बताया गया कि 30 अप्रैल तक हाई कोर्ट का धुर्वा स्थित निमाणाधीन भवन का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा और हाई कोर्ट को हैंडओवर कर दिया जाएगा। सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने कहा कि एसोसिएशन की जो भी समस्याएं हैं उसे हाई कोर्ट की कमेटी और एसोसिएशन आपस में बैठकर उसका निदान निकालेंगे।

### उपायुक्त अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के शासी परिषद की बैठक

# कार्य योजना बनाने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त रांची, सह अध्यक्ष जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट रांची, राहुल कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के शासी परिषद की अहम बैठक ली। जिसमें उप विकास आयुक्त सह सदस्य सचिव, जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट राँची, श्री दिनेश कुमार यादव एवं जिला योजना पदाधिकारी, रांची, विनय कुमार एवं माननीय विधायक, कांके विधानसभा, समरी लाल, माननीय विधायक, खिजरी विधानसभा, राजेश कच्छप, विधायक, मांडर विधानसभा, शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक, तमाड़ विधानसभा विकास मुंडा के प्रतिनिधि श्री हर्षवर्धन शर्मा, सांसद,(लोकसभा) रांची, संजय सेठ के प्रतिनिधि मनोज कुमार साहू एवं सांसद (राज्य सभा) महुआ मांझी के प्रतिनिधि अभिजीत कुमार, सांसद, (राज्य सभा) आदित्य प्रसाद के प्रतिनिधि कौशल कुमार, सहायक परियोजना पदाधिकारी, सम्रग शिक्षा, अमर नाथ चौधरी और जिला खनन पदाधिकारी, रांची, संजीव कुमार एवं डीएमएफटी पीएमयू टीम, अभिषेक आनंद, अनिल कुमार सिंह, सलमा सोरेन, श्रीकांत, अरविंद श्रीवास्तव शामिल हुए। उपायुक्त रांची, सह अध्यक्ष जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट रांची, राहुल कुमार सिन्हा ने डीएमएफटी की शासी परिषद की बैठक में निम्न निर्णय लिए : उपायुक्त रांची सह अध्यक्ष जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट रांची, राहुल कुमार सिन्हा ने डीएमएफटी की शासी परिषद की बैठक में वर्ष 2023-24 में प्राथमिकता सेक्टर में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, कौशल विकास और महिला बाल विकास की योजनाओं को शामिल करने के दिए निर्देश ◆उपायुक्त रांची सह अध्यक्ष जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट रंची, राहुल कुमार सिन्हा ने डीएमएफटी योजना के अंतर्गत अन्य प्राथमिकता के क्षेत्र में पथ पुलिया सिंचाई की योजना शामिल करने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया ◆उपायुक्त रांची सह अध्यक्ष जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट रांची, राहुल कुमार सिन्हा और समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि रॉयल्टी की राशि से रांची जिला के खनन प्रभावित क्षेत्रों में विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कराया जाये ◆उपायुक्त रांची सह अध्यक्ष जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट रांची, राहुल कुमार सिन्हा ने डीएमएफटी के तहत रांची जिला के दो खनन पट्टाधारी को नामित करने के प्रस्ताव पर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया ◆उपायुक्त रांची सह अध्यक्ष जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट रांची, राहुल कुमार सिन्हा ने इन 4-5 वर्षों में शिक्षा परियोजना में क्या-क्या कार्य हुए हैं। इसकी सूची बनाने के लिए संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया ◆उपायुक्त रांची सह अध्यक्ष जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट रांची, राहुल कुमार सिन्हा ने डीएमएफटी परियोजना के तहत जो भी स्कूल के भवन बनते हैं।

### बच्ची से दुष्कर्म को दोषी को आजीवन कारावास की सजा

**रांची।** नौ वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के आरोपित आयुक्त कार्यालय के कर्मी को न्यायालय ने दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा सुनाया है। सजा डीजे वन रमेश चंद्रा के न्यायालय ने शुक्रवार को मुकर्रर किया है। न्यायालय ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चोरकट्टा गांव निवासी आयुक्त कार्यालय कर्मी जयराम सिंह को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास एवं 25 हजार रुपये जुमार्ना किया है। जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने के स्थिति में छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामला सितंबर माह वर्ष 2014 का है। पड़ोस में रहने वाली बच्ची को बहला-फुसला का जयराम सिंह ने दुष्कर्म किया। तकलीफ होने पर बच्ची ने परिजनों को पूरा मामले से अवगत कराया। इसके बाद परिजनों ने मुफस्सिल थाना में मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई।

### पारा शिक्षकों की टेट विसंगति दूर कर 20 अप्रैल तक भेजें रिपोर्ट

**रांची।** स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग ने सभी से सहायक अध्यापकों (पारा शिक्षकों) के टेट विसंगति को दूर कर उसकी रिपोर्ट तलब की है। इसके लिए झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने जिला शिक्षा पदाधिकारी व जिला शिक्षा अधीक्षकों को निर्देश दिया है। जेईपीसी की राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी ने जिलों को 20 मार्च तक इसकी रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया था। निर्देश के बाद धनबाद व सरायकेला खरसावां को छोड़कर अन्य जिलों ने रिपोर्ट नहीं दी है। बाकी सभी जिले 31 मार्च तक हर हाल में इससे संबंधित रिपोर्ट राज्य परियोजना कार्यालय में जमा कराए। राज्य में करीब 3000 सहायक अध्यापकों की टेट विसंगति थी। इसका निराकरण करने को कहा गया था। इसमें क्लास छह से आठ में चयनित या पहली से पांचवीं कोटि का शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्णता की स्थित में पहली से पांचवीं में टेट प्रशिक्षित माना जाएगा।

# रांची के बाद अब देवघर में होगा जी-20 शिखर सम्मेलन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के बाद अब देवघर में जी-20 शिखर सम्मेलन मई के पहले सप्ताह में होगा। सम्मेलन के क्रम में मैहर गार्डन व जसीडीह सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क में कई इवेंट होंगे। संथाल परगना में आईटी सेक्टर में निवेश पर प्रजेंटेशन होगा। डिजिटल इंडिया के तहत कैसे ग्रास रूट पर बिजनेस व सर्विस के साथ रोजगार के अवसर पर कई प्रजेंटेशन होंगे। साथ ही देवघर से देश भर में हवाई मार्ग व रेल मार्ग की कनेक्टिविटी की सुविधा व पर्यटन उद्योग की संभावनाओं पर चर्चा होगी। मई के प्रथम सप्ताह में देवघर में होने वाले इस सम्मेलन की संभावना को देखते हुए सॉफ्टवेयर टेक्लोनॉजी पार्क के बिहार, झारखंड व ओडिशा जोन के डायरेक्टर सूर्यकुमार पटनायक व ज्वाइंट डायरेक्टर जगरनाथ उरांव अप्रैल के प्रथम सप्ताह में देवघर आ सकते हैं। अधिकारियों की टीम मैहर गार्डन व जसीडीह सॉफ्टवेयर टेक्लोनॉजी पार्क का जायजा लेगी। मैहर गार्डन व जसीडीह सॉफ्टवेयर टेक्लोनॉजी पार्क जाने वाली सड़क का सौंदर्यीकरण व रंग-रोगन कराया जा रहा है। गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे के प्रस्ताव पर देवघर में होने वाले इस जी-20 सम्मेलन का थीम डिजिटल इंडिया होगा। सम्मेलन में 15 देशों के डेलीगेट्स हिस्सा लेंगे। इसमें अमेरिका, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, स्पेन समेत यूरोप के अन्य देशों के डेलीगेट्स हिस्सा लेंगे। देवघर में जी-20 सम्मेलन को लेकर दिल्ली में सूचना एवं प्रोद्योगिकी मंत्रालय ने इसकी विभागीय तैयारी की समीक्षा की गई। बैठक में देवघर में सम्मेलन के दौरान होने वाले इवेंट का प्रजेंटेशन भी किया गया।

### 80 उत्कृष्ट स्कूलों में अप्रैल से शुरू होगा नया शैक्षणिक सत्र

**रांची।** राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों (स्कूल ऑफ एक्सीलेंस) में अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र शुरू होगा। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग इसकी तैयारी में जुटा है। मुख्यमंत्री से समय मिलने के बाद एक साथ स्कूलों में ऑनलाइन शुरूआत कर दी जाएगी। इन स्कूलों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों का प्रतिनियोजन किया गया है। सीबीएसई की मान्यता दिलायी जा चुकी है। उत्कृष्ट विद्यालयों में छठी से 12वीं की पढ़ाई होगी। वैसे उत्कृष्ट विद्यालय जहां नौवीं से 12वीं के क्लास संचालित होते हैं, वहां छठी से नौवीं तक में नया नामांकन कर लिया गया है। हर नए क्लास में 40-40 बच्चों का नामांकन सुनिश्चित कराया गया है। राज्य सरकार 80 उत्कृष्ट विद्यालय और 325 आदर्श विद्यालयों में प्री प्राइमरी से 12वीं तक की पढ़ाई सुनिश्चित कराना चाहती है। पहले चरण में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में छठी से 12वीं की पढ़ाई शुरू होगी।

# मूलवासी सदान मोर्चा ने संथाल परगना बन्द को दिया समर्थन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शुक्रवार को मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में रांची में होटल गंगा आश्रम में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में खतियान आधारित नियोजन नीति बनाने व 60-40 की नीति को रद्द करने को लेकर 1 अप्रैल को छात्र समन्वय समिति के द्वारा संथाल परगना बंद करने को मूलवासी सदान मोर्चा ने समर्थन देने की घोषणा की और मोर्चा के लोगों को सड़क में उतने को कहा है। आज की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि ओबीसी का आरक्षण दुमका में शुन्य किए जाने के विरोध में ओबीसी के विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा दुमका में 4. 4 .2023 को नुक्कड़ सभा और दिनांक 5 को मशाल जुलूस गांधी मैदान से तीन बाजार चौक तक निकाला जाएगा , दिनांक 6.4.2023 को कालाविला लगाकर पिछड़ा वर्ग के सामाजिक संगठनों के द्वारा सामाजिक न्याय मार्च निकाला जाएगा जिसमें मूलवासी सदान मोर्चा शामिल होगा। प्रसाद ने बैठक में कहा कि खतियान आधारित नियोजन नीति को लेकर लंबे समय से राज्य बनने के साथ ही मूलवासी सदान मोर्चा ने ईमानदारी पूर्वक लड़ाई लड़ी है। इसी कड़ी के तहत संथाल परगना बंद को आज समर्थन देने का निर्णय लिया गया है। प्रसाद ने यह भी कहा कि ओबीसी के साथ भेदभाव हो रहा है सात जिला में ओबीसी का आरक्षण शुन्य करना असंवैधानिक है। प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान मोर्चा सदानों के अधिकारों , नियोजन नीति ओबीसी आरक्षण, ईडब्ल्यूएस आरक्षण को लेकर लगातार आंदोलन और धरना प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने आज कहा कि मूलवासी सदान मोर्चा का अगला आंदोलन कार्यक्रम झंडा लगाओ अधिकार बचाओ संथाल परगना में होगा जिसकी तिथि की घोषणा जल्द करने के बाद भी कही।

### सम्मान | इंडोर खेल के विजेताओं को कुलपति ने किया सम्मानित

# पढ़ाई के साथ नियमित खेल अभ्यास जरुरी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बीएयू के कृषि संकाय के आरएसी ऑडिटोरियम में शुक्रवार को खेल-2023 के तहत इंडोर खेल स्पर्धाओं के विजेताओं के लिए पुरुस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बीएयू कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने कैरम, टेबल टेनिस, बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल खेल स्पर्धाओं के विजेताओं को ट्रॉफी, मैडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में नियमित पढ़ाई के साथ - साथ नियमित खेल अभ्यास से जुड़े रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि खेल से हमेशा बेहतर करने और अनुशासन की सीख मिलती है। देश में उच्च कृषि शिक्षा में भी खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को महत्त्व दिया जाने लगा है। आपके उत्कृष्ट प्रदर्शन से विवि का गौरव और मान बढ़ता है।

मौके पर डीन एग्रीकल्चर डॉ. डीके शाही ने विद्यार्थियों को जीवन में खेल को महत्त्व देने, खेल में भागीदारी, लगातार अभ्यास एवं प्रयत्न से बेहतर प्रदर्शन करने की बात कहीं। डीएसडब्लू डॉ. बीके अग्रवाल ने कहा कि विवि के विद्यार्थियों में एथलेटिक्स, वॉलीबॉल एवं बास्केटबॉल में काफी प्रतिभा है। इन खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन की दिशा में प्रयास करने होंगे। कैरम बालक वर्ग के विजेता आनंद शर्मा एवं उपविजेता अंकित कुजूर रहें। कैरम बालिका वर्ग की विजेता प्रज्ञा दीप एवं उपविजेता ज्योति कुमारी रहीं। टेबल टेनिस बालक एकल का खिताब दीपक कुमार मिश्रा ने जीता और कुमार प्रभात उपविजेता रहें। वहीं टेबल टेनिस बालिका एकल का खिताब ज्योति कुमारी ने जीता एवं सिमरन सुमबरुई रनरअप विजेता रहीं। टेबल टेनिस बालक युगल के दीपक कुमार मिश्रा एवं अर्जुन कुमार अग्रवाल विजेता तथा कुमार प्रभात एवं अभिषेक कुमार उपविजेता रहें। टेबल टेनिस बालिका युगल खिताब सिमरन सुमबरुई एवं ज्योति कुमारी की जोड़ी ने जीती और अनीशा टुडू एवं प्रियंका कुमारी रनरअप रहीं। बास्केटबॉल बालक वर्ग का खिताब पायस मार्शल सोरेन की टीम ने जीती और हृतिक राज की टीम रनरअप रहीं। बास्केटबॉल बालिका वर्ग का खिताब सिमरन सुमबरुई की टीम ने जीती और अनिशा टुडू की टीम रनरअप रहीं। वॉलीबॉल बालक वर्ग का खिताब नवीन रंजन की टीम ने जीती और हृतिक राज की टीम उपविजेता रहीं। वॉलीबॉल बालिका वर्ग का खिताब सिमरन सुमबरुई की टीम ने जीती और अदिति कच्छप की टीम रनरअप रहीं। समारोह में इंडोर खेल स्पर्धाओं के सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में कृषि संकाय अधीन रांची कृषि महाविद्यालय एवं कृषि अभियंत्रण महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। समारोह का संचालन डॉ. एचसी लाल ने किया। स्वागत एवं धन्यवाद संकाय खेल प्रभारी डॉ. नीरज कुमार ने की। मौके पर डॉ. विनय कुमार, डॉ. आरबी साह, डॉ. नेहा, डॉ. अंकिता एवं निरंजन कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भी मौजूद थी।

### बीएड की डिग्री ली पर नहीं दे पाएंगे शिक्षक नियुक्ति परीक्षा

**रांची।** राज्य के रांची विश्वविद्यालय सहित विनोबा भावे विवि और बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विवि से साइंस स्ट्रीम से ऑनर्स उत्तीर्ण लगभग 1 लाख स्टूडेंट्स परेशान हैं। इनमें से 10 हजार स्टूडेंट्स वैसे भी हैं, जिन्होंने ऑनर्स के साथ बीएड की डिग्री हासिल कर ली है, लेकिन डिग्री होने के बावजूद शिक्षक नियुक्ति प्रतियोगी परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएंगे। ऐसे छात्र न तो झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) और न ही नवोदय विद्यालय समिति व केंद्रीय विद्यालय समिति की ओर से शिक्षकों की नियुक्ति के लिए ली जानेवाली प्रतियोगी परीक्षा में शामिल हो पाएंगे। रांची विवि, विनोबा भावे विवि और बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विवि से साइंस में स्नातक ऑनर्स की पढ़ाई करने वाले छात्रों ने जिस विषय में ऑनर्स लिया था।

# रामनवमी पर्व पर भव्य रूप से शोभायात्रा निकाली गई



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी के शुभावसर पर गौरीशंकर नगर संकट मोचन मंदिर डोरंडा से शोभायात्रा निकाली गई। संकट मोचन मंदिर समिति के अध्यक्ष सह लोकजनशक्ति (आर) के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान के नेतृत्व में जय श्री राम और जय हनुमान के नारों से पूरा क्षेत्र राममय हो गया। बैंड बाजे के साथ माथे पर गेरुवा साफा बांधे रामभक्त शोभा यात्रा में शामिल हुए। मौके पर समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान ने बताया की करीब 25 वर्ष से भी ज्यादा समय से रामनवमी के मौके पर यह शोभा यात्रा निकाली जाती है । जिसमें हजारों की संख्या में राम भक्त शामिल होते हैं। शोभायात्रा के आयोजन में शिवजी कुमार, दिनेश सोनी, उमेश तिवारी, अभिषेक राय, सूर्य विजय प्रधान, आदित्य विजय प्रधान, आनंद प्रकाश पांडेय, राजेश वर्मा, संतोष सिंह, प्रभात रंजन, छोटू समेत हजारों रामभक्त शामिल हुए।

# क्षेत्र के जनता की सेवा करना मेरी पहली प्राथमिकता : रीता देवी

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** चेचकपी मुखिया रीता देवी ने चुनीवी घोषणा में कहा था कि चुनाव जीतने पर क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए हर वक्त तत्पर रहूंगी। चेचकपी की जनता को कभी बेबस होने नहीं दूंगी। चुनाव जीतने के बाद अपने घोषणा को मुखिया रीता देवी ने साबित करने का प्रयास किया है। उन्होंने अपने निजी बोलरो वाहन को सामाजिक कार्य में लगा रखा है। विदित हो कि बीते गुरुवार की देर संध्या केवालू मोड़ पर दो बाइक सवारों की टक्कर हो गई। जिसमें चार लोग घायल हो गए थे। इसकी जानकारी मुखिया पति डेगलाल साव को मिलते ही उन्होंने अपने वाहन से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरकट्ठा पहुंचाया। घायलों में महेंद्र टुडू (27) पिता सोहन टुडू, परमेश्वर मांझी (37) पिता फेलीलाल मांझी, रूपलाल मांझी (50) पिता सीताराम मांझी तीनों खरियों निवासी तथा बासुदेव सिंह (28) पिता दुर्गा सिंह सोंढा निवासी थे। जहां चिकित्सकों ने साधारण चोटिल तीन घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर जाने की सलाह दी ।वहीं रूपलाल मांझी जिनका पैर फ्रैक्चर कर चुका था ,को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग भेजा जिसे डेगलाल साव ने अपने वाहन से पहुंचाया ।इस कार्य से ग्रामीणों ने मुखिया को साधुवाद दी। इस बाबत मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा की कई बार 108 एंबुलेंस सेवा नंबर पर डायल की परंतु कॉल लग नहीं पाई।पहले भी कई बार 108 नंबर पर डायल किया है लेकिन सेवा नहीं मिली थी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से इस सेवा को बेहतर करने के लिए आग्रह किया है।







## गौस क्लब ने पेश किया भाईचारगी की मिसाल

# जय श्री राम के उद्घोष से अनुगूंजित हुआ बरकट्ठा



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड में रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। नवमी का जुलूस भव्य रूप से निकाला गया। प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा, बेलकपी, चेचकपी, झुरझुरी, कोनहरा कला, परबता, गैडा, कपका, बेडोकला आदि जगहों पर नवमी का जुलूस शांतिपूर्ण निकाला गया। हालांकि डीजे की पाबंदी से रामभक्तों में नाराजगी देखी गई। विभिन्न अखाड़े के लोगों ने जमकर लाठियां भांजी वहीं पुलिस प्रशासन के द्वारा कड़ी निगरानी देखी गई। जय श्री राम के नारों से और महावीरी झंडों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। वहीं विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव,जिप सदस्य कुमकुम देवी, प्रेरणा प्रिया, मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, सांसद प्रतिनिधि केदार साव,बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद ने लोगों को रामनवमी की बधाई देते हुए क्षेत्र में अमन चैन की कामना की। वहीं कोनहरा कला में रामनवमी समिति के द्वारा ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कोनहरा कला में गौस क्लब के द्वारा जुलूस में रामभक्तों के लिए शीतल पेय की व्यवस्था कर भाई चारगी का मिसाल पेश किया। मौके पर उप मुखिया प्रतिनिधि रहमत अंसारी ने बताया कि मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना। हम उस भारत देश के रहने वाले हैं। जहां हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई आपस में हैं भाई भाई की सीख दिया जाता है। उन्होंने कहा कि समाज को बांटने वाले मानसिक विक्षिप्त होते हैं। रामभक्तों की सेवा में गौस क्लब के रहमत अंसारी, कलाम अंसारी, महबूब अंसारी, महफि ल अंसारी, शहनवाज हुसैन, आलम अंसारी, जाहिद अंसारी, मकसूद अंसारी, शहबाज अंसारी, अरबाज अंसारी, सद्दाब अंसारी, शाहजहां अंसारी ने सराहनीय भूमिका निभाई।

## पुलिस प्रशासन की तत्परता ने बिगड़ते माहौल को संभाला

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** गुरुवार की देर रात्रि बसरिया उर्फ पंचमाधव पंचायत के कारीमाटी गांव में झड़प की सूचना मिलते ही एसडीओ, एसडीपीओ, इंस्पेक्टर आदि के नेतृत्व में पुलिस ने मोर्चा संभाला और स्थिती पर तत्काल नियंत्रण किया । देर रात से ही पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई । इंस्पेक्टर ललित कुमार ने बताया कि शुक्रवार की सुबह समझौता करवा कर शांति बहाल किया जा चुका है । जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर रात्रि जुलूस के मार्ग में ट्रैक्टर होने को लेकर कुछ लडको ने आपस में विवाद कर लिया । विवाद गहराता देख स्थानीय लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दी । मौके पर पुलिस पहुंचकर मोर्चा संभाला और स्थिति को नियंत्रित किया ।

# बरही में हिंदू-मुस्लिम एकता का मिसाल





**नवीन मेल संवाददाता। बरही** वर्षो से बरही शांति और सद्भावना का मिशाल पेश करता रहा है ।यहां के लोग अमन पसंद है जो ईद या होली, मुहर्रम या रामनवमी एक साथ मनाते रहे है । चंद लोगो की वजह से दुलमहा का सामाजिक असंतुलन बिगड़ा था । जिसे यहां के लोगो ने एक बार फिर संवारने का काम किया । रामनवमी जुलूस के दौरान हिंदू मुस्लिम एकता देखने को मिला । जुलूस के दौरान दोनों समुदाय के लोगो ने शिविर लगाकर जुलूस निकालने में मदद किया । अपने हाथो से अल्पसंख्या समुदाय के लोगो ने रामभक्तो को शीतल पेयजल पिलाने का काम किया । जिसे रामभक्तो ने प्यार से ग्रहण किया । इस कार्य में मो बेलाल, मो, मुख्तार, मो मोफिद, उमर नौशाद, मो एकराम, मो जावेद, जौहर इकबाल, मो तस्लीम ,मो शमशेर, मो इस्लाम, मो बाबू, जितेंद्र गिरी, कमल शंकर पंडीत आदि सहित कई लोगो ने सहयोग किया । वही अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के विस अध्यक्ष मो कयूम अंसारी ने विभिन्न स्थानों पर लाठी खेलकर हिंदू मुस्लिम एकता को जीवंत बनाने के काम किया ।

### प्रतिमा विसर्जन के साथ चैती दुर्गा पूजा संपन्न

**रामगढ़।** जिले में 31 मार्च को प्रतिमा विसर्जन के साथ चैती दुर्गा पूजा संपन्न हो गया। इस दौरान दुर्गा मंदिरों में पूजन, हवन, भंडारा का आयोजन किया गया। नगर परिषद के वार्ड नंबर 32 स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर कुरूम में यजमान सीताराम सिंह के हाथो पुजारी मिथलेश तिवारी ने पूजन व हवन संपन्न करवाया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि माता की भक्तिभाव से पूजा अर्चना करने से सभी कष्ट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। पूजन व हवन के उपरांत मंदिर में भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। वहीं, शाम को मंदिर परिसर से जुलूस का आयोजन हुआ। जो विभिन्न मुहल्लों से होकर गांव के तालाब पहुंचा। जहां माता की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। जुलूस में दीपनारायण सिंह, अमित कुमार सिंह, ललन सिंह, विनय कुमार सिंह, पंकज सिंह, मुकेश सिंह, विपुल सिंह आदि शामिल थे।

# उमवि. गोविंदपुर में विदाई समारोह का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू प्रांगण में 31 मार्च को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका एलिसावा टोपनो को शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर विदाई दी गई। मौके पर उन्होंने विद्यालय के सहायक शिक्षक डॉ सुनील कुमार कश्यप को प्रभार सौंपा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी सुधीर प्रकाश, विशिष्ट अतिथि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय राम, मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी, विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष बालेश्वर भुईयां, भीम कुमार शर्मा मौजूद थे। मौके पर वक्ताओं ने प्रधानाध्यापिका एलिसावा टोपनो द्वारा किये गये कार्यों की प्रशंसा की। वहीं, एलिसावा टोपनो ने कहा कि विद्यालय में कार्य के दौरान सहयोगियों ने उन्हें पूरा सम्मान दिया और हर कार्य में साथ दिया। साथ ही कहा कि विद्यालय को उनकी कमी खलेगी।

## जिला पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति की बैठक

# प्रदूषण नियंत्रण के खिलाफ सख्त कदम उठाएं : डीसी




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सबसे पूर्व उपायुक्त ने क्षेत्रीय पदाधिकारी प्रदूषण नियंत्रण पर्षद से प्रदूषण नियंत्रण को लेकर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों व चलाए गए जांच अभियान के उपरांत की गई कार्रवाई की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने कार्यों पर असंतोष जाहिर करते हुए क्षेत्रीय पदाधिकारी प्रदूषण नियंत्रण पर्षद को कार्यों को गंभीरता से लेने एवं प्रदूषण नियंत्रण के खिलाफ कड़े कदम उठाने का निर्देश दिया। इसके लिए उपायुक्त ने वैसे सभी कारखाने जो प्रदूषण नियंत्रण नियंत्रण मानकों का पालन नहीं कर रहे है उनके खिलाफ जांच अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई करने एवं कार्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी ने जिला खनन पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्रों में जांच अभियान चलाने एवं अवैध क्रेशरों व अन्य अवैध माइनिंग गतिविधियों पर रोक लगाने का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने जांच के क्रम में अवैध पाए जाने के उपरांत अवैध क्रेशरों को त्वरित ध्वस्त करते हुए कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्रों में अवैध खनन व प्रदूषण संबंधित गतिविधियों को लेकर चलाए गए जांच अभियान एवं उन में की गई कार्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन ससमय जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी-सह-कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, जिला परिवहन पदाधिकारी, क्षेत्रीय पदाधिकारी प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी सामान्य शाखा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता विद्युत मंडल रामगढ़, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

**उत्साह** | **प्रशासनिक पदाधिकारियों सहित महासमिति के लोग रहे तत्पर**

# रामनवमी पर शोभायात्रा में उमड़ा रामभक्तों का सैलाब

## विधायक व पूर्व विधायक ने भी भांजी तलवार

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** रामनवमी की शोभायात्रा का पहला पड़ाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ । जिसमे अंजनी अखाड़ा, महावीर सेना, महावीर मंडल, अंबेदकरनगर, भगवती मंदिर आदि सहित कुल आठ अखाड़ों की झांकियां शामिल हुई । जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में बच्चे, बूढ़े, बच्चे और बच्चियों का जनसैलाव उमड़ पड़ा था । गुरुवार की देर संध्या प्रारंभ हुए इस शोभायात्रा का पहला पड़ाव शुक्रवार की सुबह करीब आठ बजे विराम लिया । जो पुनः शुक्रवार की संध्या से प्रारंभ हुआ जो देर रात तक चलता रहा । ताशा पार्टी और चौंगा के धुन पर पारंपरिक हथियारों के साथ जुलूस में शामिल रामभक्तो का उत्साह देखते ही बन रहा था । बच्चे व जवान सभी जय श्रीराम के नारों के बीच करतब दिखाने के लिए व्यग्र थे । जुलूस में डीजे का नया रूप आंशिक डीजे का उपयोग भी देखने को मिला । शोभायात्रा में वर्तमान विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव आदि ने भी लाठियां भांजकर रामभक्तो का मनोबल बढ़ाया । शोभायात्रा शहर के चारो प्रमुख मार्गो का परिभ्रमण किया । जुलूस शांतिपूर्ण संपन्न करवाने के लिए एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, बीडीओ सी आर इंदिवर, सीओ ए डी टोप्पो, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार दल बल के साथ तत्पर रहे । अनुमंडलीय अस्पताल की टीम एंबुलेंस सेवा के साथ पूरी रात जमे रहे । मौके पर रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष रमेश ठाकुर, कपिल केसरी, गुरुदेव गुप्ता, बिपिन सिन्हा, भगवान केसरी आदि सहित महासमिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी जुलूस की निगरानी कर रहे थे ।



## रामगढ़ में महावीर जयंती 3 अप्रैल को



रामगढ़। शहर के श्री दिगंबर जैन मंदिर में आगामी 3 अप्रैल को भगवान महावीर की जयंती धूमधाम से मनायी जाएगी। यह जानकारी श्री दिगंबर जैन समाज रामगढ़ के अध्यक्ष मानिक चंद जैन, उपाध्यक्ष अरविंद सेठी, सचिव नागरमल जैन, कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र छाबड़ा, कोषाध्यक्ष जंबू पाटनी, एवं मीडिया प्रभारी राहुल जैन पाटनी ने 31 मार्च को दी। बताया कि इस मौके पर श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा के उपरांत 6:00 बजे से पूजन, 7:00 बजे प्रभात फेरी, 9:00 बजे श्रीजी का पालना झूलाई होगा। इसके बाद श्री महावीर विधान 10:00 बजे से मंदिर में किया जाएगा। वहीं, प्रीतिभोज 1:00 से 2:30 बजे तक चलेगा। जबकि 7:00 बजे महाआरती के उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। उन्होंने समाज के लोगों से कार्यक्रमों में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

## सरसों के तेल से लदे ट्रक में लगी आग

**हजारीबाग ।** चौपारण थाना क्षेत्र में हथिया बाबा के दनुवा घाटी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार तड़के लगभग साढ़े तीन बजे सरसों के तेल से लदे एक ट्रक में आग लग गई। आग की वजह ट्रक में हुए शार्ट सर्किट को बताया जा रहा है। चौपारण थाना प्रभारी शंभूनंद ईश्वर ने बताया कि ट्रक पूरी तरह से जलकर राख हो गया। ट्रक चालक अख्तर को सुरक्षित निकाल लिया गया। यह ट्रक अलवर (राजस्थान) से कोलकाता जा रहा था। दमकल विभाग की मदद से आग बुझा दी गई है। एहतियातन राजमार्ग की एक लेन को बंद कर दिया गया।

## सीएचसी में विदाई समारोह का आयोजन



**बरकट्ठा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा से सेवानिवृत एएनएम सुधा कुमारी के सम्मान में शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में चिकित्सा प्रभारी डॉ रत्ना रानी, पूर्व चिकित्सा प्रभारी डॉ रजनी कांत, डॉ निशांत बैक, डॉ मो0 इम्तियाज शामिल थे। इस दौरान लोगों ने उपहार देकर सम्मानित करते हुए विदाई दी । सेवानिवृत सुधा कुमारी ने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान स्वास्थ्य सेवा के रूप में हमेशा मैंने निष्ठा पूर्वक दायित्वों का निर्वहन किया। क्षेत्र की जनता से मुझे अपार प्रेम हर समय मिलता रहा। आज जो सम्मान दिया जा रहा है उसे आजीवन याद रखूंगी। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रत्ना रानी ने कहा कि सेवा में आना-जाना एक प्रक्रिया है। इससे हर व्यक्ति को समय पर गुजरना है। सुधा देवी एक ऊजार्वान महिला रही है। इनका कार्यकाल अविस्मरणीय रहेगा। इनके सेवाकाल में अपने क्षेत्र के हर छोटी से छोटी गतिविधि पर ध्यान रखते हुए कार्यों को काफी तत्परता और जिम्मेदारी से निभाया है। मौके पर महेश यादव, सहिया लक्ष्मी कुमारी, काजल देवी, रेणु देवी, पार्वती देवी, सोनाली देवी, शेरा खातून समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## चेंबर चुनाव को लेकर चलाया जनसंपर्क




**रामगढ़।** व्यवसाई और उद्योगपतियों के हितों की रक्षा के साथ उनके सुरक्षा और सम्मान के उद्देश्य के लिए विमल बुधिया गुट ने 31 मार्च को जिला के बरकाकाना, मेन रोड, लोहार टोला आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर व्यवसायियों से समर्थन की मांगा। विमल बुधिया गुट के प्रत्याशियों ने कहा कि स्वच्छ चेंबर के निर्माण में आप मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। कहा कि यदि हम जीत कर चेंबर में आए तो व्यवसायियों के हितों के लिए कार्य हमारी प्राथमिकता होगी। कहा कि जिला में उद्योग और व्यवसाय के विकास के लिए उचित माहौल कायम करने का कार्य हमारी टीम करेगी। हमारी टीम को वोट कीजिए हमारी टीम मजबूत होगी तो संगठन मजबूत होगा चेंबर के सभी सदस्य का हाथ मजबूत होगा।

## बरकट्ठा में हाथियों ने फसलों को किया नुकसान

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में एक बार फिर गजराजों की आगमन होने से लोगों में दहशत है। बीते रात बरकट्ठा थाना के समीप से गुजरते हुए हाथियों ने चौकीदार मुन्नीलाल के खेत में लगे गेहूं का फसल को नष्ट कर दिया। वहीं सिंचाई के लिए लगाए गए पम्प सेट को उखाड़ दिया। शुक्रवार सुबह हाथी बरकट्ठा डाकडीह के खंभारी नदी में स्थित थे। खबर सुनते ही वन विभाग और बरकट्ठा प्रशासन के साथ साथ आसपास के लोग भी हाथियों को भगाने का प्रयास किया लेकिन असफल रहे। वहीं वनरक्षी देवचंद महतो ने बताया कि अपने झुंड से तीन हाथी बिछड़ कर अलग हो गया है। किसी जान माल की क्षति नहीं पहुंचे इसलिए वन विभाग हाथियों पर नजर जमाए हुए हैं।

## पांडेय टोला में लगा ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों में खुशी

**बरही ।** ट्रांसफार्मर जल जाने के करना डपोक पंचायत का पांडेय टोला पिछले कई दिनों से अंधेरा में था । टोला वाले अपनी समस्या के लेकर जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव से मुलाकात किए । जिप उपाध्यक्ष ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग के वरीय पदाधिकारी से बात कर मुहल्ले में 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर व्यवस्था करवाया । जिसका जिप उपाध्यक्ष ने शुक्रवार को फीता काटकर विद्युत सेवा पुनः बहाल किया । विद्युत बहाल होने से टोला वालो में खुशी का माहौल है । जिप उपाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र की समस्या को वह सभा समाधान करने के लिए प्रयासरत रहते है ।

## मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने रामनवमी महापर्व में लगे पांच पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित



**बरही।** विभिन्न क्षेत्रों में रामनवमी महापर्व धूमधाम से मनाया गया। इसी कड़ी में बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत में भी रामनवमी महापर्व धूमधाम से संपन्न करवाने में लगे पुलिसकर्मियों को धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद के द्वारा सम्मानित किया गया। उन्हे सम्मान स्वरूप अंग वस्त्र दिया गया। मौके पर मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि पुलिसकर्मी अपने पत्नी, बाल बच्चों को छोड़कर हम लोगों के लिए लगे रहते हैं, ताकि हमारा त्यौहार अच्छे से गुजरे। इसके लिए मैं उन्हें सम्मान देकर बहुत खुश महसूस कर रहा हूं।सम्मानित होने वाले पुलिसकर्मियों में वीरेन्द्र कुमार साव, रामानन्द कुमार, जयनारायण महतो, प्रवीण कुमार, बसिया टुडू आदि शामिल है।

## NEWS इन ब्रीफ

### बाजारटांड में खुला ग्रामीण व्यापार केंद्र

**कुरडेग।** जोहार परियोजना के द्वारा संचालित महिला जाग्रति प्रोडूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा अंतर्गत आत्म निर्भरता को बढ़ावा देने व महिलाओं कुरडेग के बाजारटांड़ में ग्रामीण व्यापार केंद्र सह जोहार एग्री मार्ट की शुरूआत की। मार्ट का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव,जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा, सीओ उपप्रमुख, मुखिया उर्मिला कुजूर एवम कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के उपस्थित में किया गया।महिला जाग्रति प्रोडूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा स्थापित इस मार्ट में उन्नत कृषि की बढ़ावा देने बाजार से कम दर पर सामान उपलब्ध कराने की कवायद की गयी है। उपलब्ध सेवाओं में उत्तम खाद बीज, कृषि यंत्र सुविधा, मौसम की जानकारी, बाजार सुविधा, मिट्टी जांच, मछली, पशु चारा आदि शामिल हैं। जोहार एग्री मार्ट में मार्केट से उचित मूल्यों में बीज, कृषि सामग्री प्राप्त कर सकेंगे एवं लाभ वापस किसानों को लाभांश के रूप में प्रदान किया जाएगा साथ ही साथ बिचौलिए से किसानों को बचाना भी एक मुख्ये उद्देश्य है जिसका सीधा लाभ किसानो प्राप्त होगा।

### समिति ने शांति समिति व अखाड़ों के अध्यक्षों को किया सम्मानित

**ठेठईटांगर।** रामनवमी समिति ठेठईटांगर ने विभिन्न अखाड़ों के अध्यक्षों एवं शांति समिति के सदस्यों को अंग वस्त्र तोलिया देकर कर सम्मानित किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार अंचलाधिकारी समीर कश्यप थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश मोहम्मद मुमताज आलम मोहम्मद अलाउद्दीन मोहम्मद पुरोहित सूर्यकांत झा, महमूद को अंग वस्त्र देकर रामनवमी समिति ठेठईटांगर ने सम्मानित किया। ठेठईटांगर रामनवमी समिति ने खजूरटांड, रिपो टोली, अलसंगा,बर टोली रामनवमी समिति के अध्यक्षो को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया एवं प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को शील्ड कप विजेता घोषित किया गया।

### आज और कल गांधी मैदान में स्वास्थ्य मेला का होगा आयोजन

**सिमडेगा।** आज एवं कल रविवार को विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं, कार्यक्रम, स्वास्थ्य जागरूकताओं एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को जन-मानस तक पहुंचाने तथा लाभान्वित करने हेतु सिमडेगा जिले में जिला स्तरीय दो दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन गांधी मैदान, सिमडेगा में किया जा रहा है। निर्धारित स्थल पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक होगा। मेले में स्वास्थ्य विभाग पंजीकरण काउंटर, पुरुष ओपीडी, महिला ओपीडी परिवार नियोजन परामर्श, मोतियाबिंद जांच, मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, आयुष कार्यक्रम, दवा वितरण, राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, कुष्ठ निवारण कार्यक्रम, मलेरिया, एनसीडी जांच, टीकाकरण, आयुष्मान भारत योजना, पीसी और पीएनडीटी एवं खून जांच से संबंधित स्वास्थ्य मेला में स्टॉल लगाए जाएंगे। उपायुक्त आर. रॉनीटा ने जिले के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे निःशुल्क स्वास्थ्य मेला में अपने पूरे परिवार के साथ आएं और जांच करा कर दवाइयां और परामर्श के साथ ही समस्त सरकारी स्वास्थ्य एवं अन्य योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें।

### सड़क दुर्घटना में एक महिला गंभीर

**चैनपुर।** चैनपुर थाना अंतर्गत छतरपुर गांव के पास शुक्रवार सुबह 9:00 बजे स्कूटी का संतुलन बिगड़ने से स्कूटी एक पेड़ से जा टकराई। जिससे स्कूटी चालक महिला 28 वषीर्या कुमुद केरकेट्टा गंभीर रूप से घायल हो गई। बेहोश हो गई। कुमुद के सर व चेहरे में गंभीर चोट आई है। जिसे चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया।

---

### धूमधाम और भक्तिभाव के साथ चैती दुर्गा पूजा संपन्न

# विसर्जन में उमड़ी महिलाओं की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

शहर के दो पूजा पंडालों में आयोजित चैती दुर्गा पूजा का समापन शुक्रवार को मां दुर्गे की प्रतिमा की विसर्जन के साथ सम्पन्न हुई। शुक्रवार को दोनों ही पूजा पंडालों के द्वारा विशाल विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में डीजे के धुन पर महिलाएं थिरकती नजर आईं। वहीं जय श्री राम... जय माता दी के जयघोष के साथ माहौल पूरा भक्ति में हो गया।चैती दुर्गा पूजा समिति सलडेगा द्वारा चैती दर्गा पूजा संपन्न होने के बाद शुक्रवार को श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मां दुर्गे की शोभा यात्रा निकाली गयी।वहीं ठाकुरटोली पूजा पंडाल के द्वारा भी विशाल विसर्जन शोभायात्रा





निकाली गई जिसमें महिलाएं भी शामिल रहीं। दोनों ही पूजा पंडाल में पिछले 28 मार्च से ही प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही थी। लगातार तीन दिनों तक पूजा अर्चना के बाद शुक्रवार को मां शेरावाली की भव्य शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गयी। शोभायात्रा में काफी संख्या में महिला-पुरुष ने आस्था के साथ भाग लिया। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा रहे थे तथा मां दुर्गे की जय, मां शेरावाली की जयकारे लगा रहे थे।शोभा यात्रा में शामिल लोग भक्ति गीतों धुन पर झूमते हुए धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे थे। शोभायात्रा में शामिल लोग शहर का भर्मण कर जलाशय तक गये। जहां मां दुर्गे की प्रतिमा को जल में विसजिर्त किया गया। शोभायात्रा में मुख्य रूप से मनोज सिंह, वार्ड पार्षद शशि गुड़िया, अरुण सिंह, वार्ड पार्षद सुनीता देवी, अध्यक्ष अभय विश्वकर्मा, जगदीश सिंह, सचिव आनंद जायसवाल, प्राचार्य राजेंद्र साहू,रविकांत सिंह, निरंजन प्रसाद, नागेंद्र पाठक, दिलीप महतो, राकेश कुमार चंचल, मितेश सिंह, नितिन कुमार, संदीप महतो, गणेश महतो, विक्रम महतो, अरविंद श्रीवास्तव, अखिलेश प्रसाद, मिथुन सिंह, कृष्णा भारती, महावीर महतो, अमित केसरी, विष्णु हजाम, नवीन सिंह, मुरारी प्रसाद, कलेश महतो के अलावा अन्य लोग शामिल थे।

---

# बानो में हनुमान मंदिर का 15वां स्थापना पर यज्ञ का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। बानो**

प्रखंड के उकौली में हनुमान मंदिर का 15 स्थापना दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया गया है। ग्राम उकौली में तीन दिवसीय यज्ञ को लेकर शुक्रवार को कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा में 501 कलश अभिमंत्रित कर जलाशय से मन्दिर परिसर स्थित पूजा मंडप में लाया गया। कलश का पूजन पंडित श्याम सुंदर मिश्रा ने संकल्प कराते हुए मंगल कामना किया। इसके साथ ही तीन दिवसीय यज्ञ आरंभ हो गया। पूजा में जजमान के रूप में रामानंद सिंह सह पत्नी क्लेन्द्री देवी पूजा में बैठे। कलश यात्रा में काफी संख्या में ग्रामीण भी भाग लिये। राधे राधे कृष्ण। कृष्ण, जय श्री राम नारे से क्षेत्र गूंज उठा। पूरा मन्दिर परिसर महाबीरी पताको से सजाया गया है। कलश यात्रा में उकौली, बादलूंग, बानो बड़काडुईल आदि गांवों के भक्तों ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश सिंह, भूनेंद्र सिंह, गणेश, गोपाल सिंह, मदन सिंह, आनन्द महतो आदि लोगो का सहयोग रहा।

---

### विद्या मंदिर स्कूल में तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला प्रारंभ

# समाज परिवर्तन के कारक गुरु होते हैं : शम्मी

#### विद्या मंदिर सामाजिक चेतना का केंद्र है : विनोद राय

#### आत्म मूल्यांकन का आधार आचार्य कार्यशाला : बिपिन कुमार दास




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

विद्या भारती की योजना के अनुसार शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर एवं शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के सभी आचार्य आचार्या उपस्थित हुए। 31 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित इस कार्यशाला का शुभारंभ आगत अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन से किया गया। इस कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप मेंउपस्थित गुमला विभाग के विभाग प्रचारक शम्मी कुमार ने कहा कि समाज परिवर्तन का कारक गुरु होते हैं। उन्होंने प्राचीन काल का उदाहरण देते हुए भगवान राम, भगवान कृष्ण, विवेकानंद, गुरु गोविंद सिंह आदि के जीवन में गुरु के अमूल्य मार्गदर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि सभी के जीवन में गुरु की प्रेरणा से ही सफलता मिलती है। उन्होंने समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए कुटुंब प्रबोधन, स्वावलंबन, स्वदेशी एवं नागरिक शिष्टाचार का महत्व बताया। इस मौके पर विभाग प्रचारक शम्मी कुमार एवं प्रबंध कारिणी समिति के उपाध्यक्ष विनोद राय को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। उपाध्यक्ष विनोद राय ने अपने संबोधन में कहा कि विद्या मंदिर सामाजिक चेतना का केंद्र है। शिक्षा के साथ भारतीय संस्कार का समाज में प्रचार यहां की शिक्षा की मूल विशेषता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने आगत अतिथियों का परिचय एवं कार्यशाला की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि आगामी सत्र की योजना बनाने की दृष्टि से आयोजित इस तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला के द्वारा आत्म मूल्यांकन का अवसर प्राप्त होता है। विगत सत्र में रह गई कमियों को दूर करने के लिए संकल्प लेकर योजना अनुसार कार्य करना इस कार्यशाला का मूल उद्देश्य है। यह कार्यशाला 14 सत्रों में संचालित होनी है। इस दौरान समाज, समिति, आचार्य, अभिभावक एवं भैया बहनों के सर्वांगीण विकास पर व्यापक चर्चा होगी। एकल गीत जया मिश्रा ने प्रस्तुत किया। द्वितीय सत्र में स्थाई भौतिक सामग्री एवं पंजी का सत्यापन किया गया। तृतीय सत्र में विद्यालय के सबल एवं निर्बल पक्ष पर विस्तृत चर्चा की गई। चतुर्थ सत्र में आचार्य भारती गठन एवं शून्यकालांश का महत्व विषय पर चर्चा की गई। उद्घाटन सत्र में मंच संचालन सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय ने किया।

---

# धर्म के प्रति सजग होकर आत्मरक्षा में आगे आएं बहन-बेटियां : भैरव सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय उत्क्रमित बुनियादी विद्यालय मैदान में भव्य रामनवमी मेला का आयोजन केंद्रीय महावीर मंडल कमिटी द्वारा किया गया। आयोजन मेला का मुख्य अतिथि भैरव सिंह थे। इससे पूर्व मेला का उद्घाटन पहान पुजार के द्वारा सरना रीति रिवाज के अनुसार मैदान स्थित अखाड़ा में पूजन कर किया गया। इसके ततपश्चात अतिथियों द्वारा राम जानकी एवं हनुमान की आरती कर शुभारम्भ कराया गया। जानकारी के अनुसार बता दें कि रामन्वमी मेला आयोजन में तमाम सेन्हा पंचायत के हिन्दू संगठन के सहयोग से आरम्भ हुआ। जहां सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत एवं अन्य प्रखंड क्षेत्र से रामभक्त अपने अखाड़ा के साथ अस्त्र शस्त्र परिचालन कर खेल का प्रदर्शन किया। जबकि सुरक्षा व्यवस्था में दंडाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारी सहित शस्त्र बल चौकस नजर आए। वहीं वरीय पदाधिकारी अनुमंडल पदाधिकारी



अरविंद कुमार लाल, पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद, अंचलाधिकारी विजय कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान क्षेत्र का भ्रमण कर विधि व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रतिनियुक्त पदाधिकारी दिया। मेला में अस्त्र शस्त्र परिचालन के दौरान मुख्य अतिथि भैरव सिंह ने रामभक्तों को धर्म के प्रति सजग रहने तथा आत्मरक्षा पर जोर देते हुए कहा झारखंड राज्य में ही नही बल्कि पूरे देश में बेटी बहनों एवं युवा वर्ग को जागरुक होने की आवश्यकता है। अस्त्र शस्त्र परिचालन हमारे धर्म में पूर्वजों के समय से चला आ रहा है। उस परंपरा को कायम रखने में हम सभी का अहम योगदान होनी चाहिए। अस्त्र शस्त्र परिचालन के तरीका सीखने से भविष्य में आत्मरक्षा के लिए कारगर नही बल्कि देश हित में सोच कर सीखना चाहिए। मौके पर केंद्रीय महावीर मंडल कमिटी के पदेन कार्यकर्ता, पूर्व जिला पतिषद सदस्य रामलखन प्रसाद सहित रामभक्त महिला पुरुष एवं युवा वर्ग के लोग हजारों हजार की संख्या शामिल थे। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, सीओ विजय कुमार, थाना प्रभारी धनंजय पासवान दल बल के साथ मौजूद थे।

---

# डीसी ने बाल संप्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

उपायुक्त सुशांत गौरव ने शुक्रवार को बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाल संप्रेक्षण गृह के परिसर में नव निर्मित गार्ड रूम, किशोर न्याय बोर्ड कार्यालय, शौचालय आदि के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच की। किशोर न्याय बोर्ड कार्यालय के नवीकरण को देखकर उपायुक्त प्रभावित हुए। बाल संप्रेक्षण गृह के चारों ओर लगे कॉन्सेंट्रीना वायर को पेंट करने का निर्देश दिया। पानी पाइप की मरम्मत कराने का भी निर्देश दिया। साथ ही विसंगतियों को दूर करने का निर्देश दिया। उन्होंने पूरे परिसर की दीवारों पर स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुषों के विचारों तथा सकारात्मक विचारों को लिखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने इस दौरान बाल संप्रेक्षण गृह में रहने वाले बच्चों से भी मुलाकात की। उन्होंने एक अभिभावक जैसी भूमिका निभाते हुए सभी को समझाया तो कुछ को फटकार भी लगाई। बच्चों को उनके भविष्य के प्रति गंभीरता दिखाने की बात कही। साथ ही किसी भी व्यक्ति के प्रभाव में आकर गलत कार्य करने से बचने की सलाह दी। इस मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के अलावा बाल संप्रेक्षण गृह के कर्मी भी उपस्थित रहे।

### 11 हजार बिजली तार से युवक घायल, अस्पताल भर्ती

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के मेला स्थल सेन्हा में कार्य करने के दौरान ग्यारह हजार बिजली तार के संपर्क में आने से युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना केंद्रीय महावीर मंडल कमिटी एवं पुलिस को मिलते ही आनन फानन में घायल युवक को निजी वाहन से अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान सेन्हा निवासी प्रकाश महतो का 28 वर्षीय पुत्र मनोज महतो के रूप में किया गया। बताया जाता है,कि मेला स्थल सेन्हा में लाइट साउंड सज्जा का कार्य करने के दौरान घटना हुआ। वहीं घटना की सूचना पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद को मिलते ही अस्पताल पहुंच घायल मनोज का जायजा लेते हुए वैकल्पिक व्यवस्था में पहल किया। जबकि इस घटना को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी मेला स्थल पहुंच जानकारी लेते हुए शिवजी लिली पुट पब्लिक स्कूल का लगा द्वार को हटाने के लिये तत्काल नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया।

### राजा बंगला में एकल पाठशाला का उद्घाटन

# गरीब बच्चों को मिलेगा निःशुल्क हेल्थी एजुकेशनः सौरव समीर

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

शहरी क्षेत्र के राजा बंगला परिसर में शुक्रवार को एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा संचालित एकल पाठशाला का उद्घाटन प्रख्यात फिल्म अभिनेता सौरव समीर ने विधिवत किया। उद्घाटन के मौके पर मौजूद अतिथियों और शहर के जागरूक नागरिकों ने इसे एक कल्याणकारी प्रयास बताया। एकल पाठशाला की व्यवस्था स्थानीय स्तर पर होने पर इसका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। समाज के गरीब, अनाथ और रोज कमाने खाने वाले परिवार के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में नई दिशा मिलने की उम्मीद व्यक्त किया गया। इस संदर्भ में फिल्म अभिनेता सौरव समीर ने कहा कि, एकल पाठशाला का मूल उद्देश्य गरीब और लाचार बच्चों का उत्थान और विकास शिक्षा के माध्यम से करना है। कहा कि, रिक्शा चालक, ठेला चालक, फुटपाथ में दुकान चलाने वाले, खोमचा वाले अभिभावक अपने




बच्चों को वर्तमान परिवेश के अनुरूप शिक्षा नहीं दे पाते हैं। एकल पाठशाला रोज कमाने खाने वाले परिवार के बच्चों को गुणात्मक शिक्षा देगा। पहली से पांचवी कक्षा तक निःशुल्क पढ़ाई की व्यवस्था की गई है। सौरव समीर ने कहा एकल पाठशाला में पढ़ने वाले बच्चों को हेल्दी एजुकेशन देने की पूरी व्यवस्था है। आने वाले फीचर को देखकर बच्चों को शिक्षित करने के लिए एकल पाठशाला की पूरी टीम कार्य योजना के तहत काम करेगी। उद्घाटन के मौके पर हेमंत राय, शुभम कुमार, पवन प्रजापति, वेदांग सिंह, रमन नायक, बच्चों के अभिभावक और जागरूक नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद थे।

---

### गुमला में पांच दिवसीय मंडा महापर्व शुरू

**गुमला।** घाघरा प्रखंड के ऐतिहासिक हापामुनी ग्राम में शुक्रवार को पांच दिवसीय शिव आराधना सह मंडा महापर्व का शुभारंभ हुआ। पहले दिन लातेहार, गुमला, लोहरदगा, एवं रांची सहित विभिन्न क्षेत्रों की सात महिलाओं सहित 100 शिव भक्तों ने मंडा महापर्व की उपासना का संकल्प लिया। इस अवसर पर पटभोक्ता महादेव उरांव की अगुवाई में विभिन्न क्षेत्रों से आए शिव भक्तों ने भोक्ता प्रवेश के लिए प्रसिद्ध महामाया मंदिर हापामुनी में महामाया भगवती की एक बार बोलो शिवा मुनि महेश के उद्घोष के साथ परिक्रमा की। इसके बाद महामाया मंदिर में रखे भगवान महादेव के शिवलिंग को शिव आराधना के लिए मंडा चबूतरा हापामुनी बाजार टांड़ ले जाकर स्थापित किया गया। इस संबंध में पटभोक्ता महादेव उरांव एवं पुजारी राजेश मणि पाठक ने बताया कि पांच दिनों तक चलने वाले मंडा महापर्व में सभी शिव भक्त पटभोक्तों महादेव उराव की अगुवाई में भगवान शिव से मनोवांछित वरदान प्राप्ति के लिए शिव आराधना में लीन रहेंगे। उल्लेखनीय है कि चतुर्दशी की रात सारे भक्त अग्नि परीक्षा देते हुए दहकते अंगारे पर खाली पैर चलते हैं। इस मौके पर मंडा मेला समिति हापामुनी के संरक्षक प्रोफेसर अवध मणि पाठक, चुंदरी पंचायत के पूर्व मुखिया आदित्य भगत, पुजारी मुकुंद मणि पाठक सहित कई लोग उपस्थित थे।

### वज्रपात की चपेट में 15 वर्षीय किशोर झुलसा

**ठेठईटांगर।** थाना क्षेत्र के कुटुनिया गांव में शुक्रवार की सुबह महुआ चुनने के दौरान वज्रपात की चपेट में आकर 15 वर्षीय किशोर झुलस गया जिसके परिवार वालों ने उसे इलाज के लिए तत्काल सदर अस्पताल सिमडेगा में भर्ती कराया है। किशोर की पहचान मुन्ना बाघवार के रूप में हुई जो अपने परिवार के साथ जंगल में महुआ चुनने गया था। इसी बीच शुक्रवार की सुबह अचानक बारिश होने लगी और वह बारिश से बचने के लिए पेड़ का नीचे सहारा लिया जिसके बाद अचानक आकाश से बिजली चमकी और उसका चपेट में आकर मुन्ना झुलस गया। सदर अस्पताल सिमडेगा में उसकी इलाज चल रही है।

### आदिवासी समाज का विशु शिकार 29 अप्रैल से होगा शुरू : लक्ष्मी नारायण

**लोहरदगा।** 12 पड़हा अंतर्गत ओनेगड़ा बजार टांड़ में चरवा उरांव के अध्यक्षता में 12 पड़हा सेन्दूर ,18 पडहा ऊपर तुरियाडीह हेंदेहास, 12 पड़हा पेशरार की बैठक हुई। जिसमें जिला राजी पड़हा लोहरदगा वेल लक्ष्मी नारायण भगत उपस्थित रहे। इस बैठक में मुख्य रूप से विशु शिकार 28, 29, 30 अप्रैल को सफल बनाने हेतु चर्चा हुई। लक्ष्मी नारायण भगत ने कहा कि हमारे पड़हा को कमजोर करने का साजिश रची जा रही है इसके पीछे कहीं न कहीं धर्मांतरण एवं राजनीतिक दलाल काम करने लगे हैं। इसके चंगुल से समाज को बचाने की जरूरत है। जो गांव एवं समाज के दुःख दर्द से दूर रहने वाले लोग आज चुनाव आ रहा है। इसके लिए अपने आप को समाज का अगुआ बन गांव गांव घूम रहे हैं। इस बैठक में मुख्य रूप से तीनों पड़हा से काफी लोग उपस्थित रहे। जिला राजी पड़हा लोहरदगा बैठक 2-4-2023 रविवार को झखरा कुम्बा लोहरदगा में होगी जिसमें जिला के सभी आदिवासी संगठनों के अध्यक्ष को एवं पड़हा अधिकारी को उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। जिसमें जिला राजी पड़हा लोहरदगा के सभी अधिकारी एवं सभी पड़हा के वेल, देवान, कोटवार तथा सदस्यों शामिल होंगे।

### एसडीओ समेत आलाधिकारियों ने किया सेन्हा मेला स्थल का निरीक्षण

**सेन्हा।** सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी विद्यालय खेल मैदान में रामनवमी के अवसर पर केंद्रीय महावीर मंडल कमिटी की ओर से मेला का आयोजन किया जाना है। जिसको लेकर अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अमित बेसरा एवं पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद स्थल का निरीक्षण कर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, अंचलाधिकारी विजय कुमार तथा प्रतिनियुक्त पदाधिकारीयों से जायजा लेते हुए विधि व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिया गया। मेला स्थल सहित चौक चौराहे पर पौनी नजर रखने का भी निर्देश दिया गया।

---

### आस्था | भरत मिलाप, शोभायात्रा सह मेला का भव्य आयोजन, सांसद ने कहा

# मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम हमारे आदर्श है

#### हमे अपने परंपरा संस्कृति, सभ्यता को बचाये रखना है

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**

प्रखंड मुख्यालय में दशमी के अवसर पर भरत मिलाप, शोभायात्रा सह मेला का भव्य आयोजन किया गया। शोभायात्रा की शुरूआत संकट मोचन महाबीर मंदिर कैरो परिसर से हुई। जहां भगवान श्रीराम उनके भाई भरत की झांकी सजाई गई थी। जो मुख्य पथ डॉ. नारायण स्कूल के समीप भरत मिलाप करते हुए जिले से आये विभिन्न अखाड़ो के झांकी व जुलूस का स्वागत किया गया। विभिन्न महाबीर मंडल के लोगों ने गाजे बाजे के साथ जय श्रीराम का नारा लगाते हुए अखाड़े को मिलाते



हुई भ्रमण किया और पुनः मेला टाड पहुंच कर अस्त्र शस्त्र का संचालन प्रतियोगिता का प्रदर्शन किया गया। शोभायात्रा में कैरो, उतका, चाल्हो, सढाबे, हनहट, नरौली, खंडा, नगजुवा, सेरनगहातु, बरही, मसमनो, सुकरहुटु, खरता, टाटी, बसरि, कुडू, हेंजला, सीठियो, कुम्हरिया, नग ड़ा, गुड़ी, सोस एवं गुमला एवं रांची जिले के कई अखाड़ो ने भाग लिया। अस्त्र शस्त्र संचालन प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रमुख अखाड़े को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मेला टाड सहित विभिन्न मार्गो में युवा सद्भावना मंच समेत कई सामाजिक संगठनों के द्वारा शोभायात्रा में शामिल लोगों के लिए चना गुड़ पानी का व्यवस्था की गई थी। मौके पर सांसद सुदर्शन भगत ने कहा की पुरूषोतम श्रीराम हमारे आदर्श हैं। हमे अपने परंपरा संस्कृति, सभ्यता को बचाये रखना है। उनके बतलाए मार्ग चलकर हम जीवन मे सफल बना सकते हैं। पर्व त्योहार को आपसी प्रेम भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वतावरण में मनाए। वही बिंदेश्वर उरांव ने कहा कि रामायण में भगवान श्री राम और उनके भाई भरत के चरित्र को अपनाने की जरूरत है। भरत का श्री राम के प्रति भातृ प्रेम हमे रिश्तों को प्रगाढ़ता से निभाने की शिक्षा देती है। मौके पर महावीर मंडल लोहरदगा के अध्यक्ष रोहित कुमार साहू, महाबीर मंडल कैरो के शरत कुमार विद्यार्थी, आनंद साहू, परमेश्वर भगत, नीरू शांति भगत, बिंदेश्वर उरांव, श्रीचंद प्रजापति, ओम सिंह, कृष्ण जैतन्य ब्रह्चारी, कैरो उप प्रमुख मधुलिका रानी, मुखीया बीरेंद्र महली, जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, ओम प्रकाश गुप्ता, अशोक साहू, महाबीर मंडल कैरो के अध्यक्ष विवेक प्रजापति, सचिव बिनोद राम, मनोज पांडेय, शरत कुमार विद्यार्थी, शंभु सोनी,परमेश्वर भगत, रामपाल, रवि प्रजापति, बुधवा उरांव, बीरेंद्र महली, लालेश पांडे, विशेश्वर प्रसाद दिन, बजरंग उरांव, रामपवित्र सोनी, बिपिन सिंह, सूरज मोहन साहू, कृष्णा साहू, बाबूलाल उरांव सहित काफी संख्या में ग्राम व प्रखंड के गण्यमान का सहयोग रहा वंही मेला में काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# श्री राम और उपद्रव

***पूरा*** झारखंड रामनवमी के मौके पर राममय हो गयी। कारण आज भी मर्यादा पुरूषोतम राम हमारे कण-कण में विराजमान हैं। ऐसे में हिंसा की खबरें मन को कचोटती हैं। पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र की घटना राम के इस देश में स्वीकार नहीं है। ऐसे में इस घटना पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। ताकि फिर कभी उपद्रवी ऐसी गलती न कर सकें। बहरहाल राजधानी रांची सहित राज्यभर में रामनवमी का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। राम भक्तों का उत्साह सिर चढ़कर बोल रहा था। जय श्री राम के नारे से हर गली और चौराहा गूंज रहे थे। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मोत्सव पर शहर के कई स्थानों पर झांकी भी प्रदर्शित की गई। सुबह से हनुमान मंदिरों में लंबी कतारें लग गई थी। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों में पंडितों ने पूजा-अर्चना करवाकर ध्वजारोहण कराया। लोगों ने भक्तिभाव से श्रद्धा और शांतिपूर्वक रामनवमी का त्योहार मनाया। इस मौके पर समितियों की ओर से भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई है। इसमें श्रद्धालु डीजे की धुन पर जमकर थिरकते हुए नजर आये। सुबह की गर्मी और आंधी तूफान का असर राम भक्तों पर नहीं पड़ा। राम नाम के उद्घोष से सृष्टि धन्य हो गयी। पलामू में भी श्रीराम नवमी के अवसर पर राम भक्तों ने श्रीराम जन्म महोत्सव का धूमधाम से आयोजन किया । बिजली,पानी,बीमार व्यक्ति को हॉस्पिटल पहुंचाने में परेशानी का जरूर सामना करना पड़ा। लेकिन सबके जुबां पर एक ही नाम सुनने को मिला जय श्री राम। रामनवमी का पर्व भारत में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाता है। इसी दिन चैत्र नवरात्र की समाप्ति हो जाती है। हिन्दू धर्म शास्त्रों के अनुसार त्रेतायुग में रावण के अत्याचारों को समाप्त करने तथा धर्म की पुनः स्थापना के लिये श्री राम का जन्म हुआ था। वहीं इस मौके पर बाहर से आये कलाकार हर जगह से विदा हो गये। इस शर्त के साथ कि फिर अगले साल आयेंगे। विगत तीन वर्षों में कोविड-19 महामारी के कारण रामनवमीं का पर्व नही मनाया जा सका था। **जगह-जगह** कई संगठनों के द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया। नगर निगम व परिसर रामनवमी में लगने वाले भीड़ और शोभायात्रा के दौरान होने वाले भीड़ को ध्यान में रखते हुए सक्रिय रहा। इसके द्वारा सफाई, शौचालय, बिजली और जेनरेटर, पीने का पानी की व्यवस्था की गई। सड़कों पर सफाई इस बार सभी जगहों पर अच्छी थी। कुल मिलाकर इस बार रामनवमी के मौके पर सुरक्षा के साथ-साथ जरूरत के सारे सामना उपलब्ध कराया जाना यह दर्शाता है कि इस पर्व के प्रति लोगों में गहरी आस्था है। दूसरी तरफ मुस्लिम समुदाय द्वारा भी सहयोग करना यह संदेश देता है कि भले ही वे धर्म बदले हैं,लेकिन अपने पूर्वज नहीं। कारण भगवान राम सभी के हैं। ऐसे में सिया राममय सब जानी के देश में हिंसा की कोई जगह नहीं है। आइये श्री राम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर अगले जन्मोत्सव पर नया करने का संकल्प लें। समाज में फैल रही हिंसा कहीं से जायज नहीं है। भगवान श्री राम के जीवन को अपने अंदर उतार कर नये समाज की परिकल्पना की जा सकती है। ऐसे में भले ही रामनवमी का पर्व चला गया हो, लेकिन इसे प्रत्येक दिन मनाने की जरूरत है।

**मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मोत्सव पर शहर के कई स्थानों पर झांकी भी प्रदर्शित की गई। सुबह से हनुमान मंदिरों में लंबी कतारें लग गई थी। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।**

# धर्म व राजनीति का घालमेल घातक है





ललित गर्ग

***धर्म*** और राजनीति के घालमेल से समाज एवं राष्ट्र में उन्माद, अराजकता एवं अशांति पैदा हो रही है, राजनीति धर्म का बेजा इस्तेमाल करते हुए अपने वोट बैंक को बढ़ाने में लगे हैं तो तथाकथित धर्म के ठेकेदार एवं धर्मगुरु राजनीतिक मंचों का उपयोग करते हुए स्वयं को चमकाने में लगे हैं, दोनों ही अपने स्वार्थ पूर्ति के लिये धर्म की मूल आत्मा को ध्वस्त कर रहे हैं, इस तरह की घटनाओं को लेकर लगातार कई मंचों से चिंता व्यक्त की जाती रही है। लेकिन यह विडंबना ही है कि यह घालमेल बढ़ता ही जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी समीचीन है कि जब तक धर्म और राजनीति को अलग-अलग नहीं करेंगे, नफरत की आंधी पर विराम नहीं लगेगा। सार्वजनिक मंचों पर सभी यह मानते हैं धार्मिक वैमनस्यता, नफरत, घृणा, द्वेष उचित नहीं है, लेकिन व्यवहार में ऐसा होता नहीं दिखता। जाहिर है कि राजनेताओं और धमार्चार्यों के एक वर्ग ने स्वार्थवश न तो राजनीति को पवित्र रहने दिया है और न ही धर्म को। जबकि धर्म का पहला मंत्र ही स्वार्थ से मुक्ति पाना है। भारतीय संस्कृति की आत्मा ही धर्म है, लेकिन वास्तविक धर्म क्रियाकांड, आडम्बर एवं एक दूसरे को नीचा दिखाने में नहीं है। धर्म तो जीवन का स्वभाव है, खुद को पवित्र करने का जरिया है। राजनीति पर धर्म का नियंत्रण हो, यह अपेक्षित है। लेकिन कौनसे धर्म का नियंत्रण? वास्तविक धर्म न तो पंथ, मत, सम्प्रदाय, मन्दिर या मस्जिद में है और न धर्म के नाम पर पुकारी जाने वाली पुस्तकें ही धर्म है। धर्म तो सत्य और अहिंसा है, धर्म तो जीवन रूपान्तरण की, आत्मशुद्धि की प्रक्रिया है। धर्म इंसानों को जोड़ने का माध्यम है न कि तोड़ने का। धर्म तो त्रस्त, दुःखी एवं व्याकुल मानव-जीवन को आत्मिक सुख-शांति एवं राहत की ओर मोड़ने वाला है। जो नारकीय धरातल पर खड़े जन-जीवन को सर्वोच्च स्वर्गीय धरातल की ओर आकृष्ट करने वाला है। धर्म की इस उत्कृष्टता को हिंसा, अलगाव, बिखराव कहां स्वीकार्य है। इसलिये जरूरी है कि तुष्टिकरण हटे और उन्माद भी हटे। अगर भारत माता के शरीर पर धर्म के नाम पर बड़े-बड़े घाव करके भी हम कुछ नहीं सीख पाये, आस्था को उन्माद बनाने से नहीं रोक पाये, वोट के लिए धर्म की राजनीति करना नहीं छोड़ा और सर्वधर्म समभाव की भावना को पुनः प्रतिष्ठापित नहीं किया तो यह हम सबका दुर्भाग्य होगा। इसलिये सबको सन्मति दे भगवान। धर्म और राजनीति का मेल होना चाहिए या नहीं, इस पर पहले भी व्यापक बहस होती रही है। एक वर्ग यह मानता है कि धर्मविहीन राजनीति अपना उद्देश्य कभी पूरा नहीं कर पाती। धर्म के बिना राजनीति मधु के बिना मधुमक्खियों के छत्ते की तरह है, जो सिर्फ लोगों को काट ही सकती है। इस तर्क में भी तभी तक दम है जब तक धर्म को उसके सच्चे अर्थों में स्वीकार किया जाय। ऐसे भारतीय इतिहास में ऐसे असंख्य उदाहरण मौजूद हैं जब शासनाध्यक्षों ने अपने समय के सिद्ध धमार्चार्यों की शरण में रह कर उनके दिग्दर्शन में राजकाज चलाया। लेकिन वैसे धमार्चार्य कभी शासनाध्यक्ष नहीं बने। लेकिन समय के साथ-साथ धर्म और राजनीति दोनों में विद्रूपता भी आई है। रही-सही कसर गुलामी के सैकड़ों वर्षों एवं भारत विरोधी शक्तियों ने पूरी कर दी। आज तो राजनीति कथित धमार्चार्यों के सिर चढ़कर बोल रही है। धर्म के नाम पर नफरत फैलाने वाले राजनेता कानून और व्यवस्था की लक्ष्मण रेखाएं लांघ रहे हैं। 'रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाई पर वचन न जाई' इस आदर्श को निभाने वाले लोग देश को संगठित करने, ताकतवर बनाने के लिये प्रयास कर रहे हैं। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय जिन मुद्दों पर चिन्ता व्यक्त कर रही है, राजनीतिज्ञ, कर्णधार, धर्मगुरु और नेतृत्व देने वाले ऐसी चिन्ता क्यों नहीं कर पा रहे हैं? वे अगर तात्कालिक एवं दूरगामी नतीजे का अनुमान नहीं लगा पाय तो यह देश का दुर्भाग्य है। देश की शीर्ष अदालत ने नफरत फैलाने वाले बयानों (हेट स्पीच) को रोकने में नाकाम रहने पर सत्ता को फटकारते हुए यहां तक कह दिया कि वह नपुंसक की तरह व्यवहार कर रही है। कानून-व्यवस्था बनाये रखना मूल रूप से राज्यों का काम है, इसलिए हेट स्पीच पर रोक लगाने की जिम्मेदारी भी मुख्य रूप से राज्यों की बनती है। लेकिन राज्य सरकारें इसके लिए कोई प्रभावी कदम उठाती नजर नहीं आ रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाया कि आखिर राज्य होता ही क्यों है? आजादी के दीवानों को भी धर्म और राजनीति के अनैतिक घालमेल की आशंका रही होगी, इसीलिए उस दौरान यह विचार तेजी से आगे बढ़ा कि धर्म और राजनीति को अलग-अलग रहना चाहिए। महात्मा गांधी ने इस विचार को बखूबी आगे बढ़ाया। स्वामी विवेकानन्द, स्वामी दयानन्द सरस्वती, गुरू गोविन्दसिंहजी जैसे अनेक धर्मगुरु वास्तविक धर्म की स्थापना के लिये तत्पर रहे हैं, वे व्यवहार में पूरे धार्मिक थे, लेकिन राजनीति में इससे दूर रहे। भारतीय पुनर्जागरण के दौरान भी धर्म और राजनीति से ऊपर देशहित को रखा गया और विभिन्न धर्मावलंबी कंधे से कंधा मिलाकर लड़ते रहे। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की यह चिंता जायज ही कही जायेगी। हमारा राष्ट्र सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, धर्मनिरपेक्ष-(पंथ निरपेक्ष कहना चाहिए) समाजवादी गणतंत्र राष्ट्र है, इससे हटकर हमारी मान्यताएँ, हमारी आस्थाएं, हमारी संस्कृति सुरक्षित नहीं रह सकती, हमारा देश एक नहीं रह सकता। हम सब एक राष्ट्र के नागरिक के रूप में जी नहीं सकते। आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए विश्व की बड़ी ताकत बनने की ओर अग्रसर राष्ट्र को तथाकथित साम्प्रदायिक ताकतें एवं भारत विरोधी शक्तियां अपने उन्माद में, अपने स्वार्थ में, अपनी राजनीतिक उद्देश्यों में इसे कमजोर करते हैं तो ऐसी ताकतों से राष्ट्र की रक्षा की जानी जरूरी है। खतरा मन्दिरों, मस्जिदों, गिरजों और गुरुद्वारों को नहीं है, बल्कि खतरा हमारी संस्कृति को है, हमारी राष्ट्रीयता को, हमारी सांझा संस्कृति को हैं, जो हमारी हजारों वर्षों से सिद्ध चरित्र की प्रतीक है। जो युगों और परिवर्तनों के कई दौरों की कसौटी पर खरा उतरा है। कोई बहुसंख्यक और कोई अल्पसंख्यक है, लेकिन अल्पसंख्यक बहुतसंख्यक तो नहीं हो सकते। तो इस सच्चाई को स्वीकार करके रहना, अब तक हम क्यों नहीं सीख पाए? देश में अनेक धर्म के सम्प्रदाय हैं और उनमें सभी अल्पमत में हैं, वे भी तो जी रहे हैं। उन सबको वैधानिक अधिकार हैं तो उनके नैतिक दायित्व भी हैं। देश एवं सरकार संविधान से चलते हैं, आस्था से नहीं। धर्म को सम्प्रदाय से ऊपर नहीं रख सके तो धर्म का सदैव गलत अर्थ निकलता रहेगा। धर्म तो संजीवनी है, जिसे विष के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। वोटों के लिए जिस प्रकार की धर्म की राजनीति चलाई जा रही है और हिंसा को जिस प्रकार समाज में प्रतिष्ठापित किया जा रहा है, क्या इसको कोई थामने का प्रयास करेगा? राजनीति का व्यापार करना छोड़ दीजिये, भाईचारा अपने आप जगह बना लेगा। कोई भी परिवार, समुदाय या राष्ट्र एक-दूसरे के लिए कुबार्नी करने पर ही बने रहते हैं।

**भारतीय संस्कृति की आत्मा ही धर्म है, लेकिन वास्तविक धर्म क्रियाकांड, आडम्बर एवं एक दूसरे को नीचा दिखाने में नहीं है। धर्म तो जीवन का स्वभाव है, खुद को पवित्र करने का जरिया है। राजनीति पर धर्म का नियंत्रण हो।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### *आईए सुनें महाभारत की कथा*

***द्युत***-क्रीड़ा भवन में उसका धर्म कहाँ गया था। इसलिए अब उसे कोई अधिकार नहीं की वह किसी धर्म या युद्ध नियम की बात करे और उन्होंने अर्जुन से कहा कि अभी कर्ण असहाय है (ब्राह्मण का श्राप फलीभूत हुआ) इसलिए वह उसका वध करे। श्रीकृष्ण कहते हैं कि यदि अर्जुन ने इस निर्णायक मोड़ पर अभी कर्ण को नहीं मारा तो संभवतः पांडव उसे कभी भी नहीं मार सकेंगे और यह युद्ध कभी भी नहीं जीता जा सकेगा। तब, अर्जुन ने एक दैवीय अस्त्र का उपयोग करते हुए कर्ण का सिर धड़ से अलग कर दिया। कर्ण के शरीर के भूमि पर गिरने के बाद एक ज्योति कर्ण के शरीर से निकली और सूर्य में समाहित हो गई। तदनन्तर राजा शल्य कौरव-सेना के सेनापति हुए, किंतु वे युद्ध में आधे दिन तक ही टिक सके। दोपहर होते-होते राजा युधिष्ठिर ने उन्हें मार दिया। दुर्योधन की प्रायः सारी सेना युद्ध में मारी गयी थी। अन्ततोगत्वा उसका भीमसेन के साथ युद्ध हुआ। उसने पाण्डव-पक्ष के पैदल आदि बहुत-से सैनिकों का वध करके भीमसेन पर धावा किया। उस समय गदा से प्रहार करते हुए दुर्योधन के अन्य छोटे भाई भी भीमसेन के ही हाथ से मारे गये थे। महाभारत-संग्राम के उस अठारहवें दिन रात्रिकाल में महाबली अश्वत्थामा ने पाण्डवों की सोयी हुई एक अक्षौहिणी सेना को सदा के लिये सुला दिया। उसने द्रौपदी के पाँचों पुत्रों, उसके पांचालदेशीय बन्धुओं तथा धृष्टद्युम्न को भी जीवित नहीं छोड़ा। द्रौपदी पुत्रहीन होकर रोने-बिलखने लगी। तब अर्जुन ने सींक के अस्त्र से अश्वत्थामा को परास्त करके उसके मस्तक की मणि निकाल ली। (उसे मारा जाता देख द्रौपदी ने ही अनुनय-विनय करके उसके प्राण बचाये)। अश्वत्थामा इतने पर भी दुष्ट अश्वत्थामा ने उत्तरा के गर्भ को नष्ट करने के लिये उस पर अस्त्र का प्रयोग किया।

*(क्रमशः)*

# गांधी परिवार की फितरत में ही है अहंकार



श्याम जाजू

***राहुल*** गांधी के राजनीतिक जीवन में सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए बेबुनियाद बातें करना, गलत शब्दों के प्रयोग, अनावश्यक लांछन लगाने की प्रवृत्ति नई बात नहीं है। ऐसे अनेक प्रसंग हैं। इससे वह देश में हास्यापद हो गये हैं। लोग चटखारे लेते हैं। इससे बड़ा नुकसान उनकी पार्टी को तो हुआ ही है, साथ ही गांधी परिवार चरित्र चर्चा के दायरे में आ गया है। सूरत के विधायक पूर्णेश मोदी का राहुल के ऐसे ही बयान पर आपराधिक मानहानि का मुकदमा सुर्खियों में हैं। इस मुकदमे के अदालती फैसले से राहुल ने संसद की सदस्यता से अयोग्य घोषित हो गये हैं। यह कहने में संकोच नहीं है कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर राहुल का यही अतिरेक ही इस गति का कारण बना। 2019 में कर्नाटक की एक सभा में राहुल ने प्रधानमंत्री की पिछड़ी जाति का अपमान करते हुए कहा था कि देश के सब मोदी चोर क्यों होते हैं। यही वो बयान है जिस पर अदालत ने राहुल को दो साल की सजा सुनाई है। माना की सोने की चम्मच मुंह में लेकर राहुल राजप्रसाद में जन्मे हैं। उनकी पीढ़ियों ने देश में लंबे समय तक राज किया है। वो भी लोकसभा के सदस्य रहे हैं। कांग्रेस की कमान संभाल चुके हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं वह गरीब परिवार में जन्मे और राजनीति के फलक पर चमक रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अपमान करेंगे। दूरदर्शी मोदी तीन दशक से पूरे विश्व को प्रभावित कर रहे हैं। आज देश-दुनिया में उनकी लोकप्रियता भारत के हर नागरिक का सिर गर्व से ऊंचा कर रही है। सत्ता में रहने का अधिकार केवल एक ही परिवार को नहीं होता। इसे कांग्रेस और राहुल को समझना होगा। सत्ता वियोग के दुख से हताश राहुल गांधी अगर कोपभवन से नहीं निकले तो वह दिन दूर नहीं जब देश की जनता उन्हें और उनकी पार्टी को पूरी तरह खारिज कर देगी। राहुल को अहंकार त्यागना होगा। वैसे गांधी परिवार की तीन पीढ़ियों की मानसिकता का इतिहास कौन नहीं जानता। इन लोगों ने अपने गलत बयानों के लिए कभी माफी नहीं मानी। यह ऐतिहासिक साक्ष्य है कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस जब बहुमत से कांग्रेस के अध्यक्ष बने तब राहुल के पड़नाना नेहरू परेशान थे। उनके द्वेषपूर्ण रवैये की वजह से ही नेताजी को भारत से बाहर जाना पड़ा। स्वतंत्र भारत में उनकी मृत्यु का रहस्य कांग्रेस राज में फाइलों में दफन रहा। नेहरू ने कभी इस ऐतिहासिक गलती के लिए माफी नहीं मानी। सावरकर और संघ के प्रति दुर्भावना गांधी परिवार की खानदानी परिपाटी है। यही कारण है कि नेहरू ने गांधी जी की हत्या के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर पर आरोप जड़े। देशभक्त स्वयंसेवकों और सावरकर को जेल में बंद कर दिया। संघ पर प्रतिबंध लगा दिए गए। शर्मनाक यह है कि अदालत ने जब सबको बेदाग घोषित कर दिया तब भी नेहरू ने माफी नहीं मांगी। पाकिस्तान के साथ पहले युद्ध में नेहरू के कार्यकाल के समय कश्मीर का कुछ हिस्सा हमसे छीन लिया गया। यह भू-भाग आज तक वापस नहीं आया। इसका जिक्र कभी भी गांधी परिवार नहीं करता। इस ऐतिहासिक गलती पर माफी मांगना तो दूर की बात है। 1962 के युद्ध में नेहरू के चाइना प्रेम के कारण ''हिंदी चीनी भाई-भाई'' के नारों के बावजूद अपना कुछ भू-भाग चाइना के पास चला गया। सीमा क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्कर मजबूत न होने से अपने सैनिकों को युद्ध में बड़े पैमाने पर शहादत देनी पड़ी। हार स्वीकारनी पड़ी। तब भी नेहरू ने देश से माफी नहीं मांगी। राहुल की दादी इंदिरा गांधी ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले का अपमान करते हुए अपनी कुर्सी बचाने के लिए इमरजेंसी लगा दी। राजनीतिक कार्यकर्ताओं को जेलों में ठूंस दिया। जबरदस्ती लाखों लोगों की नसबंदी कर दी गई। लोकनायक जयप्रकाश नारायण, आचार्य कृपलानी और देशभक्त अटल बिहारी वाजपेयी तक को जेल भिजवा दिया।


**राहुल ने प्रधानमंत्री की पिछड़ी जाति का अपमान करते हुए कहा था कि देश के सब मोदी चोर क्यों होते हैं। यही वो बयान है जिस पर अदालत ने राहुल को दो साल की सजा सुनाई है।**

**गांधी परिवार**

## फोटो की दुनिया



## ट्वीट-ट्वीट



Pragya Mishra
@PragyaLive
सबसे संस्कारी पार्टी के विधायक जादव लाल नाथ..त्रिपुरा विधानसभा के भीतर..पोर्न इंडस्ट्री के विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं..
Translate Tweet

## फेसबुक वॉल से



*इस ब्रह्माण्ड मे कोई ईश्वर नही है* - **तथागत गौतम बुद्ध!**

*ईश्वर केवल शोषण का नाम है* - **सुकरात!**

*ईश्वर का जन्म ही गहरी साजिश से हुआ है* - **कार्ल मार्क्स!**

*इस देश मे जो नौजवान इश्वरवादी है मेरे नजर मे नामर्द है!* - **शहीद भगत सिंह**

*पुरे विश्व मे अगर कोई यह साबित कर दे कि ईश्वर है तो मै अपना सर्वस्त्र उसे दे दूँगा* - **स्टीफन हॉकिन्स!**

*कोइ ऐसा इश्वर नहीं है जो इस ब्रह्माण्ड को संचालित कर रहा है तुम अपने कर्म के जिम्मेदार स्वंय हो* -**रजनीश ओशो!**

# राजनीति दलों में मतभेद हो, मनभेद नहीं



सुरेश हिन्दुस्तानी

'***हम*** भारत के लोग' यह मात्र एक शब्द नहीं, बल्कि यह राष्ट्रीय एकात्मता की प्रतिध्वनि को प्रकट करने वाला ऐसा शब्द है, जिससे हम प्रेरित हैं। जब हम इस शब्द को उच्चारित करते हैं तो सहज ही हमारे मन में एक ऐसी भावना निर्मित होती है, जो सबको एक परिवार की भांति देखने के लिए काफी है। लेकिन आज हमारे देश के राजनीतिक दल भारत की इस मूल भावना को विस्मृत करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह बात सही है कि विचारों की भिन्नता हो सकती है, लेकिन मन में भिन्नता नहीं आनी चाहिए। अगर मन में भिन्नता का अंकुरण प्रस्फुटित होता है तो स्वाभाविक रूप से उसकी परिणति आक्रोश ही होगा। इसलिए आदर्श राजनीतिक विचार की परिभाषा यही है कि मतभेद तो होना चाहिए, लेकिन मनभेद नहीं। आज देश में मनों में भेद उत्पन्न करने की राजनीति की जा रही है। एक तरफ पाकिस्तान जैसा देश अपने नेटवर्क के माध्यम से भारत में मन भेद की कुत्सित चाल चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस और वामपंथी दल के नेता ऐसी चालों के साथ कदम मिलाकर कार्य करते हुए दिखाई देते हैं। वर्तमान में विरोधी राजनीतिक दलों के नेता जिस तरह से बयान दे रहे हैं, उसे राजनीतिक भ्रष्टाचार फैलाने वाला निरूपित किया जाए ज्यादा ठीक ही होगा। भ्रष्टाचार का आशय केवल आर्थिक भ्रष्टाचार ही नहीं होता, इसका मतलब यह भी है कि जो भ्रमित करने का आचरण करे, वह भी भ्रष्टाचार ही है। राजनीति में मतभेद होना कोई नहीं बात नहीं है, लोकतंत्र की स्वस्थ परंपराओं के अंतर्गत मतभेद हो सकते हैं। लेकिन जो मत प्रस्तुत किया जा रहा है, उसकी प्रामाणिकता भी होना चाहिए, इसी से लोकतंत्र को मजबूती मिलती है। अगर तथ्यहीन मत प्रस्तुत किया जाता है तो वह बहुत बड़े भेद का कारण बनता है। वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य को देखकर कहा जा सकता है कि अब मतभेद ही नहीं, बल्कि मनभेद की राजनीति मुखर होती जा रही है। जहां तक मतभेद की बात है तो मतभेद तो परिवार में भी हो सकते हैं, लेकिन वहां मनभेद को कोई स्थान नहीं होता। अगर मनभेद हुआ तो पूरा परिवार बिखर जाता है। इसी प्रकार राष्ट्र के बारे में भी सोचा जाना चाहिए। मतभेद अवश्य हों, लेकिन मनों में भेद नहीं होना चाहिए। देश की राजनीति भी कुछ ऐसे ही रास्ते पर अपने कदम बढ़ाती हुई दिखाई दे रही है। नये-नये शब्दों को परोसने का खेल खेला जा रहा है, उसके कारण देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी भारत की छवि बिगड़ रही है। भारत देश के नागरिक होने के नाते हमें कम से कम इस बात का तो ध्यान रखना ही होगा कि हम अपने देश को मजबूती के साथ विदेशों के सामने लाएं। अगर हम खुद ही अपनी कमजोरियां बताने लगेंगे तो फिर देश को बचाने की कवायद कौन करेगा, यह सोचने का विषय है। आज देश में जो राजनीति का स्वरूप दिखाई दे रहा है, वह अपने मूल उद्देश्य से भटकाव की कहानी प्रदर्शित कर रही है। विरोधी राजनीतिक दल केवल आरोप लगाने वाली राजनीति करने तक ही सीमित रहे गये हैं। वास्तव में आज देश में दो प्रकार के दृश्य दिखाई देते हैं, जिसमें एक सत्ता का समर्थन करता है तो दूसरा सत्ता के विरोध में ही अपनी सारी कवायद करता है। विसंगति तो यह है कि केन्द्र सरकार की अच्छी नीतियों का समर्थन करने वाली जनता को भी यह राजनीतिक दल मोदी समर्थक मानकर व्यवहार करते हैं, जबकि सत्यता यह है कि उस जनता के मन में सच को सच और गलत को गलत कहने की हिम्मत है। जिसके मन में इस प्रकार का चिंतन करने का विचार है, वह अपनी कमियां भी देख सकता है और सरकार की अच्छाइयां भी देख सकता है, लेकिन जो पूर्वाग्रह से ग्रसित है, वह स्वयं को अच्छा मानता है और दूसरे से अपेक्षा करता है कि वह भी उसे अच्छा ही माने। हम यहां कांग्रेस विरोध की बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि राष्ट्रीय नीति के अंतर्गत विचारों के पक्ष और विपक्ष का ही चिंतन कर रहे हैं।

**भ्रष्टाचार का आशय केवल आर्थिक भ्रष्टाचार ही नहीं होता, इसका मतलब यह भी है कि जो भ्रमित करने का आचरण करे, वह भी भ्रष्टाचार ही है। राजनीति में मतभेद होना कोई नहीं बात नहीं है।**

**राजनीति**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगन हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# भोपाल-दिल्ली के बीच चलेगी वंदे भारत ट्रेन

## प्रधानमंत्री मोदी दिखाएंगे हरी झंडी

## प्रधानमंत्री मोदी रानी कमलापति स्टेशन पर 200 से ज्यादा स्कूली बच्चों से करेंगे संवाद

भोपाल।
देश की 11वीं वंदे भारत ट्रेन भोपाल से नई दिल्ली के बीच चलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज को भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी राजधानी के उत्कृष्ट विद्यालय सहित 37 स्कूलों के 216 चयनित विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री इन बच्चों के साथ विदिशा तक ट्रेन में सफर भी करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 1 अप्रैल को सुबह भोपाल पहुंच जाएंगे। वे यहां शनिवार को संयुक्त कमांडरों के सम्मेलन में भी हिस्सा लेंगे। इसके बाद दोपहर 3.02 बजे रानी कमलापति स्टेशन से वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह ट्रेन भोपाल से दिल्ली की बीच 708 किमी की दूरी सिर्फ 7.45 घंटे में तय करेगी। फिलहाल इस ट्रेन के परिचालन के संबंध में अधिसूचना जारी नहीं हुई है। अधिसूचना जारी होने के साथ ही भोपाल-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के स्टॉपेज, किराए और टाइम के बारे में स्थिति स्पष्ट हो सकती है।

राजधानी के 37 विद्यालयों के विद्यार्थी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नजदीक से देखने और मिलने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। यह उत्साह वंदे भारत ट्रेन में पहले दिन सफर करने को लेकर है। प्रधानमंत्री से क्या कहें, मिलकर क्या सवाल पूछेंगे, उसके लिए वे तैयारियों में जुटे हैं। इसके लिए दूरदर्शन केंद्र में विद्यार्थियों की ग्रूमिंग कराई जा रही है। प्रधानमंत्री से किस तरह मिलना है, उनसे बातचीत कैसे करें, खुद को कैसे प्रस्तुत करना है, प्रधानमंत्री से बात करते समय चेहरे की क्या भाव-भंगिमा होगी, इसे लेकर विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया है। इस संबन्ध में पश्चिम मध्य रेल बोर्ड ने स्कूल शिक्षा विभाग की प्रमुख सचिव रश्मि अरुण शमी को पत्र लिखा था। रेलवे ने कुछ स्कूलों से 10-10 विद्यार्थियों का चयन करने के लिए अनुरोध किया। इसके बाद शिक्षा विभाग ने निबंध लेखन प्रतियोगिता कराकर राजधानी के 37 स्कूलों के 216 विद्यार्थियों का चयन किया।



### सीएम राइज और उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थी हैं शामिल

**विभाग** ने राजधानी के आठ सीएम राइज स्कूल, उत्कृष्ट विद्यालय और कुछ निजी स्कूलों को आठवीं से 12वीं के विद्यार्थियों के बीच निबंध व पेंटिंग प्रतियोगिता कराने का सुझाव दिया था। इसमें वंदे भारत ट्रेन, आजादी का अमृत महोत्सव, स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत, एक भारत श्रेष्ठ भारत आदि विषयों पर निबंध और पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। सभी स्कूलों ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले और विजेता विद्यार्थियों का नाम शामिल किया है। ये सभी विद्यार्थी प्रधानमंत्री से मिलने के लिए सवाल तैयार करने में जुटे हैं। उत्कृष्ट विद्यालय की छात्रा रक्षा शर्मा ने कहा कि अभी तक प्रधानमंत्री को परीक्षा पे चर्चा, मन की बात और टेलीविजन पर ही देखा है। अब उन्हें सामने से देखने का मौका मिलेगा। छात्रा उन्मुक्त तिवारी का कहना है कि प्रधानमंत्री के लिए कविता लिखी है। मौका मिला तो उन्हें सुनाएंगे। छात्र यशोधन गुप्ता का कहना है कि बहुत खुशी हो रही है कि प्रधानमंत्री से मिलने का मौका मिलेगा।

### पीएम का स्वागत कार्यक्रम और रोड शो स्थगित

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को 1 अप्रैल को भोपाल आ रहे हैं। वे यहां मध्य प्रदेश की पहली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत और रोड शो का भी कार्यक्रम था, लेकिन रामनवमी के दिन इंदौर के श्री बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में बावड़ी हादसे के बाद भाजपा ने भोपाल में प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत कार्यक्रम और रोड शो स्थगित कर दिया है। शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने मीडिया से बातचीत बताया कि प्रधानमंत्री के भोपाल आगमन को लेकर उनके स्वागत की भव्य तैयारियां की जा रहीं थी, लेकिन इंदौर के मंदिर में हुई दुखद घटना के उपरांत पार्टी द्वारा रोड-शो, पुष्प वर्षा एवं किसी भी प्रकार का स्वागत कार्यक्रम स्थगित किया जाता है। पार्टी ने फैसला लिया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धूमधाम से स्वागत नहीं किया जाएगा। इसके अलावा सभी कार्यक्रम सादगीपूर्ण तरीके से किए जाएंगे। साथ ही प्रधानमंत्री का मिंटो हॉल से रानी कमलापति स्टेशन के रास्ते में स्वागत का कार्यक्रम कैंसिल कर दिया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने इंदौर बावड़ी हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि इंदौर के पटेल नगर मंदिर की घटना में 35 श्रद्धालुओं की दुखद मौत हुई है। भारतीय जनता पार्टी गहरी शोक संवेदना व्यक्त करती है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा एवं पूरे प्रशासन ने घटना के रेस्क्यू ऑपरेशन करने का प्रयास किया गया, जिससे कई श्रद्धालुओं को बचाया जा सका। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए मृतकों और पीड़ितों के परिजनों को मुआवजा देने की घोषणा की है। प्रशासन ने मजिस्ट्रीरियल जांच के आदेश दिए हैं, जांच में जो भी दोषी पाये जायेंगे, उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बिहार में 10 वीं के परिणाम घोषित

## 81 प्रतिशत पास, रुम्मन अशरफ बने टॉपर



**एजेंसी। पटना**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) की 10वीं (मैट्रिक) के परीक्षा परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिए गए। इस वर्ष करीब 81 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए हैं। बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर और बीएसईबी के अध्यक्ष आनंद किशोर ने परीक्षा परिणाम जारी किया। इस वर्ष 81.04 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए हैं। उत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थियों में 6.61 छात्र शामिल हैं। इस साल शेखपुरा के इस्लामिया हाईस्कूल के मोहम्मद रूमान अशरफ ने 500 अंक में से 489 अंक हासिल कर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया। इस साल पहले 10 स्थानों पर आने वालों में कुल 90 विद्यार्थी शामिल हैं। प्रदेश में दूसरा स्थान भोजपुर की निर्मला शिक्षा भन की नम्रता कुमारी तथा प्रोजेक्ट गर्ल्स हॉई स्कूल, गोह, औरंगाबाद की ज्ञानी अनुपमा ने हासिल किया है, जिन्हें 486 अंक मिले। तीसरे स्थान पर भी तीन परीक्षार्थी शामिल हैं। इन सभी को 484 अंक हासिल किए हैं। तीसरे स्थान पर संजू कुमारी, भावना कुमारी और जयनंदन कुमार पंडित हैं। चौथे स्थान पर छह विद्यार्थी हैं, जिन्हें 483 अंक मिले हैं। इनमें स्नेहा कुमारी (औरंगाबाद), नेहा प्रवीण (खगड़िया), श्वेता कुमारी (जमुई), अमृता कुमारी (गोपालगंज), विवेक कुमार (समस्तीपुर) तथा शुभम कुमार (जमुई) शामिल हैं। मैट्रिक की परीक्षा में राज्यभर में पांचवां स्थान पाने वाले नौ विद्यार्थी हैं। इनमें से सभी को 481 अंक प्राप्त किए हैं। इनमें सुरुचि कुमारी (जमुई), शालिनी कुमारी (भोजपुर), सुधांशु शेखर (जमुई), अहम केशरी (जमुई), उन्मुक्त कुमार यादव (भोजपुर), सुधांशु कुमार (बेगूसराय), सुकेश सुमन (बेगूसराय), चंदन कुमार (समस्तीपुर) तथा अभिषेक कुमार चौधरी (दरभंगा) हैं। इसके अलावे छठे स्थान पर 10 परीक्षार्थी हैं, जिन्हें 480 अंक मिले है जबकि सातवें स्थान पर कुल नौ परीक्षार्थी हैं जिसने 479 अंक हासिल किए हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### प्रयागराज में दो ट्रकों में टक्कर, 3 की मौत

**प्रयागराज (उप्र)।** फाफामऊ के गंगा पुल पर शुक्रवार सुबह दो ट्रकों की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। टक्कर के बाद एक मिनी ट्रक पुल से नीचे गिर गया। दूसरा ट्रक पुल की रेलिंग में फंसी हुआ है। सूचना पर पहुंची फाफामऊ और शिवकुटी पुलिस ने पुल के नीचे गिरे मिनी ट्रक से दो शवों को बाहर निकाला है। इन ट्रकों की चपेट में आने से एक बाइक सवार की भी मौत हो गई। थानाध्यक्ष फाफामऊ आशीष सिंह सिसोदिया का कहना है कि एक टक्र में गिट्टी से लदी हुई थी। मिनी ट्रक में पार्सल लदा हुआ था। शवों की शिनाख्त अभी नहीं हो पाई है।

### बाइक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र में शुक्रवार को मोटरसाइकिल की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि मशरक-मोहम्मदपुर मुख्य पथ पर लखनपुर गोलम्बर के समीप एक व्यक्ति सड़क पार कर रहा था तभी मोटरसाइकिल की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी।

### सारण में नदी में डूबकर युवक की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के सोनपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को नदी में डूबकर एक युवक की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि पहलेजा पुलिस आउट पोस्ट क्षेत्र के सैदपुर गांव निवासी भूलन सहनी (38) नदी में स्नान कर रहा था, तभी गहरे पानी में चले जाने से उसकी डूबकर मौत हो गयी।

### शिवपुरी में बस के पलटने से 35 यात्री घायल

**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में शुक्रवार को एक यात्री बस के अनियंत्रित होकर पलट जाने से 35 यात्री घायल हो गये। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोलारस थाना क्षेत्र के ग्वालियर देवास फोरलेन राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक निजी यात्री बस ग्राम लुकवासा के निकट अचानक असंतुलित होकर पलट गई। इस घटना में बस में सवार लगभग 35 यात्री घायल हो गए।

### सड़क हादसे में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**बेगूसराय।** बेगूसराय की सड़कों पर मौत का कहर लगातार जारी है। शुक्रवार को भी राष्ट्रीय उच्च पथ (एनएच)-31 पर अनियंत्रित वाहन ने एक महिला को कुचल दिया। जिसकी इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। घटना लाखो सहायक थाना क्षेत्र के पनसल्ला ढाला के समीप की है। मृतका पनसल्ला निवासी छत्री यादव की पत्नी जगतारण देवी है।

## नीतीश ने बिहार में बिजली दर नहीं बढ़ने का दिया भरोसा

**एजेंसी। पटना**
बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को विधानसभा में घोषणा की कि राज्य में उपभोक्ताओं के लिए बिजली की दर में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। श्री कुमार ने विधानसभा में शुक्रवार को बिजली दरों में वृद्धि को लेकर विपक्ष के हंगामे में हस्तक्षेप करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने बिजली पर 13 हजार 114 करोड़ रुपये की सब्सिडी देने का फैसला किया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि बढ़े हुए बिलों का उपभोक्ताओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में एक अप्रैल से लागू होने वाली बिजली की नई दरों के मद्देनजर आज सुबह हुई मंत्रिमंडल की बैठक में सब्सिडी देने का फैसला लिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले राज्य सरकार बिजली पर 8895 करोड़ रुपये की सब्सिडी देती थी, जिसे बढ़ाकर 13 हजार 114 करोड़ रुपये कर दिया गया है। उन्होंने एकसमान कर की तर्ज पर बिजली पर वन नेशन वन टैरिफ की अपनी मांग दोहराते हुए कहा कि बिहार देश के सबसे अमीर राज्य महाराष्ट्र सहित अन्य प्रदेशों की तुलना में अधिक दर पर बिजली खरीद रहा है। बिहार 5.82 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीद रहा है जबकि गुजरात 3.74 रुपये, मध्य प्रदेश 3.49 रुपये, महाराष्ट्र 4.3 रुपये और राजस्थान 4.46 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीद रहा है।



श्री कुमार ने मुख्य विपक्षी भाजपा के सदस्यों से अपील की कि वे भी केंद्र से एक राष्ट्र एक टैरिफ की उनकी मांग को पूरा करने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि संवैधानिक निकाय होने के नाते समिति ने दरों में वृद्धि करने का निर्णय लिया लेकिन उनकी सरकार ने उपभोक्ताओं के हित में सब्सिडी को 8895 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 13 हजार 114 करोड़ रुपये करने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने राज्य में कई बिजली संयंत्र स्थापित करवाए और इसे मदद के लिए केंद्र को सौंप दिया जबकि बदले में केंद्र ने बिजली के लिए एक राष्ट्र एक टैरिफ की उनकी मांगों पर विचार नहीं किया।

इससे पहले प्रश्नकाल के बाद ऊर्जा मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि अडानी का आयातित कोयला खरीदना अनिवार्य कर दिया गया है, जिसके बाद बिहार में वर्ष 2023-24 के लिए बिजली की दर में 24.10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जब नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार बिजली संयंत्रों को चलाने में सक्षम नहीं है और उन्हें केंद्र को सौंप दिया तब ऊर्जा मंत्री ने कहा कि कहलगांव और बरौनी सहित बिहार में लगभग सभी इकाइयां केंद्र की हैं। श्री यादव ने कहा कि एनटीपीसी भी केंद्र की सहायक कंपनी है लेकिन केंद्र की ओर से कोयला उपलब्ध कराने अधिक विलंब होने लगा तो राज्य ने बिजली संयंत्र केंद्र को सौंप दिए। उन्होंने हर घर बिजली पहुंचाने की योजना को क्रियान्वित करने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा उपलब्ध कराई गई 12000 करोड़ रुपये की सहायता की सराहना की।

## यूपी में पत्नी के लिवर से पति को मिली नई जिंदगी

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**
एक व्यक्ति को उसकी पत्नी द्वारा दान किए गए लिवर से नया जीवन मिला है। देवरिया के रहने वाले दंपति राकेश सिंह (46) और ममता सिंह (38) का गुरुवार को किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में लिविंग डोनर लिवर ट्रांसप्लांट हुआ। दोनों की स्थिति ठीक है। केजीएमयू के वाइस चांसलर बिपिन पुरी की देखरेख में सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के डॉक्टरों ने 10 घंटे तक सर्जरी की। राकेश 9 मार्च को केजीएमयू के सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में त्वचा और आंखों में पीलापन लेकर आए थे। उन्हें लिवर के आसपास दर्द भी था और कमर के ऊपर की त्वचा पर छोटी लाल रेखाएं दिखाई दे रही थीं। जांच करने पर पता चला कि शराब के सेवन के कारण उन्हें लिवर सिरोसिस हो गया है। सर्जरी करने वाले सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के प्रमुख प्रोफेसर अभिजीत चंद्रा ने बताया कि, परिवार को राकेश का जीवन बचाने के लिए लिवर ट्रांसप्लांट की सलाह दी गई। ऑर्गन ट्रांसप्लांट यूनिट के काउंसलर पीयूष श्रीवास्तव ने कहा कि परिवार को बताया गया था कि अगर लिवर का एक हिस्सा दान किया जाता है, तो कुछ हफ्तों में वह वापस सामान्य आकार में आ जाएगा। राकेश की पत्नी ममता पति के लिए लिवर दान करने के लिए तैयार हो गईं। 40 से अधिक डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की टीम ने सर्जरी के लिए अथक प्रयास किया।

### जनता दर्शन में 250 लोगों की समस्याएं सुनीं मुख्यमंत्री योगी ने कहा-

## बिना चिंता उपचार कराइए, पैसा हम देंगे

**नवीन मेल नेटवर्क। गोरखपुर**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों का उपचार अच्छे से अच्छे चिकित्सा संस्थान में होना चाहिए। इसके लिए पैसे की कमी बाधा नहीं बनेगी। शुक्रवार को जनता दर्शन में एक महिला ने अपोलो अस्पताल में इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार की तो मुख्यमंत्री ने उसे आश्वस्त किया, 'आप बिना चिंता उपचार कराइए, पैसा हम देंगे।'
गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार तीसरे दिन जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। शुक्रवार सुबह जनता दर्शन में करीब 250 लोग पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने एक-एक करके सब की बात सुनी। सभी लोगों को आश्वस्त किया कि बिलकुल मत घबराइए, परेशान मत होइए, हर मामले में प्रभावी कार्यवाही कराई जाएगी। उन्होंने प्रार्थना पत्रों को विषयानुसार प्रशासन व पुलिस के अफसरों को हस्तगत करते हुए निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उनका संतुष्टिपरक समाधान कराएं। जनता दर्शन में हमेशा की तरफ इस बार भी कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए थे। एक महिला ने मुख्यमंत्री को बताया कि उसका इलाज अपोलो में चल रहा है। सीएम ने महिला से पूछा कि क्या उसके पास आयुष्मान कार्ड है? जवाब में महिला के नहीं कहने पर सीएम ने कहा कि आप अच्छे से उपचार कराइए, परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। पैसा हम देंगे। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज का इस्टीमेट, प्रक्रिया पूर्ण करते हुए जल्द शासन को उपलब्ध कराया जाए। इसी क्रम में एक महिला ने आवास की समस्या बताई तो सीएम योगी ने कहा कि जल्द ही उसके अपने आवास का सपना पूरा किया जाएगा।
जनता दर्शन में अपने परिजनों के साथ आये बच्चों को भी मुख्यमंत्री ने खूब दुलारा। उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और चॉकलेट के साथ खूब पढ़ने, आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।



### ओडिशा में दो सड़क हादसों में 10 की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में पिछले 24 घंटों के दौरान दो अलग-अलग सड़क हादसों में सात बारातियों समेत 10 लोगों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक संबलपुर के परमापुर गांव से देर रात बारात के 11 सदस्यों को लेकर झारसुगुड़ा जिले के लखनपुर प्रखंड के बाराधरा गांव लौट रहा वाहन रास्ते में एक नहर में गिर गया। हादसे में सात लोगों की मौत हो गयी जबकि चार अन्य घायल हो गये। घायलों को संबलपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के कारणों का अभी पता नहीं चला है। वाहन का चालक लापता है और उसकी खोजबीन की जा रही है। उसका पता लगने के बाद ही हादसे के स्पष्ट कारणों की जानकारी मिल सकेगी। ओडागांव थाना क्षेत्र के कोंडा पाथर गांव के समीप एक अन्य घटना में तीन युवकों की आज तड़के उस समय मौत हो गयी। जब उनकी मोटरसाइकिल सड़क किनारे पेड़ से टकरा गयी।

### बंगाल रामनवमी संघर्ष

## सीबीआई जांच की मांग को ले कलकत्ता हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका

**एजेंसी। कोलकाता**
रामनवमी के जुलूस को लेकर पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में शुक्रवार को जारी तनाव के बीच, कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है, जिसमें मामले की सीबीआई जांच की मांग की गई है। गुरुवार को मुख्य रूप से हावड़ा जिले के शिबपुर के संध्याबाजार इलाके में हुई झड़पें आज सुबह बगल के काजीपारा इलाके में फैल गईं। लोगों के एक समूह ने इलाके में ऊंची इमारतों की ओर पथराव शुरू कर दिया। कुछ वाहनों में तोड़फोड़ की गई और आग लगा दी गई। यहां तक कि राज्य के सहकारिता मंत्री अरूप राय के वाहन को भी नहीं बख्शा गया, जो उस वक्त इलाके से गुजर रहा था। गाड़ी के शीशे पूरी तरह से चकनाचूर हो गए। हालांकि, मंत्री वाहन में मौजूद नहीं थे। आखिरकार, रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के जवानों के साथ पुलिस बल की एक बड़ी टुकड़ी मौके पर पहुंच गई। अनियंत्रित भीड़ को काबू में करने के लिए उन्होंने जमकर लाठीचार्ज किया। झड़प में कुछ पुलिसकर्मियों को भी चोटें आई हैं। खबर लिखे जाने तक इस सिलसिले में कुल 36 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि स्थिति पर काबू पा लिया गया है, लेकिन इन इलाकों में तनाव बरकरार है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कड़ा संदेश देते हुए कहा कि उनका प्रशासन इस तरह की उपद्रवी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा, मैंने पुलिस से कड़ी कार्रवाई करने को कहा है।

शुक्रवार को राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुवेंदु अधिकारी ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्यकी खंडपीठ में एक जनहित याचिका दायर कर गुरुवार की झड़पों की सीबीआई जांच की मांग की। जनहित याचिका को स्वीकार कर लिया गया है और मामले की सुनवाई 3 अप्रैल को होगी।

### सूचनाओं का विस्फोट — आईआईएस के अधिकारियों को संबोधित करते हुए बोले अनुराग ठाकुर

## दुनिया का सबसे खतरनाक वायरस है 'फेक न्यूज'

### 'लोकतंत्र को सशक्त बनाने में करें सही सूचनाओं का इस्तेमाल'

**नवीन मेल नेटवर्क। नई दिल्ली**
'फेक न्यूज' पर लगाम लगाने के लिए 'फैक्ट चैक' को महत्वपूर्ण बताते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि दुनिया का सबसे खतरनाक वायरस फर्जी सूचनाएं हैं। लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति तक सही जानकारियां पहुंचाना महत्वपूर्ण है। अनुराग ठाकुर शुक्रवार को भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) में भारतीय सूचना सेवा ग्रुप 'ए' के प्रशिक्षु अधिकारियों के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पत्र सूचना कार्यालय के प्रधान महानिदेशक राजेश मल्होत्रा, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव संजीव शंकर, आईआईएमसी के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी एवं अपर महानिदेशक आशीष गोयल सहित वर्ष 2018, 2019 एवं 2020 बैच के भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) के 52 प्रशिक्षु अधिकारी भी उपस्थित रहे।



समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में विचार व्यक्त करते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा कि बेहतर कम्युनिकेशन, सरकार और लोगों के बीच दूरी घटाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे लोगों में सरकार के प्रति विश्वास जागता है और निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी बढ़ती है। उन्होंने कहा कि फेक न्यूज के युग में लोगों तक सही जानकारी पहुंचाना भारतीय सूचना सेवा के अधिकारियों की जिम्मेदारी है। सही सूचना के प्रयोग से आम आदमी किसी भी विषय पर सही निर्णय ले सकता है। इसलिए मीडिया और सोशल मीडिया के बदलते समय में सरकारी सूचना तंत्र के अधिकारियों को यह तय करना है जनता तक सही जानकारी पहुंचे।

अनुराग ठाकुर के अनुसार ब्रेकिंग न्यूज के इस दौर में एक शब्द अत्यंत प्रचलित हुआ है और उसके अनेक परिणाम और दुष्परिणाम भी देखने को मिले हैं। ये शब्द है 'इन्फोडेमिक'। आम बोलचाल की भाषा में इसे 'सूचनाओं का विस्फोट' कहा जा सकता है। ऐसे समय में आईआईएस अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे सिर्फ सूचनाओं को ही जनता तक न पहुंचाएं, बल्कि उनमें वैल्यू एडिशन भी करें, ताकि मीडिया उन सूचनाओं को प्राथमिकता से प्रसारित करे।

प्रभावशाली कम्युनिकेशन के महत्व को रेखांकित करते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा कि सूचना एक शक्ति की तरह है, जिसका इस्तेमाल भारत के हित में, लोकतंत्र को मजबूती देने और लोगों के सशक्तीकरण में करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि आप सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में आम जनता को उनकी भाषा में सूचित करते हैं, तो उसका प्रभाव बेहतर और लंबे वक्त तक रहता है।

## उ.प्र : मकान में विस्फोट से चार लोगों की मौत

**एजेंसी। बुलंदशहर**
उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत डपोली रोड स्थित खेत के बीच बने एक मकान में शुक्रवार को हुए विस्फोट से चार लोगों की मौत हो गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने विस्फोट में चार लोगों की मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला देवीपुरा के पीछे ढकोली रोड पर एक खेत में बने मकान में विस्फोट हुआ है। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि इसकी आवाज दूर तक सुनी गई विस्फोट से पक्की ईटों से बना मकान पूरी तरह से धराशाई हो गया और चार लोगों की मौत हो गई। मरने वालों की शिनाख्त अभी नहीं हुई है ।

एसएसपी ने बताया कि विस्फोट की सूचना पुलिस को टेलीफोन पर मिली तत्काल ही वह जिला मजिस्ट्रेट चंद्रप्रकाश सिंह के साथ पुलिस बल, फॉरेंसिक टीम और विस्फोटक निरोधी दस्ते को लेकर मौके पर पहुंच गए। मौके से गैस के सिलेंडर भी बरामद हुए हैं। एसएसपी का कहना है कि पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। फिलहाल खेत और मकान का स्वामी कौन है, इसकी जानकारी पुलिस के पास नहीं है । विस्फोट से मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो गया संदेह है कि मकान में कोई केमिकल फैक्ट्री संचालित हो रही थी फिलहाल पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। विस्फोट में मरे चारों लोगों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है चारों शव बुरीतरह से झुलसे हुए हैं और चोट के निशान हैं ।



## NEWS इन ब्रीफ

### एएफसीओएन की तारीखों की पुष्टि

**काहिरा।** अफ्रीकी फुटबॉल परिसंघ (सीएएफ) ने घोषणा की है कि अफ्रीका कप आफ नेशंस (एएफसीओएन) कोटे डी आइवर 2023 का आयोजन 13 जनवरी से 11 फरवरी, 2024 तक किया जाएगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सीएएफ ने एक बयान में कहा कि एएफसीओएन दूसरी बार कोटे डी आइवर में वापसी करेगा। सेनेगल ने अफ्रीका की शीर्ष अंतरराष्ट्रीय महाद्वीपीय चैंपियनशिप का पिछला संस्करण जीता था।

### आयरलैंड ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगा

**दुबई।** आयरलैंड की महिला टीम 2005 के बाद से पहली बार ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगी और साथ ही सफेद बॉल सीरीज के लिए वेस्टइंडीज और हॉलैंड का दौरा भी करेगी। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार आयरलैंड का व्यस्त कार्यक्रम उसे शीर्ष टीमों के खिलाफ बहुमूल्य अनुभव देगा और मौजूदा महिला विश्व कप चैंपियन के सामने उसकी कड़ी परीक्षा होगी। ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम 2005 के बाद से पहली बार वनडे सीरीज के लिए आयरलैंड का दौरा करेगी जब वह जुलाई में क्लोनटर्फ में तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी जो आईसीसी महिला चैंपियनशिप का हिस्सा होगी।

### केरला ब्लास्टर्स एफसी के मिडफील्डर एड्रियन लूना सुपर कप से बाहर

**नई दिल्ली।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम केरला ब्लास्टर्स एफसी ने घोषणा की है कि मिडफील्डर एड्रियन लूना केरल में होने वाले आगामी सुपर कप के लिए उनकी टीम का हिस्सा नहीं होंगे। लूना निजी कारणों से टूर्नामेंट से बाहर हो जाएंगे। क्लब अपने प्रशंसकों को सूचित करना चाहता है कि एड्रियन लूना को व्यक्तिगत कारणों से विस्तारित अवकाश दिया गया है। परिणामस्वरूप, वह हीरो सुपर कप के आगामी संस्करण में भाग नहीं लेंगे। हम इस प्रतियोगिता के महत्व को समझते हैं, लेकिन हम टीम से दूर रहने के लिए एड्रियन की जरूरत का सम्मान करेंगे।

### विम्बलडन में रूसी और बेलारूसी एथलीट तटस्थ के रूप में लेंगे भाग

**लंदन।** रूसी और बेलारूसी खिलाड़ियों को इस वर्ष विम्बलडन में तटस्थ एथलीट के रूप में भाग लेने की अनुमति दे दी गयी है। आल इंग्लैंड लॉन टेनिस क्लब ने दोनों देशों के खिलाड़ियों पर लगा प्रतिबंध शुक्रवार को हटा दिया जो पिछले वर्ष रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद लगाया गया था। रूस और बेलारूस से खिलाड़ी तटस्थ एथलीट के रूप में हिस्सा ले सकते हैं बशर्ते वे उन शर्तों का पालन करें जैसे रूस या बेलारूस से कोई धन नहीं लेना और उन्हें रूस और/या बेलारूस देश या उनके प्रशासन और नेताओं को समर्थन नहीं देना शामिल होगा।



# कीवियों से हार के बाद श्रीलंका विश्व कप के लिए सीधा क्वालीफाई से चूका

### पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 सुपर लीग तालिका में आठवां स्थान पाने से चूक गया श्रीलंका

**एजेंसी। हैमिल्टन**

श्रीलंका तीसरे और अंतिम वनडे में न्यूजीलैंड से छह विकेट से हारने के बाद पुरुष क्रिकेट विश्व कप सुपर लीग तालिका में आठवां स्थान पाने से चूक गया। श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने इस महत्वपूर्ण मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन उसके बल्लेबाज न्यूजीलैंड की गति और उछाल के आगे संघर्ष करते रहे। मैट हेनरी (3/14), हेनरी शिप्ली (3/32) और डेरिल मिचेल (3/32) ने तीन-तीन विकेट लेकर श्रीलंका की बल्लेबाजी को ध्वस्त कर दिया। श्रीलंका की टीम 41.3 ओवर में 157 रन पर लुढ़क गयी। श्रीलंका की तरफ से पथुम निसंका (57), दासुन शनाका (31) और चमिका करुणारत्ने (24) ही कुछ संघर्ष कर पाए। जवाब में न्यूजीलैंड ने अपने तीन विकेट पहले सात ओवरों में ही गंवा दिए। लेकिन विल यंग और हेनरी निकोल्स ने शानदार पारियां खेलते हुए न्यूजीलैंड को छह विकेट से जीत दिला दी। यंग ने नाबाद 86 और निकोल्स ने नाबाद 44 रन बनाये। न्यूजीलैंड ने 32.5 ओवर में चार विकेट पर 159 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया।

#### न्यूजीलैंड ने 2-0 से जीती सीरीज

**न्यूजीलैंड** ने तीन मैचों की सीरीज 2-0 से जीती। इस हार से श्रीलंका ने 81 अंकों के साथ अपना अभियान समाप्त किया और वेस्टइंडीज (88 अंक) से आगे निकलने में असफल रहा। श्रीलंका अब जून में विश्व कप क्वालीफायर खेलने जिम्बाब्वे का दौरा करेगा। न्यूजीलैंड 175 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा। वेस्टइंडीज को आठवें स्थान के लिए दक्षिण अफ्रीका (78) और आयरलैंड (68) से खतरा है।

#### आईपीएल ओपनिंग सेरेमनी

# रश्मिका मंधाना और तमन्ना ने दी शानदार डांस परफॉर्मेंस

### अरिजीत सिंह ने अपने गानों से बांधा समां

**एजेंसी। अहमदाबाद**

नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग 2023 की धमाकेदार शुरुआत हुई। आईपीएल के इस 16वें संस्करण से पहले शानदार रंगारंग ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। ओपनिंग सेरेमनी में ग्लेमरस एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया और रश्मिका मंधाना ने बेहतरीन डांस परफॉर्मेंस दी। सेरेमनी में जाने-माने सिंगर अरिजीत सिंह ने भी अपनी जादुई आवाज से समां बांध दिया। आईपीएल 2023 की ओपनिंग सेरेमनी में सबसे पहले सिंगर अरिजीत सिंह ने अपनी परफॉर्मेंस दी। अरिजीत ने ऐ वतन मेरे वतन आबाद रहे तू, वंदे मातरम-वंदे मातरम, तू मेरा कोई ना होके भी कुछ लागे, दिला का दरिया बह ही गया इश्क इबादत तू बन गया जैसे गाने गाए। अरिजीत ने जैसे ही झूमे जो पठान गाना शुरू किया स्टेडियम में मौजूद सभी दर्शक झूमने को मजबूर हो गए। अरिजीत सिंह की आवाज का जादू दर्शकों के सिर चढ़कर बोला। अरिजीत सिंह ने गिव मी ट्विस्ट, प्यार होता-होता-होता कई बार है, घुंघरू टूट गए, ले जाए तुझे हवाएं जैसे गाने भी गाए। अरिजीत सिंह ने ओपन गाड़ी में ग्राउंट के चारों ओर चक्कर भी लगाए। इस दौरान कुछ लोग भारत का झंडा तिरंगा के साथ-साथ आईपीएल की सभी 10 टीमों के झंडे लेकर उनकी गाड़ी के पीछे-पीछे चल रहे थे। अरिजीत सिंह ने करीब 35 मिनट तक परफॉर्म किया।



### रॉस टेलर ने भारत के तेज आक्रमण का किया समर्थन

**दुबई।** डब्ल्यूटीसी विजेता रॉस टेलर का मानना है कि अगर जसप्रीत बुमराह चोट के कारण बाहर रहते हैं तो भारत के पास इंग्लैंड में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में आस्ट्रेलिया को परेशान करने के लिए तेज आक्रमण है। स्पिन प्रमुख हथियार था, क्योंकि भारत ने घरेलू धरती पर हाल ही में टेस्ट श्रृंखला में आस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया था, लेकिन तेज गेंदबाजों को जून में डब्ल्यूटीसी फाइनल में फिर से भिड़ने पर दोनों हमलों का नेतृत्व करने की उम्मीद है। मोहम्मद शमी आस्ट्रेलिया के खिलाफ हालिया श्रृंखला में नौ विकेट लेकर भारत के तेज गेंदबाजों में सर्वश्रेष्ठ थे, जबकि उमेश यादव ने दो मैचों में तीन विकेट लिए और मोहम्मद सिराज ने तीन टेस्ट मैचों में 24 ओवरों में सिर्फ एक विकेट लिया। जबकि अधिकांश तेज गेंदबाजों ने भारत में बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला में प्रभाव बनाने के लिए संघर्ष किया।

#### हॉकी इंडिया का राष्ट्रीय कोचिंग शिविर

# 39 सदस्यीय ग्रुप की घोषणा




**एजेंसी। नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया ने एक अप्रैल से शुरू होने वाले राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए शुक्रवार को 39 सदस्यीय भारतीय पुरुष कोर ग्रुप की घोषणा की। टीम के यूरोप दौरे से पहले 21 मई को शिविर का समापन होगा, जहां वे एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2022-2023 के शेष सत्र में बेल्जियम, ग्रेट ब्रिटेन, नीदरलैंड और अर्जेंटीना से भिड़ेंगे।

राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए बुलाए गए कोर ग्रुप में कृष्ण बहादुर पाठक, श्रीजेश परट्टू रवींद्रन, सूरज करकेरा, पवन मलिक, प्रशांत कुमार, जरमनप्रीत सिंह, सुरेंद्र कुमार, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, अमित रोहिदास, गुरिंदर सिंह, जुगराज सिंह, मनदीप मोर, नीलम संजीप सेस, संजय, यशदीप सिवाच और दिप्सन टिर्की शामिल हैं। मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, नीलकांत शर्मा, राजकुमार पाल, सुमित, आकाशदीप सिंह, गुरजंत सिंह, मो. राहील मौसीन, मनिंदर सिंह, एस कार्थी, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, सिमरनजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, मंजीत, पवन राजभर को भी कोर ग्रुप में रखा गया है।

# तीसरा टी-20 : आयरलैंड ने बांग्लादेश को हराया



**एजेंसी। चटगांव**

पॉल स्टर्लिंग और मैथ्यू हम्फ्रेस के शानदार प्रदर्शन से आयरलैंड ने बांग्लादेश को तीसरे और अंतिम टी-20 में शुक्रवार को सात विकेट से हरा दिया। हम्फ्रेस ने अपने टी-20 पदार्पण में अपनी पहली तीन गेंदों पर दो विकेट हासिल किये और आयरलैंड ने बांग्लादेश को 19.2 ओवर में 124 रन पर लुढ़का दिया। पॉल स्टर्लिंग की 77 रन की शानदार पारी से आयरलैंड ने 14 ओवर में तीन विकेट पर 126 रन बनाकर जीत अपने नाम कर ली। आयरलैंड की बांग्लादेश के खिलाफ यह पहली जीत है, हालांकि बांग्लादेश ने टी-20 सीरीज 2-1 से जीती। दोनों टीमें अब चार अप्रैल से ढाका में एकमात्र टेस्ट खेलेंगी।

#### आइस हॉकी महिला विश्व चैम्पियनशिप

# इजराइल ने दर्ज की ऐतिहासिक जीत

**एजेंसी। यरुशलम**

इजराइल ने आइस हॉकी महिला विश्व चैंपियनशिप के ग्रुप बी के डिवीजन तीन में बोस्निया और हजेगोविना के खिलाफ 4-1 से जीत दर्ज की। यह इजराइल की महिला टीम के लिए पहली विश्व चैंपियनशिप जीत थी, जिसने पिछले साल अंतरराष्ट्रीय एरीना में डेब्यू किया है। इजराइल ने इस प्रकार तीन-टीम समूह में 1-3 जीत-हार के रिकॉर्ड के साथ अपने अभियान को पूरा किया, जबकि बोस्निया वर्तमान में टूर्नामेंट में 1-2 से आगे है। सर्बिया, जो 3-0 का रिकॉर्ड रखता है और टूनामेंट के समापन मैच में शुक्रवार को बोस्निया का सामना करेगा, ने ग्रुप ए में पहला स्थान हासिल किया है। मैच के शुरू होने के केवल 49 सेंकेंड बाद ही पनीना बसोव गोल कर इजराइल को 1-0 से आगे कर दिया। इसके बाद ओरी जिओनी ने 44वें मिनट में गोल कर स्कोर दोगुना कर दिया, लेकिन एमिना सोपोविक ने एक मिनट से भी कम समय में गोल कर स्कोर को 1-2 कर दिया। लोटेम अरमोजा और शनि कोटलर ने क्रमशः 46वें और 51वें मिनट में गोल कर इजराइल की जीत पक्की कर दी।




# पीसीबी ने विश्व कप 2023 के लिए तटस्थ स्थलों की चर्चा से किया इंकार

### पाकिस्तान के सारे मैच बांग्लादेश में खेलने की हो रही थी चर्चा

**एजेंसी। लाहौर**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष नजम सेठी ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तानी टीम के भारत में अक्टूबर में होने वाले वनडे विश्व कप मैचों में खेलने के लिए निष्पक्ष स्थलों को लेकर किसी तरह की कोई चर्चा नहीं है। पीसीबी ने हालांकि यह पुष्टि की कि सेठी और प्रबंधन समिति द्वारा एशिया कप 2023 के लिए भारत के मैचों को पाकिस्तान के बजाये निष्पक्ष स्थल पर कराने पर अभी चर्चा चल रही है।



इस बात पर चर्चा चल रही थी कि पाकिस्तान की टीम बांग्लादेश में अपने 2023 वनडे विश्व कप के मैच खेल सकती है। भारत इस विश्व कप का मेजबान है, लेकिन दोनों देशों के बीच राजनीतिक संबंधों को देखते हुए इस विचार पर आईसीसी स्तर पर चर्चा की गई है, जिसमें हाइब्रिड एशिया कप मॉडल को समाधान के रूप में देखा जा रहा है। पाकिस्तान एशिया कप की मेजबानी कर रहा है लेकिन भारत अपने मैच तटस्थ स्थान पर खेलेगा। यह विचार दुबई में हुए एशियन क्रिकेट काउंसिल की बैठक के दौरान सामने आया था, जहां एशिया कप में भारत की उपस्थिति और विश्व कप में पाकिस्तान की उपस्थिति, दोनों देशों के लिए चर्चा का प्रमुख विषय थे। वहां तटस्थ स्थानों पर मैचों के आयोजन का केवल एक विकल्प के रूप में उल्लेख किया गया था। हालांकि इस मामले पर कोई औपचारिक चर्चा नहीं हुई है।

एक आधिकारिक बयान के जरिये सेठी ने कहा कि उन्होंने एसीसी एशिया कप के लिए एसीसी अधिकारियों के समक्ष पेश अपने हाइब्रिड मॉडल को लेकर मीडिया को ब्रीफ किया था ताकि बीसीसीआई के पाकिस्तान में टीम न भेजने के फैसले से उठे गतिरोध को समाप्त किया जा सके। उन्होंने कहाः भारत के मैच निष्पक्ष स्थल पर खेलने और बाकी पाकिस्तान में खेलने का प्रस्ताव एसीसी में चर्चा के तहत है। गुरूवार के मीडिया संवाद में मैंने किसी चरण में आईसीसी को सन्दर्भ या विश्व कप को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की। यह मामला आईसीसी मंच में अभी तक उठाया नहीं गया है। पीसीबी ने पाकिस्तान के विश्व कप 2023 के मैचों के लिए निष्पक्ष स्थलों को लेकर चल रही गलत रिपोर्टों की भी कड़ी आलोचना की।

#### आईपीएल 2023 | एलएसजी कोच एंडी फ्लावर ने कहा

# मोहसिन की चोट टीम के लिए बड़ा झटका

### मोहसिन के कंधे की चोट के कारण 2023 सीजन के अधिकांश भाग से चूकने की उम्मीद

**एजेंसी। लखनऊ**

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर का मानना है कि मोहसिन खान की चोट आईपीएल 2023 से पहले उनकी टीम के लिए एक बड़ा झटका है। बाएं हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज, मोहसिन के कंधे की चोट के कारण 2023 सीजन के अधिकांश भाग से चूकने की उम्मीद है। एंडी के अनुसार, उनकी अनुपस्थिति उनकी टीम के लिए बॉडी ब्लो है।




एंडी ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहाः उनका टीम में नहीं होना एक झटका है, इसमें कोई शक नहीं है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि वह टूर्नामेंट के अंत में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। हालांकि, एंडी ने माना कि वह शायद इस सीजन में नहीं खेल पाएंगे। लेकिन, काफी स्पष्ट रूप से, मैंने उसे चयन विकल्प के रूप में काफी हद तक खारिज कर दिया था और अगर वह टूर्नामेंट के दौरान किसी चरण में फिट हो जाता है, तो मैं इसे एक बोनस के रूप में देखता हूं। लेकिन मैं निश्चित रूप से इसकी उम्मीद नहीं कर रहा हूं। चाहे हम डैथ ओवरों में कमजोर हों या बीच के ओवरों में, हम जल्द ही इसमें सुधार करेंगे। मुझे नहीं लगता कि यह सही है। हमारा काम उन कुछ रायों के बारे में चिंता करना नहीं है, हमारा काम मैदान पर अच्छा खेलना है। मोहसिन पिछले सीजन में शानदार प्रदर्शन करने वाले थे और उन्होंने दिखाया कि कोई भी व्यक्ति कितनी जल्दी कुछ ही हफ्तों में आगे बढ़ सकता है। किसी भी युवा क्रिकेटर के लिए यह रोमांचक है।

#### पंत और बुमराह की जगह लेंगे अभिषेक पोरेल और संदीप वारियर




**इंडियन** प्रीमियर लीग की टीमों दिल्ली कैपिटल्स और मुम्बई इंडियंस ने चोटिल खिलाड़ियों ऋषभ पंत और जसप्रीत बुमराह की जगह लेने के लिए अभिषेक पोरेल और संदीप वारियर के नामों की घोषणा की है। दिल्ली कैपिटल्स ने नई दिल्ली में सप्ताह लम्बे शिविर, जिसमें ट्रायल मैच भी शामिल थे, के बाद पोरेल को अनुबंधित किया। विकेटकीपर बल्लेबाज पोरेल ने बंगाल के लिए 16 प्रथम श्रेणी, तीन लिस्ट ए और इतने ही टी-20 मैच खेले हैं। पोरेल के नाम 30.21 के औसत से घरेलू क्रिकेट में 695 रन हैं और उन्होंने विकेट के पीछे 58 कैच लपकने के अलावा आठ स्टंपिंग की हैं। वह 20 लाख रुपये की कीमत पर दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ेंगे। पंत दिसम्बर 2022 में एक गंभीर कार दुर्घटना में लगी चोटों से उबर रहे हैं। दिल्ली के पास अब पोरेल, सरफराज खान, मनीष पांडेय और फिल साल्ट के रूप में चार विकेटकीपर हो गए हैं। दूसरी तरफ 2021 में भारत के लिए पदार्पण करने वाले वारियर मुम्बई टीम में बुमराह की जगह आएंगे। बुमराह पीठ की चोट के कारण पिछले वर्ष सितम्बर से एक्शन से बाहर हैं। घरेलू क्रिकेट के अनुभवी खिलाड़ी दाएं हाथ के तेज गेंदबाज वारियर ने 200 से ऊपर मैच खेले हैं जिनमें से 68 टी-20 में उन्होंने 62 विकेट लिए हैं।




# भारत की नई फॉरेन ट्रेड पॉलिसी लॉन्च




**एजेंसी। नई दिल्ली**

कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने आज शुक्रवार (31 मार्च) को नई फॉरेन ट्रेड पॉलिसी-2023 की अनाउंसमेंट कर दी है। इस पॉलिसी से सरकार को ग्लोबल ट्रेड में गिरावट के बीच एक्सपोर्ट्स को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। सरकार को नई एफटीपी से उम्मीद है कि 2030 तक भारत का गुड्स एंड सर्विसेज एक्सपोर्ट 2 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। नई फॉरेन ट्रेड पॉलिसी 1 अप्रैल 2023 यानी कल से लागू होगी। गोयल ने कहा कि नई पॉलिसी रुपए में बिजनेस के इंटरनेशनलाइजेशन पर फोकस करेगी। वहीं डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड संतोष सारंगी ने कहा कि फाइनेंशियल ईयर-2023 में भारत का टोटल एक्सपोर्ट 2021-22 में 676 बिलिनय डॉलर के मुकाबले 760 बिलियन डॉलर के पार हो जाएगा। मिनिस्ट्री ने कहा, 'नई फॉरेन ट्रेड पॉलिसी में रिमिशंस से लेकर इंसेंटिव्स तक के लिए कदम उठाए जाएंगे। इसमें एक्सपोर्टर्स, स्टेट्स, डिस्ट्रिक्ट्स और इंडियन मिशन के कोलैबोरेशन से एक्सपोर्ट प्रमोशन पर फोकस किया जाएगा। यह पॉलिसी ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देगी और ई-कॉमर्स एंड एक्सपोर्ट हब जैसे उभरते एरियाज पर फोकस करेगी। डीजीएफटी ने कहा, 'यह पॉलिसी गतिशील होगी। इस पॉलिसी पर फीडबैक की कोई आखिरी तारीख नहीं होगी। हम इस डॉक्यूमेंट में चेंजेस करते रहेंगे और इसे अपडेट करेंगे। यदि कोई ऐसा सेक्टर है, जो यह महसूस करता है कि इस एफटीपी में उनके लिए कुछ भी नहीं है, तो निराश न हों।'

### एक्सटर्नल अफेयर्स मिनिस्ट्री फुल सपोर्ट करेगी

डीजीएफटी ने कहा कि नई पॉलिसी के 2028 तक लागू रहने की उम्मीद है। हालांकि, नई फॉरेन ट्रेड पॉलिसी की कोई आखिरी डेट नहीं होगी, जरूरत पड़ने पर इसे अपडेट किया जाएगा। गोयल ने कहा कि सरकार आने वाले महीनों में एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए सेक्टरों को ग्लोबल लेवल पर ले जाएगी। एक्सटर्नल अफेयर्स मिनिस्ट्री ने फॉरेन मिशन के जरिए भारत में बिजनेस, टेक्नोलॉजी और टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए फुल सपोर्ट का आश्वासन दिया है।

# बंधन बैंक देश भर में खोलेगा 50 नई शाखाएं

**एजेंसी। कोलकाता**

बंधन बैंक ने वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन शुक्रवार को 50 शाखाएं खोलने की घोषणा की। बैंक की ओर से यहां शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार ये शाखाएं देश भर में खोली जाएंगी, जिनमें से अधिकांश बिहार, गुजरात और मध्य प्रदेश में होंगी। आज की घोषणा को जोड़ दिये जाने के बाद बंधन बैंक के पास अब 1,400 से अधिक शाखाओं का नेटवर्क हो गया है। नयी शाखाओं का विस्तार देश भर में अपनी पहुंच का विस्तार करने और ग्राहकों के सभी वर्गों की जरूरतों को पूरा करने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता का एक वसीयतनामा है। बयान में कहा गया है कि नयी शाखाएं ग्राहकों को दायित्व और संपत्ति उत्पादों की पूरी श्रृंखला के साथ बंधन बैंक के अद्वितीय ग्राहक प्रस्तावों का लाभ उठाने में सक्षम बनाएगी। बैंक संपत्ति बही और भौगोलिक उपस्थिति के विविधीकरण की अपनी यात्रा पर अच्छी तरह से चल रहा है। बैंक पूर्व और उत्तर-पूर्व के बाहर के क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रहा है और अगले कुछ वर्षों में सुरक्षित ऋणों की हिस्सेदारी में काफी वृद्धि करना चाहता है। बैंक की अगले वित्तीय वर्ष में नए उत्पादों को पेश करने और सेवाओं की चौड़ाई बढ़ाने की भी योजना है। इस अवसर पर बैंक के महाप्रबंधक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) चंद्र शेखर घोष ने कहा, हमारे देश को बैंकिंग संस्थाओं की गहरी पैठ की जरूरत है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर किसी की बैंकिंग तक पहुंच हो। बंधन बैंक सभी के लिए एक बैंक बनने के लिए प्रतिबद्ध है और हम सभी प्रकार के ग्राहकों की सेवा करने के लिए अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आज की घोषणा अपनी पहुंच बढ़ाने और पूरे भारत में विश्व स्तरीय उपभोक्ता बैंकिंग अनुभव प्रदान करने की बैंक की रणनीति का एक और कदम है। उन्होंने कहा कि अपने व्यापक वितरण नेटवर्क और मजबूत डिजिटल चैनलों के माध्यम से, बंधन बैंक वास्तव में एक सार्वभौमिक बैंक के रूप में उभरा है, जो सभी भारतीयों की विविध वित्तीय जरूरतों को पूरा करता है, चाहे वे कहीं भी हों, उन्हें जो भी उत्पाद या सेवाएं चाहिए, और लेनदेन का कोई भी तरीका हो।

# क्रेडिट गारंटी की सीमा 2 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी योजना को नया रूप देने के लिए सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) ने 1 करोड़ रुपये तक के ऋण के लिए वार्षिक गारंटी शुल्क 2 प्रतिशत प्रति वर्ष की सर्वोच्च दर से लेकर 0.37 प्रतिशत प्रति वर्ष तक कमी के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2023-24 में, 1 अप्रैल, 2023 से सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी योजना को फिर से शुरू करने की घोषणा की। इसमें अतिरिक्त संपाश्विक-मुक्त गारंटीकृत क्रेडिट को सक्षम करने के लिए कॉर्पस में 9 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया गया। अधिकारियों ने कहा कि इसके परिणामस्वरूप कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। माइक्रो एंड स्मॉल एंटरप्राइजेज (सीजीटीएमएसई) के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट के कोष में 30 मार्च, 2023 को 8,000 करोड़ रुपये की राशि डाली गई है। सीजीटीएमसई ने अधिकतम से 1 करोड़ रुपये तक के ऋण के लिए वार्षिक गारंटी शुल्क में कमी के संबंध में दिशानिर्देश जारी किए हैं। 2 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से कम से कम 0.37 प्रतिशत प्रति वर्ष। इससे सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए ऋण की समग्र लागत काफी हद तक कम हो जाएगी। इसके अलावा, गारंटी के लिए सीमा की सीमा को 2 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये कर दिया गया है। 10 लाख रुपये तक के बकाया ऋण की गारंटी के संबंध में दावों के निपटान के लिए अब कानूनी कार्यवाही शुरू करने की आवश्यकता नहीं होगी। अधिकारियों ने कहा कि सीजीटीएमएसई ने वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान एक लाख करोड़ रुपये की गारंटी को मंजूरी देने के मील के पत्थर के आंकड़े को छूकर एक नया मील का पत्थर बनाया है।

## बजाज ने 'ड्यूरामरीन पंप' की पेशकश की

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख कंज्यूमर एप्लायंसेस ब्रांड, बजाज ने इस गर्मी में कूलर्स की उभरती हुई मांगों को देखते हुए, अपने लेटेस्ट एयर कूलर्स की रेंज की पेशकश की है, जो कि 'ड्यूरामरीन पंप' से लैस है। ब्रांड ने एयर कूलर में बड़ा बदलाव लाने पर ध्यान केंद्रित किया है, जिसमें नियमित पम्प्स से कई गुना बेहतर और वैज्ञानिक रूप से डिजाइन किए गए पंप के साथ नवाचार शामिल है। होम एप्लायंसेस के नए पोर्टफोलियो के हिस्से के रूप में उच्च स्थिरता, आकर्षक और कम रखरखाव वाली यह नई रेंज, टिकाऊ होने का वादा करती है। ब्रांड की कंज्यूमर रिसर्च स्टडी से यह स्पष्ट होता है कि ग्राहक, पंप की वजह से होने वाली विफलताओं के कारण एयर कूलर के टूटने को जिम्मेदार ठहराते हैं।

# आधार प्रमाणित लेनदेन 13 फीसदी से ज्यादा बढ़ा, 226 करोड़ को पार किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



यूआईडीएआई ने कहा कि फरवरी में आधार प्रमाणित लेनदेन पिछले महीने की तुलना में 13 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 226 करोड़ को पार कर गया। अकेले फरवरी में, 226.29 करोड़ आधार प्रमाणीकरण लेनदेन निष्पादित किए गए, जनवरी में यह 199.62 करोड़ था, यानी फरवरी में जनवरी की तुलना में 13 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि। संचयी रूप से, फरवरी 2023 के अंत तक संचयी रूप से 9,255.57 करोड़ आधार प्रमाणीकरण लेनदेन निष्पादित किए गए हैं। जबकि अधिकांश प्रमाणीकरण लेनदेन संख्या उंगलियों के निशान का उपयोग करके किए गए, इसके बाद ओटीपी का उपयोग है। फरवरी में 10.97 मिलियन से अधिक मोबाइल नंबरों को आधार से जोड़ा गया, जो पिछले महीने की तुलना में 93 प्रतिशत अधिक था। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के अनुसार, जबकि 5.67 मिलियन मोबाइल नंबर निवासियों के आवेदन के बाद जोड़े गए थे, फरवरी में संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। यह उछाल यूआईडीएआई के निरंतर प्रोत्साहन, सुविधा और विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाने, अपने मोबाइल नंबर को अपडेट रखने के लिए लोगों की इच्छा का संकेत है। आधार के उपयोग के लिए लगभग 1,700 केंद्रीय और राज्य सामाजिक कल्याण प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) और सुशासन योजनाओं को अधिसूचित किया गया है।

# आज से महंगा होगा एक्सप्रेस-वे पर सफर करना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अगर आप यात्रा के लिए राष्ट्रीय राजमार्गो या एक्सप्रेसवे का इस्तेमाल करते हैं तो अब आपको अपनी जेब कुछ ज्यादा ढीली करनी पड़ेगी। एक्सप्रेसवे और नेशनल हाईवे पर अगले महीने से गाड़ी चलाना और महंगा हो जाएगा। कल यानी 1 अप्रैल से ऐसी कई सड़कों पर टोल टैक्स बढ़ाने की तैयारी है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एचएचएआई) के मुताबिक, पूरे भारत में टोल शुल्क में सात प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की जा रही है, जिससे सड़क मार्ग से यात्रा करना थोड़ा महंगा हो जाएगा। 2022 में टोल टैक्स की सीमा 10 से 15 फीसदी के बीच बढ़ाई गई थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अब छोटी दूरी के लिए 10 फीसदी अतिरिक्त किराया देना होगा। एनएचएआई ने कहा कि हाल के दिनों में एक्सप्रेसवे और राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलने वाले वाहनों की संख्या में बढ़ोतरी को देखते हुए टोल टैक्स बढ़ाने का फैसला लिया गया है। टोल शुल्क में बढ़ोतरी, जो 3.5 प्रतिशत से 7 प्रतिशत के बीच है, इस पर आधारित है कि किस मार्ग पर ज्यादा ट्रैफिक देखा जा रहा है। एनएचएआई ने कहा कि दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर दिल्ली में सराय काले खां से मेरठ के बीच के खंड में चार पहिया वाहनों की संख्या ज्यादा है। एक्सप्रेसवे पर इस सेक्शन के लिए टोल शुल्क में पांच रुपये की बढ़ोतरी होगी। इसी तरह दिल्ली से हापुड़ के बीच गाड़ी चलाने पर टोल टैक्स में 6.45 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है।

## विदेश

## NEWS इन ब्रीफ

### राकेट छांग चेंग नम्बर दो-से चार उपग्रह सफलता पूर्वक लॉन्च

**बीजिंग।** 30 मार्च की रात को चीन ने थाई युएन उपग्रह लॉन्च केंद्र से राकेट छांग चेंग नम्बर दो-चार से सफलता से हांगथू-1 समूह 01 उपग्रहों को लॉन्च किया। उपग्रह सुचारू ढंग से कक्षा में प्रवेश हुआ। इस बार का लॉन्च मिशन सफल रहा है। इस मिशन के चार उपग्रह एक मुख्य उपग्रह और तीन सहायक उपग्रहों से बने हैं। कक्षा में उपग्रहों का यह समूह दुनिया का पहला पहिया उपग्रह गठन निर्माण करता है। चार उपग्रह अंतरिक्ष में उड़ते पहियों की तरह हैं। पारंपरिक इंटरफेरोमेट्रिक उपग्रह प्रणाली की तुलना में, पहिया गठन में अपेक्षाकृत स्थिर गठन विन्यास और उच्च सर्वेक्षण और मानचित्रण दक्षता के फायदे हैं।

### सीरियाई वायु रक्षा ने मार गिराई इजरायली मिसाइल

**दमिश्क।** सीरियाई वायु रक्षा प्रणाली ने शुक्रवार को दमिश्क में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने वाले ज्यादातर इजरायली मिसाइल हमले किए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय मीडिया ने कहा कि बलों ने दमिश्क और उसके आसपास के क्षेत्रों में अधिकांश मिसाइलों को मार गिराया। सीरियाई सेना ने एक बयान में कहा कि इजरायली सेना ने दमिश्क के ग्रामीण इलाकों में सैन्य स्थलों को निशाना बनाकर गोलन हाइट्स से अपना हमला किया, जिसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। शिन्हुआ पत्रकारों ने हमले और वायु रक्षा प्रतिक्रियाओं के बीच दमिश्क में कई विस्फोटों को सुना। 24 घंटे में यह दूसरा हमला है। गुरुवार आधी रात के बाद, इजराइल ने मिसाइल हमला किया, जिसमें दो सैनिक घायल हो गए और नुकसान हुआ। इजरायल ने हाल के वर्षों में सीरिया के सरकार-नियंत्रित हिस्सों के अंदर लक्ष्य के खिलाफ सैकड़ों हवाई हमले किए हैं।

# नॉर्थ कोरिया से अनाज के बदले हथियार लेगा रूस



**एजेंसी। मॉस्को**

यूक्रेन जंग में हथियारों की कमी को पूरा करने के लिए अमेरिका अब नॉर्थ कोरिया की मदद लेने वाला है। अमेरिका की नेशनल सिक्योरिटी के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने ये दावा किया है। किर्बी के मुताबिक रूस नॉर्थ कोरिया को हथियारों के बदले अनाज देने वाला है। दोनों देशों के बीच इसे लेकर जल्द ही एक डील हो सकती है। जॉन किर्बी ने कहा है कि दोनों देशों के बीच ये डील करवाने के लिए रूस एक डेलिगेशन को नॉर्थ कोरिया भेजेगा। उन्होंने बताया अमेरिका इस संभावित डील पर लगातार नजर बनाए हुए है। इससे पहले अमेरिका ने स्लोवाकिया के आदमी पर आरोप लगाए थे कि वो यूक्रेन में जंग लड़ने के लिए रूस को नॉर्थ कोरिया से हथियार दिलवा रहा है। गुरुवार को अमेरिका ने एशोत माक्रचेव नाम के इस युवक पर सेंक्शन्स यानी पाबंदियां भी लगा दी थी। अमेरिका ने आरोप लगाया था कि एशोत ने 2022 के अंत और 2023 के शुरूआती महीने में रूस और नॉर्थ कोरिया के बीच हथियारों को लेकर एक डील कराई थी। नॉर्थ कोरिया को रूस में हथियार पहुंचाने के बदले कैश, कॉमर्शियल एयरक्राफ्ट और कच्चा माल दिया गया था। इइउ की रिपोर्ट के मुताबिक नॉर्थ कोरिया में 1990 के दशक में खतरनाक अकाल पड़ा था। तब से वहां पर खाने की कमी है। फरवरी में एक्सपर्ट्स ने चेताया था कि अनाज के उत्पादन में कमी होने की वजह से नॉर्थ कोरिया में खाने का संकट गहरा गया है।

# तुर्की की संसद ने फिनलैंड की नाटो सदस्यता बोली को दी मंजूरी

**एजेंसी। अंकारा**



तुर्की की संसद ने नाटो का 31वां सदस्य बनने के फिनलैंड के दावे को आधिकारिक तौर पर मंजूरी दे दी है। तुर्की की राज्य द्वारा संचालित अनादोलु समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, नॉर्डिक राष्ट्र के सैन्य गठबंधन का हिस्सा बनने के पक्ष में गुरुवार को 276 वोट पड़े।वोट का मतलब है कि नाटो के सभी 30 मौजूदा सदस्यों ने अब फिनलैंड के शामिल होने की पुष्टि कर दी है। पिछले फरवरी में यूक्रेन पर रूस के युद्ध की शुरूआत के बाद अपनी सैन्य गुटनिरपेक्षता को छोड़कर, फिनलैंड और स्वीडन ने औपचारिक रूप से मई में नाटो में शामिल होने के लिए आवेदन किया था। लेकिन 70 से अधिक वर्षों से नाटो के सदस्य तुर्की ने दोनों नॉर्डिक देशों को गठबंधन में शामिल होने के लिए पीकेके और फेतुल्ला आतंकवादी संगठन (एफईटीओ) जैसे आतंकवादी समूहों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने के लिए कहा। जून में, फिनलैंड और स्वीडन ने अंकारा की सुरक्षा चिंताओं को दूर करने के लिए तुर्की के साथ एक ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, और तब से तीनों देशों के वरिष्ठ राजनयिकों और अधिकारियों ने त्रिपक्षीय समझौते के कार्यान्वयन पर चर्चा करने के लिए विभिन्न बैठकें की हैं। स्वीडन ने पिछले नवंबर में एक आतंकवाद विरोधी कानून पारित किया, उम्मीद है कि अंकारा नाटो में शामिल होने के लिए स्टॉकहोम की बोली को मंजूरी देगा। नया कानून, जो 1 जून से लागू होगा, अधिकारियों को आतंकवादी समूहों का समर्थन करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति देगा। तुर्की ने इस महीने की शुरूआत में कहा था कि वह संसद में फिनलैंड की नाटो सदस्यता की प्रक्रिया को मंजूरी देगा। तुर्की ने कहा कि फिनलैंड ने सदस्यता हासिल करने के लिए जो आवश्यक था वह किया, जबकि स्वीडन को अभी भी कुछ काम करना बाकी है।

# रिचर्ड वर्मा बने अमेरिकी विदेश विभाग के सीईओ

**एजेंसी। वाशिंगटन**



भारतीय मूल के रिचर्ड वर्मा को अमेरिकी विदेश विभाग के मुख्य अधिशासी अधिकारी (सीईओ) जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। 54 साल के रिचर्ड भारत में अमेरिका के राजदूत भी रह चुके हैं। अमेरिकी सीनेट ने वर्मा को विदेश मंत्रालय में बड़ा दायित्व सौंपा है। रिचर्ड को अमेरिकी सीनेट ने विदेश विभाग में प्रबंधन व संसाधन मामलों का उपसचिव बनाया है। अमेरिकी सरकार के इस शक्तिशाली दायित्व को विदेश विभाग का सीईओ भी कहा जाता है। अमेरिकी सीनेट में रिचर्ड के चयन पर हुए मतदान में 67 सदस्यों ने उनके पक्ष में और 26 ने विरोध में मतदान किया। अंततः 67-26 मतों रिचर्ड की नियुक्ति का पथ प्रशस्त हुआ। रिचर्ड 16 जनवरी, 2015 से 20 जनवरी, 2017 तक भारत में अमेरिका के राजदूत के रूप में काम कर चुके हैं। वे इस समय मास्टरकार्ड में मुख्य कानूनी अधिकारी और वैश्विक सार्वजनिक नीति के प्रमुख हैं। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में वर्मा ने विधायी मामलों के राज्य के सहायक सचिव के रूप में कार्य किया। रिचर्ड वर्मा अमेरिका के सीनेटर हैरी रीड के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार भी रहे हैं। इसके अलावा वह डेमोक्रेटिक पार्टी के व्हिप, अल्पसंख्यक नेता और अमेरिकी सीनेट के तत्कालीन बहुमत के नेता रह चुके हैं। उन्होंने द एशिया ग्रुप के वाइस चेयरमैन, स्टेप्टो ऐंड जॉनसन एलएलपी में पार्टनर और सीनियर काउंसलर और अलब्राइट स्टोनब्रिज ग्रुप में सीनियर काउंसलर के रूप में भी काम किया है।

## जनसभा | पूर्व पाक पीएम ने अपने नर्व डैमेज को लेकर किया खुलासा

# मैं अभी भी ठीक से नहीं चल सकता

**एजेंसी। इस्लामाबाद**



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने लाहौर में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सरकार पर जमकर निशाना साधा। बता दें कि पैरों में गोली लगने के पीटीआई अध्यक्ष ने चार महीने से अधिक समय बाद यह रैली की। इस दौरान इमरान खान ने शहर के लोगों का मीनार-ए-पाकिस्तान मैदान में रैली को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। बुलेटप्रूफ स्क्रीन के पीछे से बोलते हुए खान ने पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के लिए एक रोडमैप पेश किया। इसके साथ ही शहबाज शरीफ की पीएमएल-एन के नेतृत्व वाली सरकार पर जमकर हमला किया। रैली के बाद उन्होंने द इंडिपेंडेंट के साथ एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि हत्या की पूरी कोशिश की गई लेकिन ऐसा हो नहीं पाया। लेकिन दाहिने पैर में गोली लगने के बाद ज्यादा नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि जांघ में लगी दो गोली के घाव भर गए हैं। एक तीसरी गोली ने उसकी पिंडली की हड्डी को तोड़ दिया है जिसने नर्व को डैमेज कर दिया है। गौरतलब है कि 3 नवंबर 2022 को पाकिस्तान के गुजरांवाला के अल्लाहवाला चौक पर पीटीआई प्रमुख पर फायरिंग हुई थी। गोलीबारी इमरान के कंटेनर के पास हुआ था। तब खान के पैर में गोली लगी थी।अपने पैरों के घाव को लेकर पीटीआई प्रमुख ने बताया कि मैं अभी भी ठीक से नहीं चल सकता, मेरे दाहिने पैर कभी कभी बेजान हो जा रहा है। दर्द बना रह रहा है हालांकि डॉक्टरों ने कहा है कि समय के साथ धीरे धीरे ठीक हो जाएगा। इन सब के बीच उन्होंने अपनी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कार्यकताओं से पाकिस्तान के पंजाब में चुनाव मोड में रहने के लिए कहा है, जहां इस साल के अंत में चुनाव होने हैं। मालूम हो कि अपने ऊपर हुए जानलेवा हमले के बाद इमरान खान ने कहा था कि मैं झुकने वाला नहीं हूं। शनिवार को हुई अपनी रैली को पीटीआई नेता ने ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि यह पाकिस्तान का सबसे ऐतिहासिक स्थल है और यह सबसे बड़ा स्थल है। यदि आप यहां रैली करते हैं, तो पूरा देश देखता है। इस रैली स्थल को भरने का मतलब है कि आपके पास भारी समर्थन है। और हमने ऐसा कर दिखाया है।

## कराची में फ्री का राशन लेने में भगदड़,12 की मौत, कई घायल

**कराची।** यहां फ्री के राशन को लेकर भगदड़ मचने की खबर आ रही है। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को मची भगदड़ के दौरान 12 लोगों की मौत हो गई है, हालांकि यह संख्या बढ़ भी सकती है। दर्जनों लोग घायल बताए जा रहे हैं। घटना कराची के नौरस चौराहे स्थित एक कारखाने की बताई जा रही है, जहां फ्री का राशन वितरित किया जा रहा था। इसी दौरान भदगड़ मच गई, जिसमें दर्जन भर लोगों की मौत हो गई। घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल था। घायलों को तत्काल इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## पेज एक के शेष

### हत्या के आरोपी...

उनका पुत्र सूरज कुमार सोनी घटनास्थल पर मौजूद नहीं था। विमल महतो का झड़प दूसरे सूरज कुमार सोनी उर्फ कल्लू के साथ हुआ था। आरोपी सूरज कुमार सोनी अब भी खुलेआम घूम रहा है। वह एक रेस्तरां में काम करता है। मीरा देवी का आरोप है कि मुख्य आरोपी उनके घर आकर धमकी भी देता है। परिवार को डराता-धमकाता है, लेकिन उनका बेटा निर्दोष होने के बाद भी 17 महीने से जेल में बंद है। महिला का आरोप है कि जब कभी वह थाने जाती है, वहां से उन्हें भगा दिया जाता है।

### दाहु और सुनील...

मांग एजेंसी से की थी। सुनील यादव भी पूछताछ में कभी एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ। जांच में यह बात सामने आई थी कि दाहू यादव की आपराधिक छवि का इस्तेमाल कर पंकज मिश्रा उससे प्रत्येक अवैध या वैध ट्रक से वसूली कराता था। साथ ही जलमार्ग के रास्ते अवैध पत्थर के परिवहन का पूरा कामकाज दाहू यादव ही संभालता था। दाहू यादव के बेटे राहुल यादव व पिता पशुपति यादव के खिलाफ भी ईडी ने गैर जमानती वारंट लिया है। राहुल व पशुपति को भी मनी लाउंड्रिंग के मामले में ईडी ने कई बार समन किया था, लेकिन दोनों ने मनी लाउंड्रिंग केस में ईडी को सहयोग नहीं किया, जिसके बाद ईडी ने दोनों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट लिया है। अवैध खनन के केस में पंकज मिश्रा की गिरफ्तारी के बाद रिम्स में उसकी बात प्रशासनिक, पुलिस अफसरों से कराने वाले सूरज पंडित और चंदन यादव को भी ईडी गिरफ्तार करेंगी। अक्टूबर 2022 में ईडी ने रिम्स में पंकज मिश्रा के पेइंग वार्ड में छापेमारी की थी, इसके बाद कई अन्य ठिकानों पर भी छापेमारी की गई थी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### आज रिहा हो सकते हैं नवजोत सिंह सिद्धू

**चंडीगढ़।** पंजाब कांग्रेस के पूर्व प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू, जो 1988 के रोड रेज मामले में अपने गृहनगर पटियाला की जेल में एक साल के सश्रम कारावास की सजा काट रहे हैं, शनिवार को समय से 45 दिन पहले रिहा होने की संभावना है। सिद्धू के हैंडल से शुक्रवार को किए गए एक ट्वीट में कहा गया, 'सभी को सूचित किया जाता है कि सरदार नवजोत सिंह सिद्धू को कल पटियाला जेल से रिहा कर दिया जाएगा। हालांकि, सेंट्रल जेल के अधिकारियों ने समय से पहले उनकी रिहाई की पुष्टि नहीं की है।

### आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला शख्स गिरफ्तार

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश पुलिस ने मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी और सत्तारूढ़ दल के अन्य नेताओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के लिए एक शख्स को गिरफ्तार किया है। कृष्णा जिले के गन्नवरम में पुलिस ने पोंडुरी कोटिरत्नम अंजन (34) को सोशल मीडिया पर अपमानजनक संदेश पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार किया। हालांकि, उन्हें गुरुवार शाम एक स्थानीय अदालत ने जमानत पर रिहा कर दिया।

### केरल में कांग्रेस नेतृत्व से सांसद के. मुरलीधरन खफा

**कोच्चि।** कांग्रेस के दिग्गज नेता के. करुणाकरण के बेटे के. मुरलीधरन ने गुरुवार को आयोजित वैकोम सत्याग्रह के शताब्दी समारोह में अपने साथ हुए व्यवहार पर निराशा व्यक्त की। एआईसीसी अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) द्वारा आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि थे। कोझिकोड जिले के बडागरा से लोकसभा सदस्य और केपीसीसी के पूर्व अध्यक्ष मुरलीधरन ने शुक्रवार को कहा कि समारोह में उन्हें दरकिनार कर दिया गया।

### शोपियां से दो हाईब्रिड आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में शुक्रवार को यूट्यूबर पत्रकार पर हुए आतंकी हमले में शामिल दो हाईब्रिड आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी के अनुसारः हमले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया और जांच के दौरान मौखिक और तकनीकी सबूतों के आधार पर कई संदिग्धों को पकड़ा गया था।

## ठग सुकेश ने सीएम केजरीवाल पर लगाए गंभीर आरोप

# चैट का ट्रेलर आने वाले हफ्ते में दिखाने का किया है वादा

### सुकेश ने केजरीवाल और जेल में बंद आप नेता सत्येंद्र जैन के बीच चैट का ट्रेलर दिखाने का किया है वादा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की मंडोली जेल में बंद कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर ने शुक्रवार को एक प्रेस बयान जारी कर सीएम केजरीवाल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सुकेश ने आने वाले सप्ताह में केजरीवाल और जेल में बंद आप नेता सत्येंद्र जैन के बीच चैट का ट्रेलर दिखाने का वादा किया है। केजरीवाल को संबोधित अपने हस्तलिखित पत्र में सुकेश ने लिखा कि आपके नाटक, कट्टर भ्रष्ट मानसिकता, झूठ और चालाकी की पोल खुल जाएगी।

चंद्रशेखर ने कहा है कि उनके पास केजरीवाल के साथ व्हाट्स एप्प और टेलीग्राम हुए चैट के 700 पेज हैं। जो शराब गेट कांड के आरोपियों में से एक को राजनीतिक कार्यालय, टीआरएस के पार्टी कार्यालय में केजरीवाल की ओर से भुगतान किए गए 15 करोड़ रुपये से संबंधित है। सुकेश ने लिखा था कि केजरीवाल ने कोड वर्ड 15 किलो घी का इस्तेमाल किया है। शराब नीति में आरोपी एक व्यक्ति को 15 करोड़ रुपये हैदराबाद के ऑफिस में दिए। यह रकम टीआरएस ऑफिस में खड़ी रेंज रोवर गाड़ी में बैठे व्यक्ति को दिए थे।


चंद्रशेखर ने उपरोक्त विवरण को एक टीजर बताते हुए लिखा कि चैट जारी करने के बाद केजरीवाल को अपना चेहरा दिखाने में शर्म आएगी। उन्होंने लिखा कि उपरोक्त सभी विवरण केवल एक टीजर हैं, लेकिन आने वाले सप्ताह में जब चैट जारी होगी, तो आपके पास (केजरीवाल जी) दिखाने के लिए कोई चेहरा नहीं होगा। उन्होंने आगे कहा कि वह जिस चैट का जिक्र कर रहे हैं, वह 700 पेज की चैट में से केवल एक है। अब तुम्हारी उलटी गिनती शुरू हो गई है मेरे भाई, मेरे परिवार को परेशान करना बंद करो। यह आखिरी बार है जो मैं तुमसे कह रहा हूं। मैं तुम्हें विश्वास दिलाता हूं कि मैं तुम्हें सत्ता की कुर्सी से हिलाकर रख दूंगा। तुम्हारे सारे गोलमाल और भ्रष्टाचार सबके सामने होगा, तैयार हो जाइए।

## पार्क में बैठी महिला को कार में खींचकर गैंगरेप

**बेंगलुरू।** बेंगलुरू के कोरमंगला थाना क्षेत्र में पुरुष मित्र के साथ पार्क में बैठी एक युवती को कुछ लोगों ने जबरन एक कार में खींच लिया और उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सतीश, विजय, श्रीधर और किरण के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, घटना 25 मार्च देर रात की है। युवती अपने पुरुष मित्र के साथ नेशनल गेम्स विलेज पार्क में बैठी थी। आरोपी व्यक्तियों ने उसके पुरुष मित्र को धमकी दी और युवती को कार में खींच लिया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि चलती कार में उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने कहा कि आरोपी कार को डोम्लुर, इंदिरानगर, अनेकल और नीस रोड पर ले गए और रात भर उसके साथ रेप किया। आरोपी बाद में 26 मार्च की तड़के उसे उसके घर के पास छोड़ गए। सुबह 4 बजे घर पहुंचने के बाद, पीड़िता को अस्पताल ले जाया गया और बाद में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

## इंदौर का बावड़ी कांड

# अब तक 36 की मौत



### बचाव और राहत कार्य में लगे हैं सेना के जवान

**एजेंसियां। इंदौर**

रामनवमी के मौके पर इंदौर में बावड़ी का छत टूटने से हुए हादसे में अब तक 36 लोगों की मौत हो चुकी है और 18 का उपचार जारी है। सेना के जवान राहत और बचाव कार्य में लगे हुए हैं। हादसा स्थल पर मौजूद भाजपा के विधायक आकाश विजयवर्गीय ने संवाददाताओं को बताया कि हादसे में अब तक 36 लोगों की मौत हो चुकी है और 18 लोग घायल हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान खुद मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों का हाल जाना और हादसे की जांच के आदेश दिए। मुख्यमंत्री चौहान शुक्रवार की सुबह इंदौर पहुंचे। उन्होंने उस स्थान का दौरा किया जहां हादसा हुआ था और उसके बाद अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल जाना। साथ ही उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में खुले पड़े कुएं, बावड़ी और बोरवेल को लेकर एक अभियान चलाया जाएगा, साथ ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले मुख्यमंत्री ने ऐलान किया था कि घटना में दिवंगत लोगों के परिजनों को पांच पांच लाख रुपए की राहत राशि प्रदान की जाएगी। घायलों के निः शुल्क उपचार के साथ 50 हजार प्रति घायल को राशि प्रदान की जाएगी।

## सिब्बल ने दिग्विजय की आलोचना की

### जर्मनी को दिग्विजय ने कहा था धन्यवाद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

निर्दलीय सांसद कपिल सिब्बल ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की 'राहुल गांधी के मामले पर ध्यान देने के लिए जर्मनी को धन्यवाद देने' के लिए आलोचना की और कहा, यहां आगे चलने के लिए बैसाखियों की जरूरत नहीं है। शुक्रवार को एक ट्वीट में, सिब्बल ने कहा : दिग्विजय सिंह, आपने भारत में लोकतंत्र से किस तरह समझौता किया जा रहा है, इस पर ध्यान देने के लिए बर्लिन को धन्यवाद दिया। मेरे विचार से हमें आगे चलने के लिए किसी बैसाखी की जरूरत नहीं है। हमें विदेशों से समर्थन की आवश्यकता नहीं है। हमारी लड़ाई हमारी अपनी है और इसमें हम साथ हैं। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने गुरुवार को राहुल गांधी की सजा और संसद से अयोग्यता पर टिप्पणी के लिए जर्मन विदेश मंत्री को धन्यवाद दिया।

जर्मन विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने पहली बार राहुल गांधी के मामले पर टिप्पणी की और कहा कि फैसला और संसद से राहुल के निलंबन पर उनके देश की नजर है। उन्होंने कहा कि अपील से पता चलेगा कि निलंबन का आधार है या नहीं। उनका देश न्यायिक स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक सिद्धांतों के मानकों की अपेक्षा करता है।

## एक ही परिवार के चार लोगों ने की आत्महत्या

**मंगलुरू।** कर्नाटक के मंगलुरु में एक लॉज में एक परिवार के चार सदस्यों ने कर्ज से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता शुक्रवार सुबह चला। पुलिस ने कहा कि लॉज में एक कमरा 27 मार्च को 30 मार्च तक के लिए बुक किया गया था। शुक्रवार सुबह जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो कर्मचारियों ने दरवाजा तोड़ दिया और अंदर परिवार के सदस्यों को मृत पाया।

# मैं ही मोदी, मैं ही ट्रंप...कोई मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकता

**एजेंसी। रायचूर (कर्नाटक)**

कर्नाटक के रायचूर जिले से भाजपा विधायक शिवराज पाटिल का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में बात करते हुए एक कथित ऑडियो क्लिप शुक्रवार को वायरल हो गया। क्लिप में पाटिल कहते हैं कि प्रधानमंत्री समेत कोई भी उनसे सवाल नहीं कर सकता, वह किसी कठपुतली की नहीं सुनेंगे। तीन मिनट के क्लिप में विधायक को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि, कोई मोदी या कोई नहीं है। मैं केवल शिवराज पाटिल हूं। मैं किसी भी साथी की बात नहीं मानूंगा। मुझे मोदी के दाहिने हाथ की परवाह नहीं है। मैं अकेली सेना हूं। मेरे पास कोई बायां या दायां नहीं है। मैं मोदी हूं। मैं ट्रम्प हूं। वे मुझे नहीं छेड़ सकते। उन्होंने कहाः मैं चुनाव हारूं या जीतूं मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। अगर दुनिया में कोई चिंतामुक्त व्यक्ति है, तो वह शिवराज पाटिल हैं। मैं भगवान की तरह हूं। मैं अपने लड़कों से रोज पैर छूने और आशीर्वाद लेने के लिए कहता हूं।

# दिल्ली नहीं होगी हिंदू राष्ट्र की राजधानी : राजा सिंह

### निलंबित बीजेपी विधायक के विवादित बोल, कहा- मुस्लिमों को वोटिंग राइट्स नहीं



**एजेंसी। हैदराबाद**

हैदराबाद के निलंबित बीजेपी विधायक टी राजा ने एक बार फिर से विवादित बयान दिया है। टी राजा ने कहा भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा तो इसकी राजधानी दिल्ली नहीं बल्कि मथुरा, काशी या अयोध्या होगी। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदू राष्ट्र में मुस्लिमों को वोट देने का अधिकार नहीं होगा। हैदराबाद में शोभा यात्रा के दौरान टी राजा ने ये बयान दिया है।

बीजेपी से विधायक चुने गए टी राजा सिंह अपने विवादित बयानों को लेकर अक्सर चर्चा में रहते हैं। बीजेपी ने विवादित बयान के चलते ही उन्हें निलंबित कर दिया था। बीते साल अगस्त में विधायक टी राजा को गिरफ्तार किया गया था।

टी राजा ने कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी को लेकर एक वीडियो अपलोड किया था। टी राजा ने फारूकी पर हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया था। वीडियो में टी राजा ने पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसके खिलाफ मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में विरोध जताया था।




## एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में टाइपकास्ट होने की बात पर खुलकर बोलीं पूजा डे



**रियलिटी** शो 'डेटिंग इन द डार्क' से अपनी शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस पूजा डे को आगे कामुक वेब सीरीज 'गंदी बात सीजन 5' में देखा गया, जिसमें उन्होंने एक समलैंगिक नंदिनी का किरदार निभाया था। एक्ट्रेस ने उस सीरीज के बाद एक बोल्ड जोन में टाइपकास्ट होने और उससे बाहर आने के बारे में बात की। एक्ट्रेस ने कहाः हर कोई कितना भी नकार ले, लेकिन हां, हमारी इंडस्ट्री में 'टाइपकास्टिंग' तो होती ही रहती है। 'गंदी बात' के बाद, मुझे केवल बोल्ड और घटिया कंटेंट के ऑफर मिले। ऐसा नहीं था कि मैं बोल्ड शोज नहीं करना चाहती थी, लेकिन मुख्य पैरामीटर, जो कि कहानी है, उन प्रोजेक्ट्स से गायब था। मुझे अच्छी खासी रकम भी मिल रही थी, लेकिन मैं ऐसा किरदार या प्रोजेक्ट कैसे कर सकती हूं जो मुझे सही नहीं लगते?

## 'भोला' ने की दमदार ओपनिंग



**अजय** देवगन की लास्ट रिलीज फिल्म 'दृश्यम 2' ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की थी। वहीं, अजय एक बार फिर रामनवमी के मौके पर एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'भोला' के साथ सिनेमाघरों में पहुंचे। इस फिल्म का रिलीज से पहले ही काफी बज था और 'भोला' को पहले दिन ऑडियंस ने सिर माथे पर बैठाया है। 'भोला' बने अजय देवगन की एक्टिंग से लेकर डायरेक्शन की जमकर तारीफ हो रही है। क्रिटिक्स ने तो फिल्म की काफी सराहना की ही है वहीं सोशल मीडिया पर भी लोगों ने 'भोला' को फुल पैसा वसूल फिल्म बताया है। इस बीच फिल्म की ओपनिंग डे की कमाई के शुरूआती आंकड़े भी आ गए हैं। 'भोला' ने पहले दिन टिकट खिड़की पर 11.20 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। हालांकि 'भोला' की पहले दिन की कमाई अजय की लास्ट रिलीज 'दृश्यम 2' के ओपनिंग कलेक्शन से कम है। दरअसल 'दृश्यम 2' ने रिलीज के पहले दिन 15.38 करोड़ रुपये बटोरे थे। मेकर्स को वीकेंड में फिल्म के कलेक्शन में और उछाल आने की उम्मीद है। भोला में अजय देवगन और तब्बू के अलावा, दीपक डोबरियाल, संजय मिश्रा, अमाला पॉल और गजराज राव सहित कई कलाकारों ने कमाल की एक्टिंग की है. ये फिल्म 2019 में रिलीज हुई तमिल फिल्म 'कैथी' की ऑफिशियल हिंदी रीमेक है।

## सजायाफ्ता | कैदी के रूप में अतीक का नंबर एलॉट

# बिल्ला 17052, करना होगा हाड़तोड़ काम

**एजेंसी। वड़ोदरा**



**उमेश** पाल अपहरण कांड में माफिया अतीक अहमद को सजा मिल चुकी है। इतने वर्षों तक खौफ पैदा कर राज करने वाले डॉन अतीक की उल्टी गिनती अब शुरू हो गई है। सजायाफ्ता कैदी के रूप में शुक्रवार को जेल प्रशासन ने अतीक का नंबर एलॉट कर दिया। साबरमती जेल में अतीक को अब इसी नाम से पुकारा जाएगा।

इसी के साथ माफिया को कैदी नंबर वाला कपड़ा भी दिया जाएगा और उसे पहनना होगा, जिनसे वह काफी दिनों से बचता आ रहा था। उसके सामने जेल मैनुअल के हिसाब से विभिन्न कार्यों की सूची सौंपी गई है। जो भी काम अतीक चुनेगा, उसे करना पड़ेगा।

प्रयागराज की एमपी एमएलए कोर्ट ने उमेश पाल अपहरणकांड में अतीक अहमद समेत तीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट के आदेश के बाद अतीक अहमद को पुलिस टीम ने बुधवार की रात करीब साढ़े आठ बजे साबरमती जेल में दाखिल करा दिया। इसके साथ ही पुलिस ने जेल प्रशासन को अतीक के आजीवन कारावास संबंधी प्रपत्र सौंपे। रात में अतीक को उसकी पुरानी बैरक में भेजा गया था।

साबरमती जेल अधिकारियों ने अतीक अहमद को सजायाफ्ता कैदी के रूप में बैरक आवंटित की। इसके साथ ही उसे 17052 का बिल्ला दिया गया। यानी अब वह कैदी नंबर 17052 के रूप में जाना जाएगा। अतीक को बता दिया गया कि जेल मैनुअल के हिसाब से उसे काम भी करना होगा। उसे विभिन्न कार्यों की लिस्ट सौंपी गई है। उससे कहा गया कि जो भी काम उसे आता है, वह बताए। उसी के हिसाब से उसे काम दिया जाएगा। अतीक की उम्र 60 साल से अधिक है। उसे बीमारियां भी हैं और वह पूर्व सांसद भी है। जेल सूत्रों के मुताबिक काम देते वक्त उसकी स्थितियों का ध्यान रखा जाएगा।

वहीं, अतीक अहमद को कैदियों वाली ड्रेस भी दी जाएगी। बृहस्पतिवार को ड्रेस के लिए उसकी नाप भी ली गई। जेल में हर समय वह कैदियों वाली ड्रेस में ही रहेगा। अतीक से मिलने जेल में कोई नहीं आया। सजायाफ्ता कैदी की लिखापढ़ी के दौरान जेल अधिकारियों ने उसे बुलाया था। औपचारिकताएं पूरी करने के बाद वह अपने बैरक में चला गया।

## 'हंटरः टूटेगा नहीं तोड़ेगा' में स्टंट करने के लिए ईशा देओल ने ली सुनील शेट्टी की मदद



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस ईशा देओल ने 'हंटर : टूटेगा नहीं तोड़ेगा' के सेट पर सभी स्टंट खुद करने के अपने अनुभव को साझा किया। ईशा ने कहा कि सुनील शेट्टी के साथ काम करने से उन्हें अपने एक्शन स्किल्स में सुधार करने में मदद मिली है। एक्ट्रेस ने कहाः सभी एक्शन सीक्वेंस मेरे द्वारा किए गए हैं। अन्ना के खिलाफ लड़ना, एक अद्भुत अनुभव था। उनसे बहुत कुछ सीखा है क्योंकि वह इसमें माहिर है। पहले भी अन्ना के साथ काम करने के चलते कंफर्ट जोन था। हमने प्रोजेक्ट के लिए शूटिंग के समय काफी मजे किए। उनके साथ एक्शन सीन शूट करने के लिए विशेष रूप से शानदार थे। मेरे मन में उनके लिए बेहद सम्मान है। ईशा, जिन्होंने 'कोई मेरे दिल से पूछे' से अभिनय की शुरुआत की, और बाद में 'धूम', 'काल', 'दस' और 'नो एंट्री' में काम किया, ने सीरीज में अपने किरदार के बारे में और जानकारी दी।

## 'सिटाडेल' के ट्रेलर में मैडेन और प्रियंका के मेमोरी लॉस पर फोकस

**आगामी** स्ट्रीमिंग सीरीज 'सिटाडेल' का एक नया ट्रेलर रिलीज हुआ है जो रिचर्ड मैडेन और प्रियंका चोपड़ा जोनस द्वारा निभाए गए दो पूर्व एजेंटों की कहानी को और गहराई से बताता है। उनके एक सहकर्मी द्वारा खराब व्यवहार करने के बाद उनकी याददाश्त चली जाती हैं, जिससे जासूसी एजेंसी का पतन हो जाता है। शो की कथा के अनुसार, नाम मात्र की स्वतंत्र वैश्विक जासूसी एजेंसी को मटिकोर के गुर्गों द्वारा नष्ट कर दिया जाता है। प्रियंका और रिचर्ड का चरित्र इन सब बातों से अंजान रहता है। फिर अचानक एक रात रिचर्ड के चरित्र को उनके पूर्व सहयोगी, बर्नार्ड ऑरलिक (स्टेनली टुकी) द्वारा ट्रैक किया जाता है, जिसे मोनिकोर को एक नई विश्व व्यवस्था स्थापित करने से रोकने के लिए उसकी मदद की सख्त जरूरत है।